आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 139 | उज्जैन, गुरुवार 04 जून, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण (अधिकमास) 4 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### डीके शिवकुमार कर्नाटक सीएम बने संविधान हाथ में लेकर ली शपथ

**बेंगलुरु।** डीके शिवकुमार ने बुधवार को बेंगलुरु के लोक भवन में कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस दौरान वे हाथ में संविधान रखे हुए थे। उन्हें 30 मई को कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना गया था। जी परमेश्वर ने नए डिप्टी चीफ मिनिस्टर पद की शपथ ली। इनके अलावा 12 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इनमें पूर्व सीएम सिद्धारमैया के एमएलसी बेटे यतींद्र सिद्धारमैया भी शामिल हैं। शिवकुमार, सिद्धारमैया की जगह राज्य की कमान संभालेंगे। सिद्धारमैया ने 28 मई को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। वे 20 मई 2023 से 28 मई 2026 तक मुख्यमंत्री रहे। नई कैबिनेट में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक भी शामिल हैं।

### ममता की टीएमसी टूटी, 58 विधायकों ने अलग गुट बनाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में ममता की टीएमसी में फूट पड़ गई है। सोमवार को पार्टी से निकाले गए विधायक ऋतब्रत बनर्जी को पार्टी के 58 बागी एमएलए ने विधायक दल का नेता घोषित किया। बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष रथींद्र बोस से मिलकर समर्थन पत्र भी सौंपा। जावेद खान, संदीपन साहा और सिउली साहा को उपनेता बनाया गया है। वहीं अखरुज्जमान को चीफ व्हिप बनाया गया है। हालांकि बागी गुट ने अपने पत्र में ममता बनर्जी को अब भी पार्टी अध्यक्ष बताया है। लेकिन अभिषेक बनर्जी का नेतृत्व और विधायक दल से जुड़े फैसलों को मानने से इनकार किया है। सोमवार को अभिषेक बनर्जी के लेटर हेड पर स्पीकर को भेजे गए पत्र में शोभनदेव को नेता विपक्ष बनाने का प्रस्ताव भेजा था।

### आमिर खान गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट से शादी कर सकते हैं



**5 जुलाई को मैरिज सेरेमनी होने का दावा आमिर की यह तीसरी शादी होगी**

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर आमिर खान और उनकी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट जल्द ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों इस साल 5 जुलाई को एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी करेंगे। इस शादी में कोई भव्य आयोजन या ग्रैंड रिसेप्शन नहीं रखा जाएगा। दोनों एक छोटे से साइनिंग सेरेमनी के जरिए अपने रिश्ते को ऑफिशियल करेंगे। आमिर खान ने साल 2025 में अपने 60वें जन्मदिन पर गौरी के साथ अपने रिलेशनशिप की बात मीडिया के सामने कन्फर्म की थी। आमिर खान की यह तीसरी शादी होगी। आमिर ने पहली शादी साल 1986 में फिल्म प्रोड्यूसर रीना दत्ता से की थी। साल 2002 में रीना से अलग होने के बाद आमिर ने साल 2005 में डायरेक्टर किरण राव से दूसरी शादी की थी। साल 2021 में किरण और आमिर का तलाक हो गया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आमिर और गौरी पिछले एक साल से भी ज्यादा समय से लिव-इन पार्टनर के तौर पर साथ रह रहे हैं। सोर्सेज के अनुसार दोनों एक साथ एक खुशहाल और स्टेबल जिंदगी बिता रहे हैं। अब दोनों ने अपने परिवार के लोगों की मौजूदगी में इस रिश्ते को कानूनी तौर पर आगे बढ़ाने का फैसला किया है। कपल की शादी बेहद निजी होगी जिसमें सिर्फ दोनों के परिवार के लोग और बेहद करीबी दोस्त ही शामिल होंगे।

**25 साल पुरानी दोस्ती प्यार में बदली-** आमिर खान और गौरी स्प्रैट एक-दूसरे को पिछले 25 सालों से जानते हैं। दोनों पहले काफी अच्छे दोस्त थे, जिसके बाद उन्होंने एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया। गौरी स्प्रैट का एक 7 साल का बेटा भी है। जब से आमिर और गौरी ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया है, तब से गौरी को अक्सर आमिर खान के साथ अलग-अलग इवेंट्स और मौकों पर साथ देखा जाता है।

### खान सर के कोचिंग सेंटर पर हमला मामले में ज्ञान बिंदु के डायरेक्टर रौशन आनंद गिरफ्तार

**पटना।** सुप्रसिद्ध खान सर के कोचिंग संस्थान पर हुए पथराव और तोडफोड़ मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में ज्ञान बिंदु कोचिंग संस्थान के डायरेक्टर रौशन आनंद समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पटना पुलिस ने तीनों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए लोगों से पहले लंबी पूछताछ की गई। इसके बाद उपलब्ध सबूतों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि मामले की जांच के दौरान मिले वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की गई है। पुलिस का आरोप है कि रौशन आनंद के कहने पर कुछ लोगों ने खान ग्लोबल स्टडीज कोचिंग संस्थान के बाहर पथराव, तोडफोड़ और मारपीट की घटना को अंजाम दिया।

### अमेरिका, भारत समेत 60 देशों पर नया टैरिफ लगाने की तैयारी में

**वॉशिंगटन।** एक ओर अमेरिका भारत के साथ व्यापारिक और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने की बात कर रहा है, वहीं दूसरी ओर ट्रंप प्रशासन भारत सहित कई देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की तैयारी कर रहा है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (यूएसटीआर) ने भारत समेत 60 देशों के खिलाफ नया शुल्क लगाने का प्रस्ताव जारी किया है। यूएसटीआर के अनुसार, इन देशों ने जबरन श्रम से निर्मित वस्तुओं के निर्यात पर प्रभावी प्रतिबंध लगाने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए हैं। अमेरिकी व्यापार कानून 1974 की धारा 301 के तहत की गई समीक्षा में यह पाया गया कि इन देशों की कुछ नीतियां और कार्यप्रणालियां अमेरिकी व्यापार पर अनावश्यक बोझ डालती हैं और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करती हैं।

---

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रधानमंत्री मोदी की मितव्ययता की अपील का लगातार कर रहे पालन

# डॉ. मोहन देश के पहले सीएम, जिन्होंने काफिले में शामिल की ईवी

## कंपनी का दावा- एक बार चार्ज करने पर चलेगी 500 किमी, कार का नंबर विकसित भारत 2047 के प्रतीक जैसा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल





प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मितव्ययता की अपील का लगातार पालन कर रहे हैं। इसके मद्देनजर उन्होंने 3 जून को बड़ा फैसला किया। वे देश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री बन गए हैं, जिन्होंने अपने काफिले में इलेक्ट्रिक व्हीकल शामिल किया है। दरअसल, मुख्यमंत्री के काफिले में अब महिंद्रा कंपनी की ईवी 9ई इलेक्ट्रिक कार शामिल की गई है। कंपनी के दावे के मुताबिक यह कार एक बार चार्ज करने पर 500 किमी का सफर तय करती है। सीएम डॉ. यादव इस ईवी से मुख्यमंत्री निवास से स्टेट हैंगर भोपाल तक गए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की नई कार को एमपी-02-वीबी-2047 नंबर मिला है। इस नंबर में वीबी का अर्थ विकसित भारत से लगाया जा रहा है। जबकि, 2047 को प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य के प्रतीक के तौर पर देखा जा रहा है। कार में 360 डिग्री कैमरा सहित सारी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। इस कार से सफर करके मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे। गौरतलब है कि इसके ड्राइवरों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दौरे के दौरान मितव्ययता का लगातार ध्यान रख रहे हैं। हाल ही में उन्होंने इंदौर में एचआर ग्रीन से राजवाड़ा तक स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ टेम्पो ट्रेवलर बस में सफर किया। उससे पहले सिंगरौली दौरे के दौरान वे टूरिस्ट बस में बैठकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे थे। बता दें, पहले सीएम डॉ. यादव के काफिले में गाड़ियों की संख्या को भी घटाकर कम कर दिया गया है।

### पर्यावरण संरक्षण और सौर ऊर्जा पर सीएम डॉ. मोहन का फोकस

बता दें, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर्यावरण संरक्षण और सौर ऊर्जा को लेकर काफी संवेदनशील हैं। इन दोनों के लिए वे नई-नई योजनाओं पर काम कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने अलग-अलग जगह गिद्धों और मगरमच्छों को छोड़ा। उनका मानना है कि कोई भी विकास बिना पर्यावरण संरक्षण के अधूरा है। वे मानते हैं कि सौर ऊर्जा से उत्पन्न विकल्प देश-दुनिया को विकास का नया मार्ग दिखा सकते हैं।

# दिल्ली में 6 मंजिला होटल में आग, 21 की मौत

## मरने वालों में ज्यादातर 17 विदेशी नागरिक जो बांग्लादेश और अफ्रीकी देशों के







एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के मालवीय नगर के फ्लरिश स्टे होटल में बुधवार को आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 17 विदेशी नागरिक हैं। जो बांग्लादेश और अफ्रीकी देशों के हैं।

दिल्ली फायर सर्विस और स्थानीय लोगों के मुताबिक, मालवीय नगर में मौजूद इस होटल के रेस्टोरेंट में सुबह 8.50 बजे आग लगी। आग ऊपरी मंजिलों पर बने कमरों और बेसमेंट तक पहुंच गई। चीफ फायर ऑफिसर अभिलाष मलिक ने कहा, फायर टीम ने यहां से 37 लोगों को बाहर निकाला। बिल्डिंग की फायर एनओसी नहीं थी। होटल में 25 कमरे हैं। वहीं, हादसे के वीडियो में कुछ लोग जान बचाने के लिए जलती हुई इमारत की तीसरी-चौथी मंजिल से कूदते नजर आ रहे हैं। इन्हें बचाने के लिए स्थानीय लोगों ने जमीन पर गद्दे भी बिछाए थे। बेसमेंट से भी 6 से ज्यादा लोगों को निकाला गया। 40 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। कई लोगों की हालत गंभीर है। आग लगने की वजह का अब तक पता नहीं चल पाया है।

पीएम मोदी ने हादसे पर शोक जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजन को 2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद ने कहा कि जांच की जा रही है कि इमारत को गेस्ट हाउस के तौर पर इस्तेमाल की इजाजत थी या नहीं। अगर किसी तरह की लापरवाही या नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### अलजजीरा ने लिखा- भारतीय इमारतों में सुरक्षा इंतजाम नहीं



कतर के अल जजीरा ने लिखा- भारत में आग लगने की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। कई इमारतों में सुरक्षा के जरूरी इंतजाम पूरे नहीं होते, इसलिए जब आग लगती है तो बड़ा नुकसान होता है और लोगों की जान भी चली जाती है।

### होटल में 6 रूम की परमिशन थी, लेकिन 25 कमरे थे

फ्लरिस स्टे गेस्टहाउस को बेड एंड ब्रेकफास्ट कॉन्सेप्ट के तहत लाइसेंस जारी किया गया था। इसके तहत 6 रूम की परमिशन थी, लेकिन 25 कमरे बने थे। आग लगने के बाद होटल के रेस्टोरेंट के बेसमेंट में भी काफी लोग फंसे थे। इसमें अंदर जाने और बाहर निकलने का रास्ता एक ही था, जो बहुत संकरा था होटल के पास फायर एनओसी नहीं थी। आने-जाने का भी एक ही रास्ता था।

# प्रदेश में इस बार पूरे नौतपा में बारिश, ओले भी गिरे

## इंदौर और उज्जैन समेत 36 जिलों में आज अलर्ट, तापमान 40 डिग्री से नीचे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

ओले-बारिश और तेज आंधी की वजह से प्रदेश में लू का असर खत्म हो गया है। मंगलवार को प्रदेश के ज्यादातर शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे रहा। कहीं भी हीटवेव नहीं चली। ऐसा ही मौसम अगले 4 दिन बना रहेगा। मौसम केंद्र भोपाल ने बुधवार को इंदौर-उज्जैन समेत प्रदेश के 36 जिलों में तेज आंधी, बारिश का अलर्ट जारी किया है।

बता दें कि इस बार नौतपा के सभी 9 दिन तक प्रदेश में आंधी-बारिश हुई है। कई जिलों में ओले भी गिरे। इससे न सिर्फ लू का असर खत्म हुआ, बल्कि दिन-रात के तापमान में 10 डिग्री तक की गिरावट आई।

# सरकार ने सीबीएसई के चेयरमैन और सचिव को हटाया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने ऑन स्क्रीन मार्किंग विवाद के बीच सीबीएसई के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का ट्रांसफर कर दिया। इसके अलावा ओएसएम सर्विस के टेंडर और खरीद प्रक्रिया की जांच के लिए एक सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है।

इनकी जगह सरकार ने सीनियर आईएएस ऑफिसर लोखंडे प्रशांत सीताराम को नया चेयरमैन और वरुण भारद्वाज को सचिव नियुक्त किया है। ओएसएम प्रणाली में गड़बड़ी का खुलासा करने वाले 12वीं के छात्र सार्थक सिद्धांत बुधवार को दोपहर एक बजे संसद की स्थायी समिति के सामने पेश हुए। उन्होंने 7 पेज का प्रेजेंटेशन दिया। ऐसा पहली बार हुआ कि किसी मामले में कोई स्टूडेंट अपनी बात रखने के लिए बुलाया गया।

# प्रदेश को नए नेशनल हाईवे की सौगात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मोदी सरकार ने मध्यप्रदेश को नए नेशनल हाइवे की सौगात दी है। यह नेशनल हाइवे जुलवानिया-खंडवा बैतूल होकर जाएगा। इस हाईवे की एमपी में लंबाई 233.653 किमी होगी और इस पर 4415.50 करोड़ की लागत आएगी। एमपी को नेशनल हाइवे की यह सौगात मिलने के बाद आदिवासी क्षेत्रों और नर्मदा नदी से सटे इलाकों में विकास कार्यों में तेजी आएगी और रोजगार के अवसर भी बनेंगे। साथ ही पर्यटकों को भी नर्मदा नदी के आसपास के इलाकों को समझने में आसानी होगी। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि आदिवासी क्षेत्र खरगोन से खंडवा होते हुए निकलने वाले इस हाइवे के कारण यहां हर तरह के विकास कार्यों को बढ़ावा मिलेगा।

# कुवैत एयरपोर्ट पर ईरानी हमले में भारतीय की मौत, 63 लोग घायल

एजेंसी ▸▸ तेल अवीव



कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ईरानी ड्रोन हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई, जबकि 63 लोग घायल हैं। इनमें कई लोगों की हालत गंभीर है। कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने इस घटना पर शोक जताया है।

कुवैत के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, कई लोगों को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद 25 एम्बुलेंस मौके पर भेजी गईं और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। हमले से एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 को भारी नुकसान पहुंचा। इसके बाद सुरक्षा के मद्देनजर कुछ समय के लिए एयरपोर्ट ट्रैफिक रोक दिया गया। इससे पहले अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने बताया था कि ईरान ने कुवैत में मौजूद अमेरिकी सैनिकों पर फिर ड्रोन हमले किए। हालांकि, सारे हमले नाकाम हो गए।

# मप्र से राज्यसभा की रेस में कमलनाथ आगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

एमपी में राज्यसभा की तीन सीटों पर नामांकन 8 जून तक दाखिल किए जाएंगे। इनमें दो सीटों पर बीजेपी और एक सीट कांग्रेस के पास है। कांग्रेस के कब्जे वाली सीट पर उम्मीदवारों को लेकर दिल्ली में मंथन तेज हो गया है। दो दिनों में राज्यसभा के उम्मीदवारों के नाम तय होने की संभावना है। मौजूदा राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह तीसरी बार राज्यसभा जाने से मना कर चुके हैं। अब सीनियर लीडर्स में पूर्व सीएम कमलनाथ का नाम सबसे आगे है। हालांकि, कमलनाथ के मामले में सोनिया गांधी की भूमिका सबसे अहम होगी।

# अहमदाबाद में 166 बांग्लादेशी पकड़े गए

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने अवैध घुसपैठ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर के तीन इलाकों से 300 से ज्यादा संदिग्धों को हिरासत में लिया है। जांच में 166 बांग्लादेशी पाए गए हैं, जबकि अन्य संदिग्ध हैं, जिनके डॉक्यूमेंट्स की जांच की जा रही है। 2 जून की रात चलाए गए अभियान में अहमदाबाद पुलिस और क्राइम ब्रांच ने चंडोला, गुलाबनगर और खोडियारनगर क्षेत्रों में कार्रवाई की थी। हिरासत में लिए गए सभी लोगों को क्राइम ब्रांच कैंपस में रखा गया है। क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने बताया कि शहर के चंदोला इलाके में लगातार चलाए जा रहे अभियानों के चलते यहां बड़ी संख्या में रहने वाले अवैध निवासी एक ही जगह पर टिके रहने से बच रहे हैं। वे अब अपनी पहचान बदलकर शहर के अलग-अलग इलाकों में किराए के मकानों, झुग्गी-झोपड़ियों, होटलों, कामगारों के आवासों और व्यावसायिक स्थानों में रह रहे हैं।

# दुनियाभर में 3 महीने तक सूखे की आशंका

## भारत सरकार के निर्देश- राज्य तुरंत एक्शन प्लान लागू करें, 2 सिस्टम बने तो ही बारिश की उम्मीद

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



इस साल में भारत समेत दुनियाभर में सूखे की आशंका है। भारतीय मौसम विभाग के बाद विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने वैश्विक जलवायु को लेकर चेतावनी जारी की है।


संयुक्त राष्ट्र की इस मौसम एजेंसी के मुताबिक, प्रशांत महासागर में तेजी से गर्म हो रहे समुद्री जल के कारण जून से अगस्त के बीच अल नीनो बनने की आशंका 80% है। नवंबर तक इसके 90% या उससे ज्यादा बने रहने की आशंका है। इन सबके बावजूद भारत में 2 एक्टिव सिस्टम यानी इंडियन ओशन डायपोल और मैडेन-जूलियन ऑस्सिलेशन से मानसून बच सकता है। ये बादलों और हवाओं का एक ऐसा वैश्विक सिस्टम है तो भूमध्य रेखा पर घूमता रहता है। जब यह भारत के ऊपर से गुजरता है, तो कमजोर मानसून में भी भारी बारिश के स्पेल (दौर) लेकर आता है। मौसम विभाग के मुताबिक देश में मानसून के दौरान सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है।

### कृषि मंत्रालय ने राज्यों को तैयारी के निर्देश दिए

डब्ल्यूएमओ के मुताबिक, अल नीनो आगे चलकर और मजबूत हो सकता है। इससे भारत समेत दुनियाभर में सूखा, बाढ़, समुद्री-स्थलीय हीटवेव और मौसम के खतरनाक रूप देखने को मिल सकते हैं। इस बीच कृषि मंत्रालय ने राज्यों और संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया है कि सामान्य से कम मानसून और अल नीनो की आशंका को देखते हुए जिलास्तर पर प्लान लागू करें। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि साथ ही किसानों तक जल्दी जानकारी पहुंचाने के लिए डिजिटल और कॉल सेंटर सेवाओं को मजबूत करें।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

# समस्या निदान को लेकर हर्षित भूमिपूत्र

दशकों की समस्या का निदान होता देख क्षेत्र का भूमिपूत्र हर्षित है। पास के जिले में इसका सफल प्रयोग हो चुका है। दक्षिण अफ्रीकी देश से आए विद्वतों की देखरेख में पास के जिले में जब समस्या से निजात दिलवाई गई और गिनती के ही उजाडू वन्यजीव बचे तो भूमिपुत्रों को यकीन हो गया कि अब मूल विभाग सही और तौर तरीके वाली योजना पर आया है। इसके बाद क्षेत्र में दूसरा प्रयोग धर्मनगरी के जिले में किया जा रहा है। अभी दावे तो बहुतेरे किए जा रहे हैं, उनकी सफलता पर संदेह भी नहीं है। धर्मनगरी के जिला मुख्यालय की तहसील से ही इसकी शुरूआत की जा रही है। वन्यजीवों को पकड़ने के लिए संबंधित प्रणाली के तहत एक पूरा बाड़ा भी बना दिया गया है। इस समस्या को लेकर पिछले 3 दशकों से भूमिपुत्र कई बार आंदोलन कर चुका है। धर्मनगरी के पश्चिमी छोर की तहसील में यह समस्या विकराल स्थिति में है। हर वर्ष मानसून एवं ठंड के मौसम में इन वन्यजीवों के कारण अनेक लोग हताहत होते हैं और कई तो काल कवलित हो चुके हैं। पूर्व में इन्हें पकड़ने के लिए तमाम प्रयास किए गए और उनका खर्च भी जमकर आया था। यही नहीं सफलता भी कोसों दूर नजर आई थी। इस बार सफलता नजदीक है और खर्च कम है। यहां तक की पास के जिले में तो और उडनखटोले का उपयोग हांका लगाने में किया गया था लेकिन धर्म नगरी के जिले की मुख्यालय तहसील में तो उसका उपयोग भी नहीं किया जा रहा है। पुरातन पद्धति का अनुशरण करते हुए ग्रामीणों को सीधा इससे जोडते हुए हांका लगवाया जाएगा और सीधे बाडे में इन्हें घेर दिया जाएगा। वहां से इन्हें ट्रकों में भरकर सीधे राष्ट्रीय उद्यान एवं अभ्यारण्यों में भेजा जाना है। क्षेत्र के किसानों ने भी योजना को जानकर पूरे सहयोग के लिए अपने आप को तैयार कर लिया है। अब इस पर अमल होने वाला है। बहुत जल्द हांका होगा और फसल उजाडू जीवों को बाड़ा में घेरकर उन्हें वहां से सीधे बाहर भेज दिया जाएगा। इससे भूमिपूत्रों की फसलों में होने वाले नुकसान को रोका जा सकेगा। खुसुर-फुसूर है कि जब पिछल वर्ष पास के जिले में यह पूरी योजना सफल हो चुकी थी तो फिर इसके अन्य जिलों में अमल को लेकर इतनी देरी क्यों की गई। इससे संबंधित विभाग के जिम्मेदारों ने तत्काल ही इस पर अन्य जिलों में अमल के लिए निर्णय क्यों नहीं लिए। एक बार फिर से फसल बोवनी होने वाली है और प्रदेश के पश्चिमी हिस्से के करीब 16 से अधिक जिलों में इस समस्या के निदान के लिए अभी शुरूआती दौर ही चलाया जा रहा है। एक साथ अगर इसे सभी जिलों में किया जाता तो कई सारे लाभ भी होते और गर्मी के मौसम में पानी के स्थानों के आसपास इसे किया जाता तो स्वतः ही जानवर वहां आकर उलझ जाता। देर आयद दुरूस्त आयद की स्थिति में इस बार की फसल भी अनेक जिलों में ये उजाडू जीव अपने काम से उजाड ही देंगे। वैसे इस बार की फसल बचाई जा सकती थी।




## न्यूज कॉलम

### उज्जैन में बढ़ी संख्या में प्रॉपर्टी की मालकिन बन रही महिलाएँ

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश में महिलाओं के नाम पर प्रापर्टी की रजिस्ट्री करवाने पर दो प्रतिशत की छूट पंजीयन शुल्क में निर्धारित है। इसके बेहतर परिणाम देखने को मिल रहे हैं। बीते एक साल में उज्जैन में लगभग 200 करोड़ रुपए की जमीन, फ्लैट, घर, खेत व दुकान की सिर्फ महिलाएं मालकिन बनी हैं। उल्लेखनीय है कि पंजीयन शुल्क और टैक्स में मिल रही छूट ने महिलाओं को आर्थिक रुप से मजबूत बनाया है। इसमें उज्जैन की महिलाएँ भी पीछे नहीं हैं। वर्तमान में शहर में 45 प्रतिशत रजिस्ट्रियाँ महिलाओं के नाम पर की जा रही हैं। ऐसे में महिलाएँ प्रापर्टी खरीदने में पुरुषों के बराबर पहुँच गई हैं। दरअसल, शासन ने छह अप्रैल 2021 को आदेश जारी कर महिलाओं के नाम प्रॉपर्टी खरीदने पर दो प्रतिशत छूट दी है। यह छूट नगर निगम में 10.50 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में 7.5 प्रतिशत रजिस्ट्री कराने पर मिलती है। जबकि, यदि पुरुषों के नाम पर शहरी क्षेत्र में रजिस्ट्री कराई जाती है तो 12.5 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में 9.5 प्रतिशत तक स्टांप शुल्क जमा करना पड़ता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में लगभग 70 हजार दस्तावेज पंजीकृत हुए हैं। इनमें से लगभग 25 से 30 हजार दस्तावेज केवल महिलाओं के नाम पर दर्ज कराए गए हैं। यह आंकड़ा हर साल बढ़ रहा है। या यूं कहा जा सकता हैं कि अचल संपत्तियों पर महिलाओं का मालिकाना हक बढ़ रहा है। अच्छी बात ये है कि महिलाओं के नाम पर संपत्ति बुक कराकर उज्जैन शहर के लोगों ने 75 करोड़ की छूट का लाभ भी उठाया है। संपत्ति की रजिस्ट्री को लेकर इस कदर भीड़ रही कि छुट्टी का दिन होने के बावजूद उज्जैन के पंजीयन कार्यालय में रविवार को भी काम हुआ। जिला पंजीयन विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिले में महिलाओं और पुरुषों के नाम पर रजिस्ट्री का रेशो 40 और 45 प्रतिशत है। जो कम ज्यादा होता रहता हैं।

### अधिकमास में निगम द्वारा की गई धर्मस्थलों पर विशेष व्यवस्थाओं को महापौर ने परखा

# कमजोर सफाई और मिला दुकानदारों का अतिक्रमण

## रुद्र सागर क्षेत्र में दुकानदारों का अतिक्रमण तत्काल हटवाया गया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पुरूषोत्तम मास में नगर निगम द्वारा सप्तसागरों पर श्रद्धालुओं के लिए की गई विशेष व्यवस्थाओं में आ रही बाधाओं को बुधवार को महापौर मुकेश टटवाल ने देखा है। उन्होंने तत्काल ही बाधाओं को दूर करवाया है। वे विष्णुसागर, रूद्रसागर क्षेत्र में नगर निगम की व्यवस्थाओं को परखने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान सफाई कमजोर मिली है। रूद्रसागर क्षेत्र में दुकानदारों का अतिक्रमण देखकर उन्होंने तत्काल ही श्रद्धालुओं के हित में अतिक्रमण को हटवाया है।



नगर निगम ने धार्मिक मास में सप्तसागरों पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से व्यवस्थाएं सुनिश्चित की है। श्रद्धालुओं के लिए छायादार टेंट, शामियाने, पानी के टैंकर लगाए गए हैं, जिससे कि यहां आने वाले श्रद्धालु सुविधाजनक रूप से पूजन कर सकें। श्रद्धालु निगम द्वारा की गई व्यवस्थाओं का लाभ लेते भी देखे जा रहे हैं। गर्मी एवं धूप में छायादार जगह उपलब्ध होने से श्रद्धालुओं को पूजन में सहायता मिल रही है।

### सफाई कमजोर, दुकानदारों का अतिक्रमण

बुधवार को महापौर सप्तसागरों के अंतर्गत विष्णुसागर एवं रुद्र सागर का निरीक्षण करने पहुंचे थे। रुद्र सागर पर निरीक्षण के दौरान महापौर द्वारा सफाई व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया। रुद्रसागर पर श्रद्धालुओं द्वारा जिस मार्ग से पूजन हेतु प्रवेश किया जाता है वहां पर दुकानदारों द्वारा लोहे के चद्दर एवं शेड लगाते हुए अतिक्रमण किया गया था जिसके कारण श्रद्धालुओं को आवागमन में समस्या हो रही थी। तत्काल अतिक्रमण गैंग के कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए अतिक्रमण को महापौर ने खड़े रहकर हटवाया। दुकानदारों को भी समझाइश दी गई कि अधिकमास के पर्व को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखें। दुकानों के बाहर टेबल कुर्सी ना रखें जिससे यातायात भी बाधित नहीं होगा और श्रद्धालु भी सुगमता पूर्वक पूजन कर सकेंगे।

### सफाई के लिए सभी से आग्रह

साथ ही अधिकमास के पर्व को ध्यान में रखते हुए सप्तसागरों के साथ-साथ अन्य धार्मिक स्थलों पर भी सफाई का विशेष ध्यान रखा गया है। महापौर द्वारा निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या ना हो इस बात का ध्यान रखें। इसी के साथ श्रद्धालुओं से भी निवेदन किया गया की उज्जैन शहर की सफाई व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सप्तसागरों पर गंदगी नहीं करें और निर्धारित स्थल पर ही पूजन सामग्री विसर्जित करें।

# वीडी मार्केट के सीवरेज के पानी से गोवर्धन सागर प्रदूषित, लगातार मर रही मछलियां

## ऑक्सीजन की कमी और दुर्गंध से क्षेत्रवासी परेशान, तालाब की सफाई की उठी मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगरकोट बुधवारिया स्थित गोवर्धन सागर तालाब में मछलियों के मरने का सिलसिला लगातार जारी है। तालाब का पानी दूषित होने और उसमें ऑक्सीजन की कमी होने के कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में मछलियां मर रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वीडी मार्केट क्षेत्र का सीवरेज का गंदा पानी गोवर्धन सागर में पहुंच रहा है, जिससे जल प्रदूषण बढ़ता जा रहा है और जलीय जीवों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।



पिछले कई दिनों से गोवर्धन सागर के किनारों पर मरी हुई मछलियां दिखाई दे रही हैं। बुधवार को भी कई मछलियां मृत अवस्था में तालाब के किनारे पड़ी मिलीं, जिन्हें बाहर निकालने का कार्य किया गया। हालांकि तालाब के पानी को शुद्ध करने और प्रदूषण रोकने के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

**गंदगी और दूषित पानी से बिगड़ रही स्थिति-** स्थानीय नागरिकों का कहना है कि तालाब में लगातार कचरा और गंदा पानी पहुंचने से उसकी स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। दूषित जल के कारण मछलियों को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पा रही है, जिससे उनकी मौत हो रही है। तालाब से उठ रही दुर्गंध ने आसपास के रहवासियों की परेशानी और बढ़ा दी है।

### क्षीरसागर कुंड की तरह सुधार की उम्मीद

क्षेत्रवासियों का कहना है कि कुछ समय पहले क्षीरसागर कुंड के दूषित पानी की सफाई कर वहां की व्यवस्था में सुधार किया गया था। निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए जाने के बाद कुंड की स्थिति काफी बेहतर हुई थी। इसी तरह गोवर्धन सागर के संरक्षण और सफाई के लिए भी तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

# संतवाणी से व्यक्तित्व दक्षता विकास-संस्कार निर्माण पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

संत वाणी से व्यक्तित्व विकास एवं संस्कार केंद्र तथा संत शिरोमणि रविदास फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संतवाणी से व्यक्तित्व विकास, दक्षता एवं संस्कारों का निर्माण विषय पर प्रशिक्षकों हेतु ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिनिधियों एवं प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षार्थियों के माध्यम से गाँव एवं आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों और बेरोजगार युवाओं में व्यक्तित्व विकास, दक्षता संवर्धन तथा स्वरोजगार के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं आत्मविश्वासी बनाने पर विशेष महत्व दिया गया। केंद्र द्वारा व्यक्तित्व विकास, करियर काउंसलिंग, मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम भी निरंतर संचालित किए जा रहे हैं।

# चरक भवन अस्पताल में मनोरोग विशेषज्ञ का अभाव

## मानसिक बीमारी से पीड़ित मरीजों को मिल रहा केवल प्राथमिक उपचार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिले सहित पूरे प्रदेश में मानसिक रोग विशेषज्ञों की कमी बनी हुई हैं। उज्जैन स्वास्थ्य विभाग की बात करे तो यहाँ एक भी मनो रोग विशेषज्ञ नहीं हैं। ऐसे में डिग्रीधारी मनो चिकित्सक ही विशेषज्ञ का पद और काम संभाल रहे हैं। नतीजतन, मानसिक पीड़ितों को इलाज के लिए प्रायवेट अस्पतालों का सहारा लेना पड़ा रहा है।

उल्लेखनीय है कि उज्जैन शहर में चरक अस्पताल, माधव नगर अस्पताल के अलावा 9 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित हो रहे हैं। बावजूद, मानसिक रोगियों के इलाज देने के लिए एक भी मानसिक रोग विशेषज्ञ का पद स्वीकृत नहीं है। यह स्थिति पिछले कई सालों से बनी हुई हैं और अब तक सरकारी अस्पतालों में मानसिक चिकित्सक की तैनाती नहीं हो सकी, वहीं यहाँ उपचार के नाम पर मानसिक बीमारी से पीड़ित मरीजों को केवल प्राथमिक उपचार मिल रहा है। नतीजतन, मानसिक रोगियों को इलाज कराने के लिए प्रायवेट अस्पतालों में जाना पड़ रहा है। मामले में चरक अस्पताल में मनोरोग विभाग के चिकित्सक डॉ. नितराज गौड़ ने बताया कि उज्जैन ही नहीं पूरे प्रदेश में सरकारी अस्पतालों में मनो रोग विशेषज्ञों की कमी बनी हुई है। जबकि मानसिक विकार गंभीर समस्या है। समय रहते ध्यान न दिया जाय को स्वास्थ्य पर इसका नकारात्मक असर होता है। स्ट्रेस-एंग्जाइटी के साथ शुरू होने वाली यह परेशानी डिप्रेशन अवसाद का रूप ले लेती है। युवा बहुत जल्द अवसाद के चपेट में आ रहे हैं। इससे बचाने के लिए स्ट्रेस एंग्जाइटी को कंट्रोल करना जरूरी है। बता दें कि चरक भवन में मरीजों की संख्या हर साल बढ़ रही हैं लेकिन स्टॉफ की संख्या जरूरत की आधे भी नहीं बढ़ी है। इससे मरीजों के इलाज से लेकर देखरेख मुश्किल होती जा रही है। स्थिति यह है कि यहां जितने पद स्वीकृत हैं, उन सभी पर तैनाती भी नहीं है। समय से साथ शासन की जारी योजनाओं के तहत बेड बढ़ते गए लेकिन डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट व वार्ड बॉय कम होते गए।

# श्रम विभाग का रेस्क्यू एक्शन बंद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में कई ऐसी दुकानें और कारखाने हैं जहाँ खुले आम बालश्रम हो रहा है। बावजूद श्रम विभाग की नजरें इन बाल श्रमिकों पर नहीं पहुंच पा रही है। इतना ही नहीं शहर के कई चौराहों पर बच्चे भीख मांगते भी दिखाई दे रहे हैं। बावजूद श्रम विभाग कोई एक्शन नहीं ले रहा हैं। इतना ही नहीं हाल ही में श्रम विभाग मुख्यालय ने एक नई पहल करते हुए उन कारखानों को स्टार रेटिंग देना शुरू किया था। जिन्होंने कानूनों का पालन सुनिश्चित करवाया और बाल तथा बंधुओं श्रमिकों से भी मुक्ति पाई, लेकिन उज्जैन में इस तरह की कोई रेटिंग कारखानों और व्यवसायिक यूनिटों को नहीं दी जा रही हैं। जबकि अब तक प्रदेश के 554 कारखानों ने स्व-मूल्यांकन के माध्यम से श्रम स्टार रेटिंग प्राप्त की है। इनमें बड़ी, मध्यम और लघु श्रेणी की विभिन्न विनिर्माण इकाइयाँ शामिल हैं। श्रम स्टार रेटेड कारखाने इस बात का प्रमाण होते हैं कि संबंधित कार्यस्थलों पर बाल श्रम और बंधुआ श्रम पूर्णतः प्रतिबंधित हैं तथा श्रमिकों के अधिकारों का समुचित संरक्षण सुनिश्चित किया जा रहा है।

# सरकारी बसें अब दौड़ने की तैयारी में

## सब कुछ ठीक रहा तो 1 अगस्त से संभाग के 120 मार्गों पर 371 बसें दौड़ने लगेंगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

करीब 21 साल बाद संभाग की सड़कों पर सरकारी बसें दौड़ने की तैयारी अब अंतिम दौर में पहुंच गई है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो 1अगस्त से उज्जैन संभाग के भी 120 मार्गों पर 371 बसें दौड़ने लगेंगी। सीएम सुगम बस के नाम से शुरू होने वाली इस सेवा की तैयारियों को भोपाल में सीएम डॉ. मोहन यादव ने परखा। परिवहन विभाग के अफसरों के साथ हुई मीटिंग में सबसे पहले इंदौर से बस सेवा शुरू करने का फैसला किया गया है।

2005 में मध्यप्रदेश सड़क परिवहन निगम को पूरी तरह बंद कर दिया गया था। प्रदेश और प्रदेश के बाहर सेवा संचालित करने वाले निगम के बंद होने से मध्यप्रदेश में सडक परिवहन पूरी तरह निजी क्षेत्र पर निर्भर हो गया था। प्राइवेट ऑपरेटरों की मनमानी, दादागीरी के कारण यात्री परेशान हो रहे थे। अब यात्रियों को ही फायदा पहुंचाने के लिए सीएम सुगम बस सर्विस शुरू की जा रही है। इसके तहत एक राज्य स्तरीय और सात संभाग स्तरीय कंपनियां बनाई गई हैं।




### कंपनी को पहले चरण में 100 ई-बसें मिलेगी

उज्जैन संभाग में बस सेवा का संचालन उज्जैन सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड यूसीटीएसएल) के माध्यम से होगा। यूसीटीएसएल 120 मार्ग पर 371 बसें चलाएगी। यूसीटीएसएल के ईडी संदीप सोनी ने बताया कि कंपनी को पहले चरण में 100 ई-बसें मिलने वाली हैं। यह पीएम बस सर्विस के तहत आएंगी। इन बसों को खड़ा रखने के लिए डिपो और चार्जिंग स्टेशन तैयार किए जा रहे हैं। करीब 35 फीसदी तक काम पूरा हो गया है। अगले चरण में टिकिटिंग का काम होना है। इसके लिए टेंडर जारी किया जा चुका है। सोनी के मुताबिक १ अगस्त से सेवा शुरू करने की जानकारी मिली है। कंपनी के तय रूट पर बसें शुरू की जाएंगी। पहले यूसीटीएसएल का दायरा सिर्फ उज्जैन शहर था, अब यह पूरा संभाग हो गया है। ऐसे में यह तय है कि सिटी के भीतर बस चलाने के साथ, एक से दूसरे जिले और ग्रामीण क्षेत्रों को भी एक दूसरे से जोड़ने के लिए भी बसें चलाई जाएंगी।

# महाकाल मंदिर की दर्शन बस सेवा शुरू, 100 रुपये में ले जाएंगे 10 मंदिर

## प्रतिदिन सुबह 7.30 बजे हरसिद्धि चौराहा से बस का परिचालन, बच्चों के लिए किराए की दर आधी, छोटे बच्चों का टिकट सिर्फ 50 रुपये

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर समिति की उज्जैन दर्शन बस सेवा शुरू हो गई है। प्रतिदिन सुबह 7.30 बजे हरसिद्धि चौराहा से बस का परिचालन किया जा रहा है। मंदिर समिति देशभर से आने वाले भक्तों को मात्र 100 रुपये शुल्क में सुविधा का सफर करा रही है। बच्चों के लिए किराए की दर आधी कर दी गई है। छोटे बच्चों का टिकट सिर्फ 50 रुपये है।

सहायक प्रशासक आशीष फलवाडिया ने बताया मंदिर समिति भक्तों की सुविधा के लिए विभिन्न प्रकल्पों का संचालन करती है। इनमें उज्जैन दर्शन बस सेवा भी शामिल है। शहर के भीतर और बाहर 10 प्रमुख मंदिरों के दर्शन करने जाने के लिए मंदिर समिति की उज्जैन दर्शन बस सेवा एक बेहतर विकल्प है।




समिति काफी कम किराए में भक्तों को यह सुविधा प्रदान कर रही है। प्रतिदिन सुबह 7.30 बजे हरसिद्धि चौराहा से बस उज्जैन दर्शन यात्रा के लिए रवाना होती है। यात्री बस में ही टिकट प्राप्त कर सकते हैं।

### महंगे किराए से मुक्ति, श्रावण में मिलेगी सुविधा

महाकाल मंदिर समिति की उज्जैन दर्शन बस सेवा का परिचालन शुरू होने से भक्तों को आटो, ई रिक्शा, टैक्सी आदि के महंगे किराए से मुक्ति मिलेगी। श्रद्धालु बजट अनुसार यात्रा कर सकेंगे। बस सेवा शुरू होने से श्रावण मास में भगवान महाकाल के दर्शन करने आने वाले भक्तों को अधिक सुविधा मिल सकेगी।

### उज्जैन दर्शन में यह मंदिर शामिल

बड़ा गणेश, शक्तिपीठ हरसिद्धि, कालभैरव, मंगलनाथ, सिद्धनाथ, सांदीपनि आश्रम, गढ़कालिका माता, स्थिरमन गणेश, भर्तृहरि गुफा, चिंतामन गणेश

### छह माह से बंद थी बस सेवा, प्रशासक ने शुरू कराई

महाकाल मंदिर की उज्जैन दर्शन बस सेवा बीते कई माह से यह सेवा बंद पड़ी थी। प्रशासक प्रथम कौशिक ने भक्तों की सुविधा के लिए इसे फिर से शुरू कराया है। इन दिनों शहर में सिंहस्थ महाकुंभ के निर्माण कार्य प्रगति पर है ।इसलिए आवागमन व यात्री सुविधा की दृष्टि 37 सीटर बस चलाई जा रही है आने वाले समय में सुविधा का विस्तार किया जाएगा। नया बस स्टाप तथा आधुनिक बुकिंग काउंटर भी बनाया जाएगा। बता दें कुछ समय पहले चारधाम मंदिर पार्किंग के यहां यह सभी सुविधा उपलब्ध थी, नवनिर्माण के चलते सभी बंद हो गई हैं।

### भक्तों की मांग दो शिफ्ट में 60 सीटर बस चले

महाकाल मंदिर समिति की कम किराए में आराम दायक बस से उज्जैन दर्शन की सुविधा भक्तों को रास आ रही है। श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर समिति 37 सीटर बस का संचालन कर रही है और वह भी एक समय। समिति को दो शिफ्टों में 60-60 सीटर बस चलाना चाहिए, ताकि ज्यादा भक्तों को सुविधा मिल सके।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं.1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका




## न्यूज ब्रीफ

### पेयजल आपूर्ति में कोई कमी न रहे : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नागरिकों को समुचित पेयजल आपूर्ति हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नागरिकों को पर्याप्त और निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की कमी न रहे। गर्मी के मौसम और बढ़ती आवश्यकताओं को देखते हुए जलापूर्ति व्यवस्था की सतत निगरानी की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिये कि जहां जैसी आवश्यकता हो, वहां वैसी त्वरित व्यवस्थाएं की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा की।

### भगवान देवनारायण का जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान देवनारायण सिर्फ. गुर्जर समाज के आराध्य देव ही नहीं, बल्कि न्याय, लोक कल्याण, सेवा और पराक्रम के प्रतीक हैं। उन्होंने अपने कर्मों से यह सिद्ध किया कि धर्म का वास्तविक स्वरूप मानवता की सेवा और कमजोरों की रक्षा में निहित है?। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को समत्व भवन से उज्जैन जिले के ग्राम जमालपुरा में आयोजित श्री देवनारायण कथा महोत्सव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कथा महोत्सव आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि भगवान देवनारायण मंदिर परिसर में लगातार छठें वर्ष 7 दिवसीय कथा का आयोजन धर्म प्रेमियों के लिए सोने पर सुहागा की तरह है।

### सूचना प्रणाली और स्थानीय संसाधनों की मैपिंग आवश्यक

**इंदौर।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में आज अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न हुई। बैठक में संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स, जिला पंचायत के मुख्यपालन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित अधिकारियों से कहा कि सूचना प्रणाली विकसित करते हुए स्थानीय संसाधनों को प्रमुखता से मैपिंग करें। जल भराव जैसी स्थिति पर नियंत्रण के लिए कम्यूनिकेशन प्लान पहली जरूरत है। साथ ही बड़े बांधों पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाता है, इसके अलावा जिला स्तर पर बने कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों का आपसी समन्वय कारगर साबित होगा।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक सम्पन्न

**इंदौर।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में आज ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम -2026 के क्रियान्वयन हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पहली बैठक आयोजित हुई। बैठक में संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स, नगरीय निकायों के सीएमओ एवं नगरीय निकायों के अध्यक्ष शामिल हुए। संभागायुक्त कार्यालय के वीसी कक्ष से अपर कलेक्टर रोशन राय, उपायुक्त सपना लोवंशी, संयुक्त आयुक्त शिवानी वर्मा, नगरीय प्रशासन विभाग के संयुक्त संचालक, इंजीनियर संजय कुमार, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग के सुनील उदिया, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी सतीश कुमार चौकसे सहित संबंधित अधिकारी शामिल हुए।

### अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त 5 आरोपियों को किया गया जिलाबदर

**इंदौर।** इंदौर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री शिवम वर्मा ने अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त 5 आरोपियों को गत दिवस जिलाबदर किया है। इस संबंध में जारी आदेशानुसार जिन आरोपियों को जिलाबदर किया गया है उनमें इंदौर जिले के महू थाना क्षेत्र के नम्बर बाथरी निवासी राजा पिता सुरेश पिवाल तथा रवि पिता सुरेश पिवाल, होली चौक गुजरखेड़ा निवासी निखिल पिता संतोष दामोदर, गुजरखेड़ा निवासी सौरभ पिता राम चौहान और मानपुर थाना क्षेत्र के सोनारिया कुंआ निवासी बाबू उर्फ राजकुमार पिता घनश्याम गावड़ शामिल है।

### जैन विद्या विशेषज्ञ डॉ अनुपम जैन महावीर पुरस्कार से सम्मानित

**इंदौर।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के गणित के प्रोफेसर एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गणितज्ञ एवं जैन विद्या विशेषज्ञ डॉक्टर अनुपम जैन इंदौर को जैन दर्शन, प्राचीन भारतीय गणित एवं श्रमण संस्कृति के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय शोध एवं लेखन कार्य के लिए दि जैन अतिशय क्षेत्र महावीर जी प्रबंधकार्णी समिति द्वारा वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित महावीर पुरस्कार प्रदान किया गया। जैन विद्या संस्थान जयपुर के सभागार में आयोजित समारोह में प्रबंध कारणी समिति महावीरजी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल पूर्व अध्यक्ष एन के सेठी आईएएस, एवं जैन विद्या संस्थान समिति के संयोजक प्रोफेसर डॉक्टर कमलचंद सोगानी ने डॉक्टर अनुपम जैन को शाल श्रीफल एवं मोती माला पहनाकर प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान निधि प्रदान की। सुधांशु कासलीवाल ने चर्चा करते हुए कहा कि यह पुरस्कार जैन धर्म, दर्शन, संस्कृति, साहित्य एवं कला और भाषा के क्षेत्र में विशेष कार्य करने वालों को प्रदान किया जाता है।

---

### 20 जुलाई तक चालू होगी नई टनल, मुख्य मार्ग पर 40% कम होगी भीड़

# महाकाल मंदिर में अब नहीं लगेंगी श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए लगने वाली लंबी कतारें से अब राहत मिलेगी। प्रशासन ने श्रावण माह से पहले बड़ा गणेश टनल शुरू करने का फैसला लिया है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने खुद टनल का जायजा लेकर अधिकारियों को दो टूक में कहा कि 30 जुलाई से श्रावण शुरू होना है, 20 जुलाई तक हर हाल में टनल चालू करिए। लाखों श्रद्धालु आएंगे, एक भी भक्त को तकलीफ नहीं होनी चाहिए।

बड़ा गणेश मंदिर के पास से सीधे महाकाल मंदिर के वेटिंग हॉल तक बन रही ये सुरंग श्रद्धालुओं के लिए महाकाल मंदिर तक के लिए शॉर्टकट साबित होगी। अभी हरसिद्धि की ओर से आने वाले भक्तों को घूमकर मुख्य द्वार तक जाना पड़ता है। टनल बनने के बाद श्रद्धालु सीधे वेटिंग हॉल में पहुंच जाएंगे। इससे मुख्य मार्ग पर भीड़ का दबाव 40 प्रतिशत तक कम होने की उम्मीद है।





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर महाकाल क्षेत्र में युद्धस्तर पर काम चल रहा है। चौबीस खंबा माता मंदिर से महाकाल पार्किंग तक नई सड़क भी साथ-साथ बन रही है। कलेक्टर ने साफ कहा कि दोनों प्रोजेक्ट श्रावण से पहले शुरू करने हैं। ये सिर्फ टनल नहीं, उज्जैन की नई पहचान है। देश-दुनिया से आने वाला हर भक्त यहां से अच्छी याद लेकर जाए।

#### जानिए टनल से क्या फायदा होगा

- सीधी एंट्री:- बड़ा गणेश से वेटिंग हॉल तक बिना भीड़ के पहुंचेंगे भक्त
- समय की बचत:- 15-20 मिनट का चक्कर बचेगा, बुजुर्गों-दिव्यांगों को बड़ी राहत
- सुरक्षा कवच:- बारिश-धूप से बचाव, अलग मार्ग से आवाजाही
- सिंहस्थ की तैयारी:- 2028 के महाकुंभ के लिए मास्टर प्लान का हिस्सा

**जानिए श्रावण 2026 में क्या बदलेगा**


- बड़ा गणेश टनल – 20 जुलाई तक शुरू, सीधे वेटिंग हॉल एंट्री
- चौबीस खंबा रोड – पार्किंग तक नई सड़क, जाम से मुक्ति

---

### चार महीने पहले उजड़ा था सिंदूर

# अब 12 साल की बेटी ने भी लगा लिया फंदा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर के एरोड्रम थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रगति नगर, छोटा बांगड़दा इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 12 वर्षीय मासूम बच्ची ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। इस दुखद घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मर्ग कायम कर पूरे मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका का नाम राधिका है और वह राकेश की पुत्री थी। उसने मंगलवार की शाम को अपने ही घर के भीतर दुपट्टे की मदद से फंदा बनाया और उस पर झूल गई। बताया जा रहा है कि राधिका ने हाल ही में एक सरकारी स्कूल से पांचवीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इस दर्दनाक हादसे का खुलासा तब हुआ जब राधिका की छोटी बहन काफी देर तक घर का मुख्य दरवाजा खटखटाती रही। जब भीतर से किसी भी प्रकार की कोई प्रतिक्रिया या आवाज नहीं आई, तो बच्ची ने घबराकर तुरंत आसपास रहने वाले पड़ोसियों को इस बात की सूचना दी। स्थानीय नागरिकों ने मौके पर पहुंचकर तत्परता दिखाई और बंद दरवाजे को खोला, तो भीतर का नजारा देखकर सबके होश उड़ गए। राधिका कमरे में फंदे से लटकी हुई अवस्था में पाई गई।

#### मां और बड़ी बहन गई थीं काम पर

राधिका के परिजनों ने रोते हुए बताया कि राधिका की मां एक स्थानीय स्कूल में मध्याह्न भोजन बनाने का कार्य करती है। जिस समय यह कदम उठाया गया, उस दौरान मां अपनी बड़ी बेटी को साथ लेकर काम पर गई हुई थी। देर शाम जब दोनों मां-बेटी बाजार से घर का जरूरी राशन और सब्जियां खरीदकर वापस लौटीं, तब जाकर उन्हें इस हादसे की जानकारी मिली, जिससे पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

#### चार महीने पहले ही बीमारी के चलते देहांत हो गया था पिता का सदमे में था परिवार

पुलिस की प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि राधिका के पिता राकेश का लगभग चार महीने पहले ही एक गंभीर बीमारी के चलते देहांत हो गया था। पिता की मौत के बाद से परिवार गहरे आर्थिक और मानसिक संकट से गुजर रहा था। इस परिवार में अब दो बहनें और एक भाई बचे हैं। जिस वक्त राधिका ने यह कदम उठाया, उसके दोनों छोटे भाई-बहन घर के बाहर खेल रहे थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और आत्महत्या के वास्तविक कारणों का पता लगाने में जुटी है।

---

## लायंस लीडर की तीन दिवसीय कार्यशाला चेन्नई में आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लायंस इंटरनेशनल के मिशन 1.5 अंतर्गत वर्ष 2026 -27 हेतु लायंस लीडर की तीन दिवसीय कार्यशाला 1 से 3 जून तक चेन्नई में आयोजित की गई। कार्यशाला में लायंस क्लब की जीएमटी डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर एवं लायंस क्लब सनावद स्नेह की ला.अनिता जैन ने भाग लिया। कार्यशाला में भारत के 530 लायन पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।लायंस अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एपी सिंह,पूर्व अंतर्राष्ट्रीय डायरेक्टर प्रवीण छाजेड़, नरेंद्र भंडारी, वीके लड़िया, जितेंद्र चौहान, श्याम मालपानी, संगीता जटिया, मनीष शाह, प्रवीण वशिष्ठ, रानी धुपिया, जयप्रकाश त्रिपाठी, राम जाट, डॉ.आरके सोडानी व विभिन्न प्रांतों के निर्वाचित गवर्नर व उनकी टीम के साथ लायंस क्लब सनावद स्नेह



के अध्यक्ष भागचंद जैन ने कार्यशाला में हिस्सा लिया। कार्यशाला में लायंस इंटरनेशनल द्वारा दिए गए टारगेट को पूरा करने हेतु कृत संकल्पित लायंस प्रान्त डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 की आगामी वर्ष की सदस्यता वृद्धि व नवीन क्लब प्रारम्भ करने के समस्त टारगेट का एक्शन प्लान बनाकर प्रदान किया गया। एक्शन प्लान के अनुसार इस वर्ष 18 नए क्लब एवं 1208 नवीन सदस्यों को लायनवाद में प्रवेश दिलाने हेतु वर्ष 2026-27 की पूरी टीम ने लक्ष्य पूर्ति हेतु संकल्प लिया।

---

## मीनाक्षी सेवा समिति द्वारा मिट्टी के सकोरे वितरण अभियान शुरू



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जीव दया प्रकल्प के अनुसार भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरे का वितरण करने का अभियान मीनाक्षी सेवा समिति द्वारा अंबिकापुरी कॉलोनी में स्थित अंबिकापुरी गार्डन साठ फीट रोड़, एयरपोर्ट रोड़ में किया गया।

मीनाक्षी सेवा समिति अध्यक्ष बलराम सोनी ने बताया कि इस भीषड़ गर्मी में जब हम इंसानों के लिए घर से बाहर निकल पाना कठिन है तो ये पक्षी पीने के पानी नहीं मिल पाने के कारण दम तोड़ देते हैं इसलिए इस पुण्य कार्य को एक अभियान के स्वरूप शुरू किया गया है। समिति सचिव निशा जोशी (पंडित जी) कवयित्री जी ने बताया कि हमारी संस्था ने इस पुण्य कार्य के लिए पिछले दस दिन पहले मीटिंग में इस अभियान को चलाने का निर्णय समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति में लिया गया है। संस्था के संयुक्त सचिव मनीष ओस्तवाल ने बताया कि ये पुण्य कार्य समाज के लोगों के बीच एक प्रेरणा बनकर जाता है। जिससे कि अन्य लोग भी इससे प्रेरणा लेकर पुण्य कार्य करते हैं मीनाक्षी सेवा समिति अध्यक्ष बलराम सोनी ने बताया कि हमारे इस जीव दया प्रकल्प के पुण्य कार्य में भाजपा नगर उपाध्यक्ष भूपेंद्र केसरी अतिथि की भूमिका में उपस्थित थे और बड़े ही हर्ष के साथ इस कार्यक्रम में भूपेंद्र केसरी जी के साथ साथ उनकी टीम में उमेश गुप्ता, राजेश खत्री, विजय महेश्वरी, अजय मोरे, अनीता शर्मा, खुशबू प्रजापत, लीना बाहेती,केशव मीणा, नमन बागोरा, राकेश श्रीवास की भी महत्ती भूमिका रही।

---

### कांग्रेस एक महीने खोजेगी सोशल मीडिया वॉरियर

# विधानसभा से लेकर बूथ स्तर तक तैनात होंगे राइटर्स, एडिटर्स और रील्स मेकर

### प्रदेश भर के युवाओं और इन्फ्लुएंसर्स को सीधे संगठन से जोड़ने जा रही

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस अब सिर्फ जमीन पर ही नहीं, बल्कि सोशल मीडिया के सबसे निचले स्तर यानी बूथ तक अपनी पैठ मजबूत करने में जुट गई है। इसी रणनीति के तहत मध्य प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग ने सोशल मीडिया वॉरियर्स अभियान का शंखनाद किया। इस अभियान के जरिए पार्टी का सीधा फोकस हर विधानसभा के साथ-साथ बूथ स्तर पर मजबूत डिजिटल टीम खड़ी करना है।

भोपाल के प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं ने इस अभियान का पोस्टर लॉन्च किया। पार्टी की योजना चुनाव से पहले एक ऐसी आक्रामक और रचनात्मक डिजिटल सेना तैयार करने की है, जो सोशल मीडिया के हर प्लेटफॉर्म पर भाजपा के नैरेटिव का मुकाबला कर सके। इस अभियान के जरिए पहली बार कांग्रेस पारंपरिक कार्यकताओं से अलग हटकर समाज के उन चेहरों को टारगेट कर रही है, जिनकी सोशल मीडिया पर मजबूत पकड़ है।



राइटर्स, वीडियो और रील्स मेकर्स को जोड़ेगी- कांग्रेस इस अभियान के माध्यम से प्रदेश भर के युवाओं और इन्फ्लुएंसर्स को सीधे संगठन से जोडने जा रही है। पार्टी की नजर समाज के उन रचनात्मक लोगों पर है जो राइटर्स, वीडियो एडिटर्स, ग्राफिक डिजाइनर्स, कार्टूनिस्ट, कवि, लेखक, ब्लॉगर, मोटिवेशनल स्पीकर और लोक कलाकार के रूप में डिजिटल स्पेस में सक्रिय हैं। कांग्रेस इन सभी को अपने विचार से जोडकर चुनाव में परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से इस्तेमाल करने की तैयारी में है।

इसके साथ ही हर विधानसभा क्षेत्र से नई पीढ़ी के प्रतिभाशाली युवाओं, महिलाओं और स्थानीय पत्रकारों को भी इस मंच के जरिए जोडने का लक्ष्य रखा गया है। ऑनलाइन आवेदन एक महीने भरे जाएंगे-अभियान के पोस्टर लॉन्चिंग के मौके पर नेताओं ने साफ किया कि आज यानी 31 मई से ही इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इच्छुक लोग गूगल फॉर्म के जरिए आवेदन कर सकते हैं। प्रदेश स्तर पर इस शुरूआत के बाद अब 1 से 3 जून के बीच प्रदेश के सभी जिलों में जिला कांग्रेस अध्यक्षों द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस अभियान को ब्लॉक और बूथ स्तर तक पहुंचाया जाएगा।

आवेदनों की छंटनी से लेकर इंटरव्यू तक की प्रक्रिया संभालेंगे। डिजिटल टीम को मुस्तैदी से तैयार करने के लिए कांग्रेस ने बाकायदा एक टाइमलाइन तय की है, जिसके तहत जून के आखिरी दिन तक पूरी टीम फाइनल कर ली जाएगी। नेताओं ने कहा कि यह अभियान सिर्फ राजनीतिक नहीं है, बल्कि यह उन युवाओं को मंच देने का जरिया है जो लोकतंत्र और संविधान को बचाने के संघर्ष में भागीदार बनना चाहते हैं।

---

# भाजपा सहयोग सेल बना कार्यकर्ताओं के हितों को साधने का माध्यम

### अब समस्याएं कम, स्थानांतरण के ज्यादा मामले पहुंच रहे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कार्यकर्ता आधारित पार्टी की परिकल्पना को साकार करने के लिए मप्र में सत्ता और संगठन ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में सहयोग सेल शुरू किया है। ताकि कार्यकताओं की समस्याओं को मंत्री सुने और उनका समाधान करवाएं। लेकिन सत्ता-संगठन की इस अनूठी पहल का दुरूपयोग होने लगा है। कार्यकताओं की समस्याओं के समाधान के लिए शुरू की गई सहयोग सेल अब ट्रांसफर-पोस्टिंग से जुड़े आवेदनों का भी प्रमुख केंद्र बनती जा रही है।

पहले जहां राजस्व विवादों से संबंधित शिकायतें सबसे अधिक आती थीं, वहीं स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू होने के बाद ट्रांसफर कराने के आवेदन तेजी से बढ़े हैं। प्रदेश भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की पहल पर दिसंबर 2025 में सहयोग सेल की शुरूआत की गई थी। यहां सप्ताह में पांच दिन प्रदेशभर से आने वाले कार्यकताओं की समस्याएं सुनी जाती हैं। इसके लिए प्रतिदिन एक मंत्री और संगठन का एक पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है। भाजपा सूत्रों के अनुसार सहयोग सेल में हर महीने करीब एक हजार शिकायतें दर्ज हो रही हैं। इनमें नामांतरण, बंटवारा और जमीन विवाद जैसे राजस्व मामलों की संख्या सबसे अधिक है। हालांकि हाल के महीनों में कार्यकताओं द्वारा अपने परिजनों और रिश्तेदारों के स्थानांतरण करवाने संबंधी आवेदन भी बड़ी संख्या में आने लगे हैं।




#### हर बूथ तक पहुंच रहा ड्यूटी चार्ट

भाजपा की सहयोग सेल पिछले पांच महीने से लगातार सक्रिय है। इसके संचालन के लिए महीने की शुरूआत में ही मंत्रियों और संगठन पदाधिकारियों का ड्यूटी चार्ट तैयार किया जाता है। यह सूची पार्टी के प्रत्येक बूथ स्तर तक पहुंचाई जाती है, ताकि कार्यकर्ता अपनी समस्या लेकर निधर्धारित दिन पर संबंधित मंत्री और पदाधिकारी से संपर्क कर सकें। पार्टी का दावा है कि इससे कार्यकताओं को सीधे संवाद और त्वरित समाधान का मंच मिल रहा है। वहीं संगठन को भी जमीनी स्तर पर कार्यकताओं की नाराजगी, अपेक्षाओं और है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक पिछले कुछ महीनों में सहयोग सेल में भाजपा कार्यकर्ता बनकर अन्य दलों, विशेषकर कांग्रेस से जुड़े लोग भी आवेदन लेकर पहुंचने लगे थे। इसके अलावा गैर-राजनीतिक लोग भी व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर आने लगे। इसी को देखते हुए अब आवेदन के साथ जिला अध्यक्ष, विधायक, सांसद या प्रदेश पदाधिकारी की अनुशंसा अनिवार्य कर दी गई है।

#### कार्यप्रणाली में कुछ बदलाव किए

भाजपा का मानना है कि इससे केवल वास्तविक कार्यकर्ता ही सहयोग सेल तक पहुंच पा रहे हैं और गैर-प्रमाणित आवेदनों में कमी आई। सूत्रों के अनुसार सहयोग सेल में कुछ ऐसे आवेदन भी पहुंचे, जिनका सीधा संबंध जनसमस्याओं से नहीं था। एक सेवानिवृत्त अधिकारी ने पार्टी की किसी समिति में पद देने की मांग को लेकर कई बार संपर्क किया। वहीं एक सरकारी अधिकारी ने अपने खिलाफ लंबित भ्रष्टाचार मामले को वापस लेने का अनुरोध किया। उसका तर्क था कि मामला समाप्त होने पर वह पार्टी के लिए अधिक सक्रियता से काम कर सकेगा। ऐसे मामलों की बढ़ती संख्या के बाद सहयोग सेल की कार्यप्रणाली में कुछ बदलाव किए गए हैं और आवेदन प्रक्रिया को अधिक नियंत्रित किया गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा की सहयोग सेल केवल शिकायत निवारण मंच नहीं रह गई है, बल्कि संगठन और कार्यकताओं के बीच संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम बनती जा रही है।

दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
REGIONAL
उज्जैन, गुरुवार 4 जून, मई 2026 | 4

## न्यूज कालम



### मनरेगा विषय अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**सनावद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निदेर्शानुसार मनरेगा विषय अंतर्गत के संबंध में शिविर आयोजित किया गया जहां पर न्यायाधीश महोदय मो असलम दहलवी साहब एवं योगेश कुमार चालीसा साहब के द्वारा आमजन को कहा कि मनरेगा ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम है। यह एक योजना है जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को रोजगार प्रदान करती है। इस योजना के तहत ग्रामीण परिवारों के वयस्क सदस्यों को प्रति वर्ष कम से कम 100 दिन का रोजगार गारंटीकृत किया जाता है मनरेगा में ऐसे मजदूर कार्य कर सकते है जो शारीरिक तौर पर मजबूत हो ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सुरक्षा बढ़ाना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना बेरोजगारी कम करना मनरेगा में सहायक है मनरेगा को लोक अदालत में ग्रामीण मजदूरों को इन लाभ के अंतर्गत लाभ भी दिया जाता है जैसे विवादों का निपटारा,वैकल्पिक विवाद,समाधानसुलह और समझौता जैसे निःशुल्क सेवा प्रदान करते हैं मनरेगा से संबंधित विवादों को सुलझाने में भी न्यायालय मजदूरों को लाभदेती है आप अपनी ग्रामीण पंचायत में जाकर मिले और मनरेगा मजदूरी के संबंध में जानकारी ले शिविर में न्यायालय खंड पीठ सदस्य रविन्द्र अम्बिया मौजूद थे।

### कालूखेड़ा उप मंडी 5 जून से शुरू होने से पूर्व विधायक ने परखी व्यवस्थाएं



**जावरा ।** क्षेत्र के किसानों के लिए राहत भरी खबर है कि प्रतीक्षित कालूखेड़ा उपमंडी का संचालन ५ जून से प्रारंभ होने जा रहा है,। जहां किसानों की कृषि उपज की खरीदी की जाएगी। उपमंडी शुरू होने से क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए दूर-दराज की मंडियों में नहीं जाना पड़ेगा। उपमंडी के शुभारंभ से पूर्व विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय ने मंडी परिसर का निरीक्षण किया। उनके साथ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केके सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान प्लेटफॉर्म व्यवस्था, बारिश के दौरान जलभराव, बिजली व्यवस्था, मुरम भराव एवं नालों के माध्यम से पानी निकासी जैसी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।विधायक ने मंडी प्रशासन को निर्देश दिए कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण की जाएं। उन्होंने कहा कि उपमंडी शुरू होने से क्षेत्र के हजारों किसानों को लाभ मिलेगा और उनकी उपज का विक्रय स्थानीय स्तर पर ही सुगमता से हो सकेगा।इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### बास्केटबॉल खिलाड़ी तोमर बने नगर पालिका के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर

**जावरा ।** नगर पालिका परिषद ने अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल



खिलाड़ी हरेंद्र सिंह तोमर को स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता के लिए जावरा शहर का ब्रांड एंबेसडर मनोनीत किया है ।जिले के जावरा नगर को बास्केटबॉल के नाम से भी जाना जाता है ।शहर में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक बास्केटबॉल खेल में जावरा शहर का नाम रोशन करने वाले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हरेंद्र सिंह तोमर ने भारत , अम्मान, लेबनान ,सऊदी अरब ,मलेशिया सहित विभिन्न देशों में खेल कर भारत के साथ जावरा का नाम भी गोरवान्वत किया ।तोमर ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मध्य प्रदेश सीनियर बास्केटबॉल टीम के कप्तान के रूप में भी नेतृत्व किया था। तोमर को नगर पालिका परिषद जावरा ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता के लिए ब्रांड एंबेसडर मनोनीत किया। स्वच्छ भारत मिशन एक जन आंदोलन है ।अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी तोमर को अब अपने खुद के शहर जावरा को स्वच्छता में रेकिंग लाने की अहम जिम्मेदारी नगर पालिका ने सोपी है।

### खाद आपूर्ति व साधु संतों की सुरक्षा के लिए उपमुख्यमंत्री देवड़ा से की चर्चा



**जावरा ।**भारत विकास परिषद के अध्यक्ष शेखर नाहर ने भोपाल में मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा से भेंट कर प्रदेश के किसानों और साधु-संतों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। प्रदेश में साधु-संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा किसानों को आगामी कृषि सीजन में खाद की किसी भी प्रकार की कमी का सामना न करना पड़े, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद वितरण में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस अवसर पर मध्यप्रदेश वेयरहाउस संगठन के अध्यक्ष संजय भाई से भी किसानों को खाद उपलब्धता, भंडारण व्यवस्था तथा वितरण प्रक्रिया को और अधिक सुचारू बनाने पर विचार-विमर्श हुआ। इस दोरान सुरेंद्र कुमार जैन, राकेश चोरड़िया, राजकुमार मारवाड़ी सहित जबलपुर से आई महिला अध्यक्ष संगीता जी भी उपस्थित रहीं। सभी ने किसानों के हितों और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विषयों पर सकारात्मक चर्चा करते हुए जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता बताई।

## निजी अस्पताल सील करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम, दो घंटे चर्चा के बाद जांच का हवाला देकर लौटी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर



नेपानगर क्षेत्र में नगर पालिका परिषद के नवीन भवन शॉपिंग कॉम्प्लेक्स स्थित अमन एंड प्रीसियस लाइफ केयर हॉस्पिटल को सील करने का आदेश लेकर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम बिना कार्रवाई किए लौट गई। टीम लगभग ढाई घंटे अस्पताल संचालक के साथ बातचीत करने के बाद यह कहकर वापस लौटी कि वह जांच करने आई थी।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुरूआती दौर में अस्पताल कर्मचारियों से कहा कि अस्पताल सील करने के आदेश हैं, मेडिकल भी बंद करना पड़ेगा। लेकिन अस्पताल संचालक से पुष्पेंद्र जामले की मुलाकात के बाद माहौल बदल गया।

अधिकारी संचालक के पर्सनल केबिन में काफी देर तक बैठे रहे। लगभग ढाई घंटे बाद अधिकारियों ने कहा कि उनसे पहले जिन अधिकारियों ने जांच की थी, उस समय यहां मरीज थे, इसलिए उनके पास सीलिंग का आदेश आया था। अब अस्पताल में कोई मरीज नहीं मिला, संचालक ने बताया कि पंजीयन के लिए आवेदन दिया गया है और प्रक्रिया में है। पंजीयन होते ही अस्पताल शुरू किया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग के जारी आदेश के अनुसार अमन अस्पताल नर्सिंग होम पंजीयन और लाइसेंस प्राप्त किए बिना संचालित किया जा रहा था।

आदेश में स्पष्ट था कि अस्पताल को पूर्ण रूप से सील किया जाए और यदि कोई मरीज मिले तो उसे तुरंत शासकीय चिकित्सालय में इलाज के लिए भेजा जाए। इसके बावजूद टीम का रुख बदलने पर सवाल उठ रहे हैं कि ऊपरी विभाग के आदेश के बावजूद अचानक निर्णय कैसे बदला।

पुष्पेंद्र जामले ने कहा कि वे जांच करने आए थे, अस्पताल अभी शुरू नहीं हुआ है। शिकायत मिली थी, जांच की गई, कोई मरीज नहीं मिला। संचालक ने पंजीयन आवेदन देने की बात कही है।

इस बीच क्षेत्र में कई झोलाछाप डॉक्टर क्रॉस पैथी में काम कर रहे हैं और खुद को डॉक्टर बताकर प्रैक्टिस चला रहे हैं। इलेक्ट्रोपैथी की डिग्री की आड़ में एलोपैथिक दवाइयां देकर मरीजों की जान से खिलवाड़ करने के आरोप हैं। हाल ही में ग्राम पंचायत डवाली के एक नागरिक ने गांव के एक डॉक्टर पर गलत इलाज का आरोप लगाया था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ऐसे फर्जी डॉक्टरों पर अब तक कार्रवाई नहीं कर पाया है।



## मंजुला मेवाड़े ने दिया पौधारोपण का संदेश, जन्मदिन पर लगाए पौधे

**मंडलेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने, विश्व पर्यावरण दिवस तथा पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में मंडलेश्वर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एवं नगर परिषद मंडलेश्वर एल्डरमैन मंजुला मेवाड़े ने अपने खेत में जामुन एवं शमी के पौधों का रोपण किया।इस अवसर पर मंजुला मेवाड़े ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण देने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन के विशेष अवसरों पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने सभी भाई-बहनों तथा प्रकृति प्रेमी माता-बहनों से आग्रह किया कि वे अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ एवं अन्य शुभ अवसरों पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि पौधे केवल पर्यावरण को हरा-भरा नहीं बनाते, बल्कि मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन, स्वच्छ वातावरण भी प्रदान करते हैं। सरकार द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत अभियान को जन-जन का सहयोग मिलना आवश्यक है। मंजुला मेवाड़े ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुंदर और हरित पर्यावरण मिल सके।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट की ग्राम जामठी के पेयजल संबंधी वस्तुस्थिति

## वन भूमि पर अतिक्रमण के कारण स्थायी जल संरचना संभव नहीं, टैंकर से आपूर्ति जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर



सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों में ग्राम पंचायत मालवीर अंतर्गत ग्राम जामठी के रामलाल फालिया और पलासपानी फालिया के निवासियों द्वारा गहरे गड्ढों से पेयजल लाने संबंधी प्रसारित समाचार पर जिला प्रशासन ने वस्तुस्थिति स्पष्ट की है।

प्रशासन के अनुसार संबंधित क्षेत्र में लगभग 15 परिवार वन भूमि पर अतिक्रमण कर दूर-दूर बसे हुए हैं। उक्त क्षेत्र में किसी भी परिवार को वन अधिकार पट्टा जारी नहीं किया गया है। वनमंडलाधिकारी बुरहानपुर के प्रतिवेदन के अनुसार परिक्षेत्र शाहपुर अंतर्गत बीट मोहद के कक्ष क्रमांक 449 की वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर कुछ परिवार निवास कर रहे हैं। शासन की योजनाओं और स्थायी अधोसंरचना संबंधी कार्यों के क्रियान्वयन में विधिक प्रावधानों का पालन आवश्यक है। वन भूमि पर अतिक्रमण होने के कारण वहां स्थायी जल संरचना स्थापित कर जल उपलब्ध कराना संभव नहीं है।

वन विभाग द्वारा पहले संबंधित अतिक्रमणकारियों को बेदखली नोटिस भी जारी किए जा चुके हैं। वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर मानवीय दृष्टिकोण और संवेदन शीलता अपनाते हुए ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकता और मांग के अनुसार समय-समय पर पेयजल उपलब्ध कराया जाता रहा है।इसी कड़ी में बुधवार को भी संबंधित क्षेत्र में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पानी का टैंकर भेजा गया। प्रशासन द्वारा क्षेत्र के निवासियों के लिए आवश्यकता नुसार पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। जिला प्रशासन ने कहा कि संबंधित क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था संबंधी अन्य माध्यमों में प्रसारित समाचार तथ्यात्मक रूप से भ्रामक और अपूर्ण है। आवश्यकता अनुसार नियमित रूप से वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है।

## सिविल अस्पताल में चोरी की घटना का खुलासा, 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंडलेश्वर



थाना मण्डलेश्वर की पुलिस टीम ने सिविल अस्पताल मण्डलेश्वर की नई बिल्डिंग में हुई चोरी की घटना का खुलासा कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है ।दिनांक 18 मई को थाना मण्डलेश्वर पर मेडिकल ऑफिसर महेश्वर ने सूचना दी कि आज दिनांक को सिविल अस्पताल मण्डलेश्वर की नई बिल्डिंग के निरीक्षण के दौरान अस्पताल के भूतल एवं प्रथम तल के कुछ कमरों के ताले टूटे हुए पाए गए ।

कमरों की जांच करने पर ऑक्सीजन फ्लोमीटर कनेक्टर, ऑक्सीजन जंक्शन बॉक्स कंट्रोलर, लगभग 300 मीटर कॉपर ऑक्सीजन पाइप, फायर सिलेंडर, 4 ए.सी. इंडोर यूनिट, 2 ए.सी. आउटडोर यूनिट, 1 सीसीटीवी कैमरा तथा फायर पाइप बॉक्स के कॉपर कनेक्टर एवं होज पाइप आदि गायब मिले । इसके पश्चात अस्पताल की छत का निरीक्षण करने पर पाया गया कि छत पर लगे दरवाजे का नकुचा टूटा हुआ था तथा दरवाजा खुला हुआ था । प्रारंभिक जांच में अनुमान है कि अज्ञात चोर छत के रास्ते भवन में प्रवेश कर कमरों के ताले तोड़कर उक्त सामग्री चोरी कर ले गए है । वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा सिविल अस्पताल में हुई चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी मण्डलेश्वर निरीक्षक पंकज तिवारी के नेतृत्व में थाना मण्डलेश्वर से पुलिस टीम का गठन किया जाकर अज्ञात आरोपियों की तलाश पतारसी कर उनकी धरपकड़ करने हेतु निर्देशित किया गया था ।गठित पुलिस टीम के द्वारा सिविल अस्पताल एवं आसपास के आने जाने वाले सभी के संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही फुटेजो का संकलन किया गया एवं उन्हें बारीकी से खंगाला गया । जिसमें पुलिस टीम के द्वारा उक्त चोरी की घटना में संलिप्त संदेहियों को चिह्नित किया गया ।

पुलिस टीम के द्वारा स्थानीय स्तर पर मुखबिरों को भी सक्रिय कर सीसीटीव्ही फुटेज में दिख रहे संदेही व उक्त चोरी की घटना में संलिप्त आरोपियों की जानकारी एकत्रित करने के लिए लगाया गया परिणाम स्वरूप पुलिस टीम को विवेचना के दौरान जानकारी मिली कि उक्त चोरी में मण्डलेश्वर के रहने वाले सोनू उर्फ अजय, गोलू उर्फ गौतम एवं लक्की तंवर का हाथ है ।



## एक नशामुक्त समाज के निर्माण में हर नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण-कलेक्टर

**पुलिस विभाग ने आयोजित किया नशामुक्ति सूचना शिविर**

**मन्दसौर।** पुलिस विभाग के तत्वावधान में स्थानीय कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में नशामुक्ति सूचना शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर अदिती गर्ग ने कहा कि एक नशामुक्त समाज के निर्माण में हर नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने जनता से अपील की कि प्रशासन द्वारा जारी किए जा रहे हेल्पलाइन नंबर पर अवैध गतिविधियों की सूचना देकर पुलिस का सहयोग करें।एसपी विनोद कुमार मीना ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन सदैव आमजन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर दी जानी चाहिए। शिविर में नशामुक्ति विशेषज्ञ डॉ. वंदना पाटीदार ने नशे के घातक दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह किस तरह व्यक्ति, परिवार और समाज को बर्बाद करता है। उन्होंने पीड़ित व्यक्तियों को उपचार के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान मेडिकल कॉलेज की टीम ने प्रभावी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जबकि भावना लोहार ड्राइंग स्कूल की टीम द्वारा आकर्षक पोस्टर प्रदर्शनी और रंगोली सजाई गई। कार्यक्रम में प्राचार्य श्री महेश त्रिवेदी द्वारा नशामुक्ति पर आधारित एक विशेष गीत भी लॉन्च किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सीएसपी जितेंद्र भास्कर ने किया और अंत में एसडीओपी कीर्ति बघेल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## अखिल भारतीय बलाई महासंघ व म.प्र. महा वाल्मीकि पंचायत के कार्यकर्ता पुलिस थाने पर पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

### समाज के आक्रोश के बाद टीआई बोले- दर्ज करेंगे एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद

नगर के फ्रीगंज क्षेत्र में सोमवार को बाइक से महिला को टक्कर लगी। इसके बाद बाइक चालक ने महिला से मारपीट की। महिला थाने पहुंची तो मौजूद पुलिसकर्मी ने एनसीआर करने की बात कही। इससे परिवार संतुष्ट नहीं हुआ।जिला मुख्यालय शिकायत करने की बात कहते हुए थाने से वापस आ गए। इसके बाद मंगलवार सुबह इसी मामले को लेकर अखिल भारतीय बलाई महासंघ व मप्र महा वाल्मीकि पंचायत के कार्यकर्ता थाने पहुंचे। थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। दलित परिवार को न्याय, आरोपी पक्ष पर कार्रवाई आदि मांग की।

जिलाध्यक्ष आकाश शिंदे व नगर अध्यक्ष गोलू बोयड़ ने बताया महिला को टक्कर मारकर घायल कर दिया। उसके बाद बाइक चालक युवक ने धारदार हथियार निकालते हुए महिला से मारपीट की। इसके बाद पीड़ित महिला कम्मो बाई अपने पति दीपक के साथ थाने पर आई, लेकिन ड्यूटी पर मौजूद एएसआई ने अदमचेक काटने की बात कही। जबकि आरोपी पर पूर्व में भी अपराध दर्ज है तो उस पर एफआईआर दर्ज होना चाहिए।

ज्ञापन देने के दौरान बबलू वाशिंदे, राहुल मेवा, निखिल आदिवाल, नवीन आदिवाल, सुरेश सांवले, करामात, गोलू सांवले, ऋतिक गौसर, सागर गौसर, सचिन सिहोते, दिनेश सिहोते, अभिषेक, रवि आदिवाल, सचिन घावरी, राजेश आदिवाल, बिट्टा आदिवाल, कान्हा आदिवाल आदि मौजूद थे। इस मामले में टीआई धर्मेंद्र यादव ने बताया आरोपी पर कार्रवाई की जा रही है। परिवार रात को खरगोन जिला मुख्यालय पर शिकायत करने का कहकर वापस चला गया था।

आरोपी पर यदि पूर्व से अपराध दर्ज है तो एफआईआर करवाकर उस पर कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं। शाम को ही संगठन के लोगों को बता दिया था कि यदि वह आरोपी है तो उस पर एफआईआर दर्ज कर देंगे।

## पिस्टल-चाकू समेत स्विफ्ट कार जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार



**बुरहानपुर।** नेपानगर पुलिस ने अवैध हथियार तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार को एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक पिस्टल, चाकू और एक स्विफ्ट कार जब्त की है। नेपानगर थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञानू जायसवाल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बंटी उर्फ ब्रजेश पिता किशोरीलाल दावरे (46), निवासी ई-टाइप नेपानगर, अपनी सिल्वर रंग की मारुति स्विफ्ट कार (एमपी 43-सी 4256) में अवैध पिस्टल लेकर बीड़ की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही टीआई अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को रोका। तलाशी लेने पर कार की पिछली सीट पर रखे एक लाल बैग से एक हस्तनिर्मित देशी पिस्टल और एक धारदार चाकू बरामद हुआ।

आरोपी बंटी उर्फ ब्रजेश के पास इन हथियारों का कोई वैध लाइसेंस नहीं था। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक शाहाबुद्दीन कुरैशी, सहायक उपनिरीक्षक सुनील दुबे, आरक्षक राकेश कनासे, मनमोहन सिंह और गजेंद्र रावत शामिल थे।

## भीषण गर्मी में बोहरा समाज की अनूठी पहल

**पिपलिया मंडी।** बोहरा समाज एक ऐसा समाज है जो सेवा और धर्म के कार्य इस प्रकार करता है कि बाएं हाथ से किए गए पुण्य कार्य का दाएं हाथ को भी पता नहीं चलता। इसी सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए शिया दाऊदी बोहरा समाज, पिपलिया मंडी द्वारा च्बीट द हीटज् अभियान के तहत गांधी चौराहे पर राहगीरों एवं वाहन चालकों को ठंडी छाछ वितरित की गई।उक्त जानकारी देते हुए बोल बम सेवा समिति प्रमुख किशोर रोचानी ने बताया है कि कार्यक्रम में सूरत से पधारे इस्माइल भाई की गरिमामयी उपस्थिति रही। समाज के सभी वरिष्ठजन एवं युवा साथियों ने मिलकर भीषण गर्मी में सैकड़ों लोगों को प्रेम, आत्मीयता और सम्मान के साथ ठंडी छाछ पिलाई, जिससे राहगीरों को राहत मिली।इस सेवाभावी पहल की नगरभर में सराहना हो रही है। नागरिकों ने बोहरा समाज के इस कार्य को मानवता, सामाजिक सद्भाव और जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए समाज की सेवा भावना की बहुत-बहुत प्रशंसा की।

## सूरत स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य के कारण कुछ ट्रेनें प्रभावित

**उज्जैन।** सूरत स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के अंतर्गत प्लेटफॉर्म क्रमांक 2, 3 एवं 4 के बीच थ्रू रूफ लॉन्चिंग के कार्य के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, प्रभावित ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार हैः शॉर्ट टर्मिनेट / शॉर्ट ओरिजिनेट होने वाली ट्रेनेंः- 10 जून, 2026 तक यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 12935 बांद्रा टर्मिनसझ्रसूरत सुपरफास्ट एक्सप्रेस उधना स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। अतः यह ट्रेन उधना एवं सूरत स्टेशनों के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी 7 जून, 2026 तक यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 20925 सूरतझ्र अमरावती सुपरफास्ट एक्सप्रेस उधना स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। अतः यह ट्रेन सूरत एवं उधना स्टेशनों के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। 8 जून, 2026 तक यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 20926 अमरावतीझ्र सूरत सुपरफास्ट एक्सप्रेस उधना स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। अतः यह ट्रेन उधना एवं सूरत स्टेशनों के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

## शासकीय आईटीआई मक्सी रोड उज्जैन में सत्र 2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), मक्सी रोड में सत्र 2026 के लिए विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। संस्था द्वारा इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।संस्था प्रशासन के अनुसार अभ्यर्थी एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर अथवा स्वयं के स्तर पर भी आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं।

प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित किसी भी सहायता के लिए संस्था का हेल्पडेस्क उपलब्ध रहेगा।प्रमुख उपलब्ध ट्रेडसंस्था में इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, वेल्डर, मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईओटी स्मार्ट सिटी, स्टेनोग्राफी, कंप्यूटर, प्लंबर, कारपेंटर, मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, ड्राफ्ट्समैन सिविल, ड्रेस मेकिंग एवं फैशन टेक्नोलॉजी सहित कई व्यवसायों में प्रशिक्षण उपलब्ध है।विशेष सुविधाएँयहाँ एक वर्षीय एवं द्विवर्षीय पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। संस्था में आधुनिक प्रयोगशालाएँ, अनुभवी प्रशिक्षण अधिकारी एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही दृष्टिबाधित एवं श्रवण बाधित विद्यार्थियों के लिए विशेष कंप्यूटर ट्रेड में प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गई है।संस्था ने इच्छुक अभ्यर्थियों से समय रहते पंजीयन कराने की अपील की है ताकि वे अपने कौशल विकास के माध्यम से रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। ऑनलाइन पंजीयन कर सकते है।

## न्यूज -कॉलम

### सात माह बाद खाते में आई ऑनलाइन ठगी की राशि

**उज्जैन।** टेलिग्राम पर मिली लिंक को क्लीक करने के बाद मुनाफा मिलने के लालच में तराना तहसील के ग्राम खाकरीपुरा में रहने वाले जितेन्द्र पिता रूपचंद्र सोनी के साथ ऑनलाइन 54 हजार की ऑनलाइन ठगी हो गई थी। 14 अक्टूबर 2025 को जितेन्द्र ने अपने साथ हुई ठगी की शिकायत सायबर हेल्पलाइन 1930 पर दर्ज कराई थी। जहां से मामला पुलिस के पास पहुंचा था। पुलिस ने बैंक से समन्वय स्थापित की ठगी की राशि का होल्ड कराया था। ठगे गये 54 हजार में से 30 हजार का ट्रांजेक्शन उडीसा की स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाते में हुआ था। जिसे पुलिस ने सात माह बाद फरियादी जितेन्द्र सोनी के खाते में पुनः ट्रांसफर करा दिया। शेष राशि सायबर ठगों ने निकाल ली थी। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी रामनारायणसिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में प्रधान आरक्षक महेश पटेज और आरक्षक आनंद की भूमिका रही। पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि सायबर अपराधों से बचाव के लिये जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। किसी भी प्रकार के लालच, फर्जी लिंक, अनजान कॉल और ओटीपी को साझा करने से बचें। यदि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होती है तो तत्काल सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

### राजस्थान के दंपति की आगररोड पर फिसली बाइक

**उज्जैन।** राजस्थान के प्रतापगढ़ से बुधवार को बाइक पर सवार होकर बेटी के ससुराल इंगोरिया के ग्राम बनड़ा आ रहे माता-पिता जगदीश पिता केसूराम 60 साल और कन्याबा 55 साल आगररोड पर बाइक फिसलने से गंभीर घायल हो गये। घट्टिया तहसील में हुई घटना के बाद दोनों पति-पत्नी को एम्बुलेंस की मदद से चरक अस्पताल लाया गया। जगदीश को गंभीर चोंट लगी थी, मामले की सूचना परिजनों को दी गई। इंगोरिया से बेटी दामाद उज्जैन पहुंच गये थे, वहीं राजस्थान से परिवार के अन्य सदस्य शाम को उज्जैन पहुंचे। बाइक फिसलने की वजह तेजगति होना बताया जा रहा है।

### गरोठ ब्रिज के पास बेसुध हालत में मिला मैकेनिक

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र के गरोठ ब्रिज के पास बेसुध हालत में पड़े युवक की सूचना मिलने पर 108 एम्बुलेंस उसे चरक अस्पताल लेकर पहुंची। युवक ने जहरीला पदार्थ खाया था, जिसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने आईसीयू में भर्ती किया। उसके पास मिले दस्तवेजों से सामने आया कि इंगोरिया के ग्राम रणावा का रहने वाला राहुल पिता भैरूलाल चौहान 33 साल है। पंवासा थाना पुलिस को अस्पताल से सूचना मिली तो बयान दर्ज करने पहुंची, लेकिन हालत नाजुक होने पर बयान दर्ज नहीं हो पाये। दस्तावेजों के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के आने पर पता चला कि नानाखेड़ा क्षेत्र में मैकेनिक का काम करता है। परिजन उसके जहरीला पदार्थ खाने का कारण नहीं बता पाये। हालात सुधरने पर बयान दर्ज करेगी।

### बाइक सावर ने 2 नाबालिग बहनों को मारी टक्कर

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र के नवलखी पार्क श्री सिंथेटिक्स चौराहा के पास रहने वाली 2 नाबालिग बहनें मुस्कान पिता संतोष कुमार प्रजापति 15 साल और राशि पिता संतोष कुमार प्रजापति पैदल पाटपाला पेट्रोलपंप के पास खडी थी। उसी दौरान तेजगति से आये बाइक चालक ने दोनों को टक्कर मार दी। दोनों बहनें घायल हो गई। जिन्हे उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। पंवासा थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर मामला जांच में लिया। बाइक चालक राहुल पिता कैलाश सोनगरा निवासी ग्राम उमरिया जागीर होना सामने आया। जिसके खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### अवैध शराब और चाकू के साथ 2 को पुलिस ने पकड़ा

**उज्जैन।** झारड़ा थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर ग्राम रणायरापीर दरबार दा ढाबा के पास से हाथ भट्टी से बनी शराब के साथ मेहरबानसिंह सौंधिया को गिरफ्तार किया। उसके पास से प्लास्टिक की केन में भरी 3 लीटर से अधिक शराब शराब बरामद की गई। मामले में आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं चिमनगंज थाना पुलिस ने कानीपुरा रोड मल्टी के पास चाकू लेकर घूम रहे सावन नामक युवक को सूचना मिलने घेराबंदी कर पकडा। एसआई राजाराम चौहान ने बताया कि चाकू के साथ हिरासत में आया युवक अपराधिक प्रवृति का है। जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई है।

### उधार रूपये मांगे तो लोहे के सरिये से किया हमला

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम पालखंदा में रहने वाले प्रताप पिता अम्बाराम धानक ने कुछ समय पहले ग्राम में रहने वाले बंटी को रूपये उधार दिये थे। बीती शाम बंटी अपने घर का काम करवा रहा था। उसी दौरान प्रताप ने उसे देखा तो उधार दिये रूपये लौटाने की बात कहीं। बंटी ने विवाद शुरू कर दिया और मकान का काम कर रहे मिस्त्री प्रहलाद के साथ मिलकर लोहे के सरिये प्रताप पर हमला कर दिया। पुलिस ने घायल प्रताप की शिकायत पर बंटी और प्रहलाद के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 139-3 | 380-1 |
| मेन बाजार | 245-1 | 228-2 |
| कल्याण नाइट | 245-1 | 459-8 |
| मिलन डे | 346-3 | 450-9 |
| मिलन नाइट | 467-7 | 257-4 |
| मधुर डे | 227-1 | 112-4 |
| मधुर नाइट | 480-2 | 890-7 |
| शुभांक | 2 5 | 8 |

गुजरात के गोधरा से हिरासत में आया शातिर आरोपी....

# डीजीपी का रिश्तेदार बन नौकरी के नाम पर ठगे थे 25 लाख

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पुलिस विभाग के डीजीपी का रिश्तेदार बताकर नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला गुजरात के गोधरा से पुलिस की हिरासत में आ गया। जिसे पूछताछ के लिये 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। आरोपी की राजस्थान में भी ठगी को अंजाम दे चुका है।



चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम तलोद में रहने वाले फतेहसिंह पिता भैरूसिंह ने पिछले माह महिदपुर थाना पुलिस को शिकायती आवेदन दिया था कि बालूसिंह पिता भेरूसिंह चौहान निवासी झारखेडी द्वारा वन विभाग में नौकरी दिलाने के नाम उसके और गांव के अन्य युवकों के साथ 25 लाख से अधिक की धोखाधडी की गई है। बालूसिंह खुद को डीजीपी का रिश्तेदार बता रहा था। महिदपुर पुलिस ने आवेदन की जांच शुरू पूरी कर 15 मई को धारा 420, 120 बी, 294, 506 का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की थी। सायबर टीम के एसआई प्रतिक यादव से बालूसिंह की लोकेशन गुजरात के गोधरा में मिलने पर थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार ने एसआई अन्नपूर्णा, एएसआई विरेन्द्रप्रतापसिंह, प्रधान आरक्षक जितेन्द्रसिंह, आरक्षक राघवसिंह, मोहरसिंह और डॉ. नारायण की टीम को रवाना किया गया। जहां दबिश देकर बालूसिंह को हिरासत में लिया गया और महिदपुर लाया गया। जिसे न्यायालय में पेश कर 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान ठगी में उसके दो साथी जितेन्द्र पिता सत्यनारायण बैरागी निवासी अम्बेडकर कॉलोनी उज्जैन और लखन पिता सौदानसिंह, निवासी देवास नाका विजय नगर इंदौर के नाम सामने आये। जिनकी गिरफ्तारी के लिये टीम रवाना की गई है।

#### 2022 में बुलाया था चाय की दुकान पर

नौकरी के नाम पर ठगी की शिकायत करने वाले फतेहसिंह ने अपनी शिकायत में बताया था कि बालूसिंह चौहान से वर्ष 2022 में पहचान हुई थी। वन विभाग में कई पद खाली होने पर साथियों के दस्तावेज भी लाने की बात कही। उसकी बातों में आकर गांव के जितेन्द्र चंद्रवंशी, विकास सूर्यवंशी, मुकेश चंद्रवंशी, बलराम चंद्रवंशी और अन्य उससे मिलने कटन चौराहा चाय की दुकान पर पहुंचे। जहां उसने अलग-अलग पदो के नाम पर 80 हजार से दो लाख रूपये तक लिये।

#### परीक्षा के नाम भोपाल तक लेकर गया

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि सभी युवकों से रुपए और दस्तावेज प्राप्त करने के बाद बालूसिंह उन्हे भोपाल लेकर गया था, जहां परीक्षा कराने की बात कहीं थी। लेकिन एक होटल में ठहरा कर दूसरे दिन वापस ले आया और कहा कि सभी का नाम लिस्ट में आ जायेगा। काफी समय तक नौकरी नहीं मिली तो रूपये लौटाने की बात कहीं। बालूसिंह जान से मारने की धमकी देने लगा और संपर्क छोड गायब हो गया था।

#### राजस्थान में कर चुका था धोखाधडी

थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार ने बताया कि आरोपी के गिरफ्त में आने पर सामने आया कि उसके द्वारा राजस्थान के जयपुर में भी कई लोगों के साथ धोखाधडी की है। जयपुर के युवकों द्वारा भी उसकी शिकायत दर्ज कराई जा रही है। यहीं नहीं बालूसिंह का पुराना अपराधिक रिकार्ड खंगालने पर सामने आया कि वह पूर्व में हत्या के प्रयास, धोखाधडी, जालसाजी, षडयंत्र सहित 6 अपरधों महिदपुर और आलोट में दर्ज है।

# प्रेम प्रसंग में यू-टर्न बच्चों के पास लौटी मां

### समझाईश के बाद टूटा रिश्ता फिर जुडा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



पति और बच्चों को छोड़ 21 दिन पहले घर छोडने वाली महिला प्रेमी को छोड वापस बच्चों के पास लौट आई। लापता होने के 10 दिन बाद पुलिस ने उसे दस्तयाब किया था, लेकिन उसने पति और बच्चों के साथ रहने से मना कर दिया था। 11 दिन बाद प्रेम प्रसंग में यू-टर्न आ गया।

बडनगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि ग्राम मिठीखेडी के रहने वाले बहादूर मोहरी की पत्नी अंगूरीबाई 12 मई को लापता हो गई थी। पति ने 3 बच्चों को छोड लापता हुई पत्नी की गुमशुदगी 13 मई को दर्ज कराई। पुलिस ने महिला की तलाश शुरू की, 23 मई को उसे खोज लिया गया। लेकिन उसने पति और बच्चों के साथ रहने से इंकार करते हुए प्रेमी के साथ रहने की बात पर अड गई। बच्चों की आंखो में आंसू आ गये लेकिन अंगूरीबाई नहीं मानी और पुलिस को बयान देकर वापस प्रेमी के साथ चली गई। पति और बच्चों ने दिल पर पत्थर रख लिया। लेकिन 2 जून की शाम प्रेम प्रसंग में यू-टर्न आ गया। अंगूरीबाई बडनगर थाने पहुंची और पति बच्चों के रहने की इच्छा जताई। उसका कहना था कि बच्चों की याद सता रही है। थाना प्रभारी के अनुसार मामला पेचिदा होने पर बुधवार को पति और बच्चों को बुलाया गया। पति साथ रहने को तैयार नहीं था लेकिन टूटा रिश्ता और मां की याद में बच्चों के बहते आंसूओं के खातिर पति-पत्नी को समझाईश दी गई। कुछ घंटो में टूटा रिश्ता फिर से मुस्कराने लगा। बच्चों को ममता की छांव में सूकन मिल गया।

मजदूरी के दौरान हुआ था प्रेम-प्रसंग

थाना प्रभारी ने बताया कि अंगूरीबाई के लापता होने पर उसे 10 दिन बाद दस्तयाब किया था। उस दौरान सामने आया था कि अंगूरीबाई का परिवार मजदूरी करता है। मजदूरी के दौरान बालोदालक्खा के व्यक्ति से उसका प्रेम-प्रसंग हो गया था। काफी समय तक दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग चलता रहा और 21 दिन पहले दोनों ने साथ रहना तय कर लिया। अंगूरीबाई बच्चों और पति को छोड चली गई थी।

# लापता दोस्तों के 15 फीट गहरी डबरी से मिले शव

### मंगलवार सुबह निकले थे, रातभर परिजन करते रहे तलाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





घर से सुबह निकले 2 दोस्त लापता हो गये थे, परिजनों ने तलाश शुरू की और पुलिस को सूचना दी। बुधवार सुबह पता चला कि उनकी बाइक डबरी के पास खडी है। दोनों के डूबने की आशंका में तलाशी अभियान शुरू किया गया। 2 घंटे बाद दोनों के शव 15 फीट गहराई से निकाले गये।

भाटपचलाना के ग्राम चिरोला में रहने वाला कमल पिता हीरालाल 20 साल अपने दोस्त अजय पिता सुमनदास बैरागी 16 साल के साथ मंगलवार सुबह 9.30 बजे बाइक से निकले थे। देर शाम तक वापस नहीं लौटे, परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। अंदेशा लगाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रिकालिन क्रिकेट प्रतियोगिता चल रही है, जिसे देखने गये होगें। लेकिन बुधवार सुबह भी दोनों का कुछ पता नहीं चला। मामले की सूचना पुलिस को दी गई और दोबारा तलाश शुरू की गई। सुबह 11 बजे के लगभग जानकारी सामने आई कि लापता दोस्तों की बाइक ग्राम चिरोला में ही अंतिम पाटीदार की 200 बाय 200 के क्षेत्र में बनी डबरी के पास खडी है। परिवार और पुलिस मौके पर पहुंची। डबरी के ऊपरी हिस्से पर चढ़कर देखा गया, एक छोर पर मोबाइल और दोनों की चप्पल पडी दिखाई दी। डूबने का आशंका में थाना प्रभारी सत्येन्द्र चौधरी ने स्थानीय गोताखोरों को बुलाया। डबरी की गहराई 15 फीट से अधिक की थी। उनका पता लगाने के लिये एक ग्रामीण अंडर वाटर कैमरा लेकर आया। जिसके माध्यम से सर्चिंग शुरू की गई। कुछ देर बात दोनों के शव गहराई में दिखाई दिये। गोताखोरों ने बाहर निकालने के प्रयास शुरू किये। दोपहर 1 बजे के लगभग दोनों के शव बाहर निकाल लिये गये। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम के लिये बड़नगर अस्पताल पहुंचाया।

**एक को बचाने में दूसरे के डूबने की शंका-** थाना प्रभारी सत्येन्द्र चौधरी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दोनों दोस्त डबरी के पास पहुंचे थे। डबरी में पानी रोकने के लिये काली प्लास्टिक की पॉलिथीन बिछाई गई थी। संभवतः एक पैर फिसलने से डबरी में गिर गया। उसे बचाने के लिये दूसरा अपना मोबाइल और चप्पल उतार डबरी में उतारा, लेकिन दोनों गहराई अधिक होने पर अपनी जान बचाने में नाकाम रहे। दोनों को ठीक से तैरना भी नहीं आता था। अजय के पिता राधाकृष्ण मंदिर में पुजारी है, वहीं कमल के पिता खेती किसानी करते है।

# क्षिप्रा एक्सप्रेस से पकड़ाये अधेड के पास मिली हेरोइन

**केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरों की टीम पहुंची रेलवे स्टेशन**




**उज्जैन।** क्षिप्रा एक्सप्रेस में सवार एक व्यक्ति के पास मादक पदार्थ हेरोइन होने की खबर पर केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरों के अधिकारियों की टीम उज्जैन रेलवे स्टेशन पहुंची और ट्रेन में सर्चिंग के बाद उक्त व्यक्ति को हिरासत में लिया। जिसके पास से बेग में रखे 2 पैकेट बरामद हो गये।

बताया जा रहा है कि मंगलवार देर रात केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरों ईकाई मध्यप्रदेश के नीमच-इंदौर और उज्जैन के अधिकारियों की एक टीम उज्जैन रेलवे स्टेशन पहुंची थी। उन्हे सूचना मिली थी कि क्षिप्रा एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल कोच से एक व्यक्ति मादक पदार्थ हेरोइन लेकर हावड़ा पश्चिम बंगाल जा रहा है। ट्रेन के उज्जैन पहुंचने पर जनरल कोच में सर्चिंग की गई। संदेह के आधार पर हैंड बैग के साथ उक्त व्यक्ति को हिरासत में लिया गया और प्लेटफार्म नम्बर 1 आरपीएफ पोस्ट (कार्यालय) पर लाया गया। जहां बैग की तलाशी लेने पर उसमें रखे से 2 पैकेट मिले। जो 1 किलो 67 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन के थे। पूछताछ में उक्त व्यक्ति नाम रमेशचंद्र पिता भुआन 54 साल निवासी प्रतापगढ़ राजस्थान सामने आया। आरपीएफ पोस्ट पर उक्त व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट अधिनियम 1985 में उसकी गिरफ्तारी ली गई, जिसे पूछताछ के लिये नीमच ले जाया गया है। जानकारी सामने आई है कि उक्त आरोपित राजस्थान प्रतापगढ़ क्षेत्र से इंदौर-उज्जैन मार्ग के माध्यम से पश्चिम बंगाल जा रहा था। केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरों की टीम उससे मादक पदार्थ तस्करी के नेटवर्क में शामिल व्यक्तियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। जानकारी यह भी सामने आई है कि सीबीएन मध्य प्रदेश ने इस कैलेंडर वर्ष में अब तक 58 मामले दर्ज किए है और 77 व्यक्तियों की गिरफ्तारी की है, जो नशा मुक्त भारत की दिशा में प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

CDSL एनएसडीएल बीएसई एनएसई
निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष प्राधिकरण (आईईपीएफए)
(कॉर्पोरेट मामलों का मंत्रालय)
सार्वजनिक नोटिस
निवेशक शिविर
कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के तहत भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) के सहयोग से कार्यरत निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष प्राधिकरण (आईईपीएफए) भारत भर में दावेदारों की चिंताओं और प्रश्नों को संबोधित करने के लिए एक समर्पित पहल, निवेशक शिविर शुरू कर रहा है।
उद्देश्य
निवेशक शिविर का उद्देश्य निवेशकों के लिए सेवाओं को सरल बनाना, वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना और निवेशकों की सुरक्षा को मजबूत करना है ताकि:
• बकाया लाभांश (जो 6-7 वर्षों से लंबित हैं) के हस्तांतरण को सुगम बनाना।
• कंपनी के साथ केवाईसी और नामांकन संबंधी अपडेट में सहायता करना।
• दावा न किए गए और भुगतान न किए गए शेयरों और लाभांशों से संबंधित लंबित आईईपीएफए दावों का समाधान करना।
अनुसूचित शहर
इस परिकल्पना को आगे बढ़ाने के लिए भोपाल में निवेशक शिविर का आयोजन किया जाएगा।
घटना विवरण
दिनांक/समय: 5 जून 2026, सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक
स्थान: वृन्दावन गार्डन होशंगाबाद रोड, एनएच 12, भोपाल, मध्य प्रदेश 462026
कैसे भाग लें
कृपया इस सूचना में दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके या इस लिंक: https://qr.me-qr.com/l/NiveshakShivir पर क्लिक करके पंजीकरण करें। यह पंजीकरण हमें यह सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि आपको निवेशक शिविर में सबसे प्रभावी और समय पर सहायता प्राप्त हो।
अधिक जानकारी के लिए
कृपया हमारी आधिकारिक वेबसाइट www.iepf.gov.in पर जाएं। निवेशक शिविर से संबंधित नवीनतम अपडेट और घोषणाओं के लिए आप हमें हमारे सोशल मीडिया चैनलों पर भी फॉलो कर सकते हैं।
हम सभी दावेदारों को प्रोत्साहित करते हैं कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और हमारे विशेषज्ञों से सीधे अपनी चिंताओं का समाधान करवाएं। बेहतर सेवा और सहायता प्रदान करने में आपका सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है।
टोल फ्री नंबर: 14453 | कॉल सेंटर: सोमवार से शुक्रवार सुबह 9:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक
www.iepf.gov.in
cbc 07110/12/0001/2627

# ब्रह्म परम औषधि



मनुष्य स्वभाव से जिज्ञासु प्राणी है। वह हरेक वस्तु, घटना और परिस्थिति के पीछे छिपे कारण को जानना चाहता है। यही जिज्ञासा विज्ञान, दर्शन और अध्यात्म की जन्मदात्री रही है। यदि हम संसार की किसी भी वस्तु का विश्लेषण करना प्रारंभ करें, तो पाएंगे कि प्रत्येक वस्तु किसी न किसी कारण का परिणाम है। उदाहरण के लिए, रसगुल्ले का कारण दूध है और दूध का कारण गाय। गाय स्वयं किसी पूर्व कारण का परिणाम है। इस प्रकार कारण और परिणाम की यह शृंखला अनंत प्रतीत होती है।

यदि मनुष्य इस शृंखला का धैर्यपूर्वक अनुसरण करता जाए, तो अंततः वह उस बिंदु तक पहुंचता है, जहां बुद्धि आगे बढ़ने में असमर्थ हो जाती है। वहां एक ऐसा परम कारण विद्यमान है, जो स्वयं किसी अन्य कारण का परिणाम नहीं है। भारतीय दर्शन उसे ब्रह्म कहता है– सभी कारणों का कारण, समस्त सृष्टि का मूल आधार। वह स्वयंभू है। उसका कोई पूर्व कारण नहीं है। इसलिए उसे किसी विशेष रूप, आकार या सीमा में बांधना संभव नहीं। यहीं से आध्यात्मिक साधना का वास्तविक आरंभ होता है। जब मनुष्य इस सत्य को समझ लेता है कि परमसत्ता किसी सीमित रूप में कैद नहीं की जा सकती, तब उसकी दृष्टि व्यापक होने लगती है। इसके विपरीत, यदि कोई व्यक्ति ईश्वर को किसी विशेष रूप, समुदाय या सीमित कल्पना तक बांध देता है, तो वह सत्य की व्यापकता से दूर रह जाता है। ऐसी साधना अंततः निराशा और भ्रम का कारण बन सकती है। आध्यात्मिक परंपराएं कहती हैं कि अमरत्व का मार्ग श्रद्धा, एकाग्रता और निष्कपट समर्पण से होकर गुजरता है। जब साधक पूरे मन से परम चेतना को अपनाता है, तब उसके जीवन में गहरा परिवर्तन आता है। यह अमरत्व केवल शरीर की अमरता नहीं, बल्कि दुखों और बंधनों से मुक्ति की अवस्था है। मानव जीवन में दुखों की समस्या सदैव रही है। भूख लगती है, तो भोजन चाहिए; रोग होता है, तो औषधि चाहिए। इन आवश्यकताओं की पूर्ति के साधनों को भारतीय दर्शन में अर्थ कहा गया है। भोजन भूख मिटाता है, दवा रोग कम करती है, धन जीवन की अनेक कठिनाइयों को सरल बनाता है। इन सबकी भी एक सीमा है। आज मिटी हुई भूख कल फिर लौट आती है। आज ठीक हुआ रोग भविष्य में पुनः उत्पन्न हो सकता है। धन और संसाधन भी स्थायी सुरक्षा या चिरस्थायी सुख की गारंटी नहीं दे सकते। यही कारण है कि भारतीय मनीषियों ने अर्थ को आवश्यक तो माना, किंतु अंतिम लक्ष्य नहीं। जीवन की मूल समस्या अस्थायी कष्टों का समाधान नहीं, बल्कि दुखों के मूल कारण से मुक्ति है और यह मुक्ति बाहरी वस्तु में नहीं, बल्कि उस परम चेतना की अनुभूति में निहित है, जो सभी सीमाओं से परे है।



सम्पादकीय

## हताश होते ट्रंप

लेबनान पर इजरायली हमलों के कारण ईरान द्वारा शांति-वार्ता रोके जाने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का खफा होना स्वाभाविक है। एक अमेरिकी न्यूज वेबसाइट ने दावा किया है कि ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को कड़ी फटकार लगाई है। वेबसाइट की मानें, तो ट्रंप ने नेतन्याहू को यह तक कह डाला कि ह्यअगर मैं न होता, तो आप जेल में होते। मैं आपकी जान बचा रहा हूं। आपकी हरकतों के कारण हर कोई आपसे और इजरायल से नफरत करने लगा है। इस दावे की सत्यता को परखे बिना कहा जा सकता है कि राष्ट्रपति ट्रंप के मिजाज और ईरान की जंग में उनके पास बचे विकल्पों को देखते हुए यह अतिरंजित खबर नहीं लगती। यह तथ्य है कि संघर्ष-विराम बढ़ाने का एकतरफा एलान वाशिंगटन ने किया है। यह भी सच है कि तमाम अमेरिकी सर्वेक्षण ईरान युद्ध के बाद देश में ट्रंप की लोकप्रियता में रिकॉर्ड गिरावट दिखा रहे हैं, जबकि कुछ ही महीनों में वहां मध्यावधि चुनाव होने हैं। उधर होर्मुज से ऊर्जा आपूर्ति के बाधित होने से पश्चिम एशिया में मित्र देश ट्रंप प्रशासन से नाखुश हैं। कई रिपब्लिकन सांसदों ने भी ट्रंप की नीतियों का विरोध किया है। ऐसे में, लेबनान में नेतन्याहू की कार्रवाइयां उनकी मुसीबत बढ़ाती जा रही हैं।

हालांकि, इस युद्ध में एक महाज सूचनाओं का भी है। अमेरिका और ईरान, दोनों तरफ से ऐसी बातें उछाली जा रही हैं, जिससे दूसरे खेमे का सिराजा बिखरता दिखाई पड़े। अभी चंद रोज पहले ईरानी मीडिया के सूत्रों के हवाले से एक खबर ने विश्व मीडिया में खूब सुर्खियां बटोरी थी कि ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर्प्स (आईआरजीसी) के कट्टरपंथी खेमे की बढ़ती दखलंदाजी से नाराज सदर पेजेशकियान ने सर्वोच्च नेता को अपना इस्तीफा सौंप दिया है और कट्टरपंथी फौजी खेमे ने सत्ता हथिया ली है। कुछ घंटों में ही ईरानी राष्ट्रपति कार्यालय से इसका खंडन भी आ गया। यह बात इसलिए विश्व मीडिया को विश्वसनीय लगी, क्योंकि इस वक्त ईरान के अंदरूनी सियासी हालात साफ नहीं हैं और कई बार तेहरान के बयान और आईआरजीसी की कार्रवाई में तालमेल का अभाव साफ दिखा। अमेरिका-ईरान शांति-वार्ता की एक मुश्किल वहां किसी फैसले को सर्वमान्य बनाना भी है। इस सूरते-हाल का स्वाभाविक ही नेतन्याहू पूरा-पूरा लाभ उठाना चाहते हैं, इसीलिए वह ईरान समर्थित हिज्बुल्ला के ठिकानों को लगातार निशाना बना रहे हैं।

### महंगाई की चक्की में पिसता वो अनाज, जिसकी रोटी सब खा रहे हैं

# मध्य वर्ग – जिसकी हथेली पर टिका है भारत, वही सबसे खाली क्यों

भारत की आर्थिक कहानी में एक ऐसा पात्र है जो हर अध्याय में मौजूद रहता है, लेकिन जिसकी पीड़ा अक्सर फुटनोट बनकर रह जाती है। यह पात्र है–मध्य वर्ग। यह वही जीवन है जो हर सुबह उम्मीद जोड़ता है और हर रात हिसाब में उलझकर टूटता थोड़ा और है। विकास, कर और उपभोग की सबसे भारी जिम्मेदारी इसी के कंधों पर है, फिर भी सुविधाएँ इसके हिस्से में हमेशा कम पड़ जाती हैं। न यह इतना कमजोर है कि योजनाओं का पूरा लाभ ले सके, न इतना सक्षम कि महंगाई और करों का दबाव सहज झेल पाए–इसलिए यह लगातार सिकुड़ती आर्थिक खाई में फँसता जा रहा है। वर्ष 2026 में स्थिर आय, बढ़ती कीमतें और ईंधन का बोझ इसे और अधिक नीरव पीड़ा में धकेल रहे हैं।



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाने वाला मध्य वर्ग आज उसी व्यवस्था के सबसे तीखे दबाव में है–विडंबना यह कि जिस मशीन को वह चलाता है, उसका सबसे भारी बोझ भी वही उठाता है। उपभोग, कर और नकदी प्रवाह की धुरी होने के बावजूद उसकी आय का अधिकांश हिस्सा रोजमर्रा खर्चों में ही समाप्त हो जाता है; शहरों में किराया कमाई को निगलता है, ईएमआई आय को जकड़ती है, राशन और शिक्षा का बढ़ता खर्च लगातार दबाव बनाता है। कर राहतें महंगाई की रफ्तार के आगे कमजोर पड़ जाती हैं, जिससे बचत घटती है और भविष्य और अधिक अनिश्चित होता जाता है।

कीमतों की चुपचाप उठती लहरें सबसे पहले मध्य वर्ग की जेब से टकराती हैं, क्योंकि उसके पास बचाव की गुंजाइश सबसे कम होती है। पेट्रोलझडीजल महँगा होता है तो असर सिर्फ गाड़ी तक नहीं रहता–परिवहन से लेकर रसोई, बाजार और हर जरूरी सेवा की कीमतें ऊपर चढ़ जाती हैं। सब्जी, दूध, दाल और रोजमर्रा का सामान लगातार बजट को अस्थिर करता रहता है, जबकि आय उसी रफ्तार से नहीं बढ़ती। चिकित्सा खर्च तेजी से बढ़ रहा है और शिक्षा की लागत भी हर साल नई ऊँचाई छू रही है। न मुफ्त इलाज का सहारा है, न पूरी तरह सस्ती शिक्षा का विकल्प–हर सेवा का पूरा मूल्य चुकाकर ही यह वर्ग अपनी जरूरतें पूरी करता है।



करों की अदृश्य परतें जब आम जीवन पर चढ़ती हैं, तो सबसे पहले मध्य वर्ग की सांसें भारी हो जाती हैं। आयकर का सबसे बड़ा हिस्सा देने के बावजूद यह वर्ग लाभों की कतार में अक्सर पीछे रह जाता है। एक ओर गरीब वर्ग को योजनाओं और सब्सिडी का सहारा मिलता है, दूसरी ओर संपन्न वर्ग कर-योजनाओं से राहत निकाल लेता है–पर इनके बीच खड़ा मध्य वर्ग न पर्याप्त सहायता पा पाता है, न कर बचाने की सुविधा। बिजली, पानी, किराया और हर उपभोग वस्तु पर सीधे-परोक्ष करों का दबाव उसकी जेब को लगातार हल्का करता रहता है। नतीजतन, आय बढ़ने के बावजूद उसकी वास्तविक खरीद क्षमता धीरे-धीरे घटती जाती है।

सपनों की बुनियाद माने जाने वाले आवास और शिक्षा आज मध्य वर्ग के लिए सबसे बड़ी आर्थिक चुनौती बन चुके हैं। महानगरों में किराया इतना बढ़ गया है कि आय का बड़ा हिस्सा सिर्फ छत बचाने में ही निकल जाता है, जबकि घर खरीदने का सपना लंबी ईएमआई और भारी ब्याज के बोझ में उलझकर रह जाता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी अब सस्ती नहीं रही–स्कूल फीस, परिवहन, कोचिंग और गतिविधियों के खर्च मिलकर परिवार के बजट को लगातार दबाते रहते हैं। इसी तरह स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ते बीमा प्रीमियम और सीमित कवरेज हर अचानक बीमारी को आर्थिक अस्थिरता का कारण बना देते हैं, जिससे वर्षों की योजना पल भर में बिखर सकती है।

आर्थिक दबाव अब सिर्फ खातों की गणना नहीं रहा, यह जीवन की सोच और मनोस्थिति तक उतर आया है। बेहतर जीवन की चाह में लोग कर्ज और ईएमआई के ऐसे जाल में उलझते जा रहे हैं, जहाँ इच्छाएँ बार-बार टलती हैं और जरूरतें लगातार आगे खिसकती जाती हैं। भविष्य के लिए बचत और निवेश की योजनाएँ आज के खर्चों के सामने कमजोर पड़ जाती हैं, जिससे सुरक्षा की भावना धीरे-धीरे धुंधली होती जाती है। युवा पीढ़ी इस असंतुलन को देखकर भरोसे की जगह उलझन महसूस कर रही है–शिक्षा, नौकरी और स्थिरता के पुराने भरोसे अब पहले जैसे मजबूत नहीं रहे। यह स्थिति केवल आय-व्यय का अंतर नहीं, बल्कि उम्मीदों और हकीकत के बीच गहराती खामोश दूरी का संकेत है।

यह स्थिति केवल घरों की सीमाओं में कैद नहीं रहती, बल्कि पूरे देश की आर्थिक धड़कन को प्रभावित करती है। जैसे ही मध्य वर्ग की क्रय शक्ति घटती है, बाजार की रफ्तार धीमी पड़ने लगती है, उपभोग कम होता है और विकास की गति पर सीधा असर दिखता है। इसलिए इसकी समस्याओं को व्यक्तिगत बोझ मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जरूरत है वास्तविक कर सुधार, महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण, स्वास्थ्यझशिक्षा में लक्षित राहत, ईंधन करों में संतुलन और किफायती आवास नीतियों की। अगर अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले इस वर्ग को स्थिरता नहीं मिली, तो विकास की पूरी संरचना धीरे-धीरे कमजोर पड़ सकती है।

राष्ट्र निर्माण की धुरी अब एक नए दृष्टिकोण की माँग कर रही है, जहाँ मध्य वर्ग को केवल करदाता नहीं बल्कि वास्तविक भागीदार माना जाए। वर्षों से यह वर्ग विकास की कीमत चुकाता आया है, लेकिन अब उसके धैर्य और क्षमता दोनों की सीमाएँ स्पष्ट होने लगी हैं। जो वर्ग अर्थव्यवस्था को गति देता है, वही यदि असुरक्षा, कर्ज और अनिश्चितता के दबाव में आ जाए, तो यह स्थिति पूरे देश के लिए चेतावनी बन जाती है। जैसे शरीर की ताकत रीढ़ पर टिकी होती है, वैसे ही किसी राष्ट्र की स्थिरता मध्य वर्ग पर निर्भर करती है–और यदि यही रीढ़ कमजोर पड़ जाए, तो विकास की चमक भी लंबे समय तक कायम नहीं रह सकती।

## अहंकार के जूते, त्याग के पाँव

बैठकखाने की दीवार पर टंगे बाबूजी के सनद, उनकी डिग्रियां ऐसे चमकती हैं जैसे किसी सामंती राजा के जीते हुए किले के नक्शे हों। बाबूजी एम.ए., एलएल.बी. हैं। उनका रुआब ऐसा है कि जब वे चाय मांगते हैं, तो लगता है जैसे हाईकोर्ट का कोई समन जारी हुआ हो। अम्मा उस समन की तामील रसोई के उस तंग, चार-बाय-चार के ब्लैक होल में करती हैं, जहां से लगातार छौंक की गंध और मसालों की जुगलबंदी उठती रहती है। वह कड़ाही और करछुल के बीच ऐसे युद्ध लड़ती हैं जैसे पानीपत की चौथी लड़ाई उन्हीं के जिम्मे हो। दाल में नमक जरा सा कम हुआ नहीं कि बाबूजी कानूनी किताब के पन्नों की तरह फड़फड़ाने लगते हैं। अम्मा बस आंचल का कोना उंगली पर लपेटती हैं, थोड़ा मुस्कुराती हैं और एक चुटकी नमक डालकर पूरे केस को रफा-दफा कर देती हैं। मध्यवर्गीय घरों में डिग्रियां दीवारों पर मुस्कुराती हैं और योग्यता रसोई के बर्तनों के मांजने की आवाज में छिपी रहती है। बाबूजी महीने के आखिरी हफ्ते में बजट का रोना रोते हुए ऐसे दिखते हैं जैसे देश के वित्त मंत्री बिना रिजर्व बैंक के बैठे हों, लेकिन अम्मा अपनी फटी हुई मखमली डिबिया से चुपके से दो सौ के मुड़े-गले नोट निकाल लाती हैं। उनका यह अर्थशास्त्र एडम स्मिथ की छाती पर मूंग दलने के लिए काफी है, पर वे कभी इसका क्रेडिट नहीं लेतीं।

ये पैसे कहां से आए? बाबूजी ऐनक के ऊपर से घूरते। बस, ऐसे ही... बिल्ली के भाग्य से छींका टूट गया, अम्मा नजरें चुराकर कहतीं। तुम्हें तो अर्थशास्त्र का ककहरा भी नहीं पता, बस तुक्का लग जाता है, बाबूजी फाइल समेटते हुए बड़बड़ाते। बाबूजी की नजर में अम्मा एक ऐसी अनपढ़ मशीन थीं, जो बिना किसी तेल-पानी के बस चलती जा रही थीं। जब अम्मा को सूखी खांसी उठती, तो डॉक्टर साहब ने पांच सौ की फीस और दो हजार की दवाइयां लिख दी थीं।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 04 जून 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 05:45 सूर्यास्त 19:06
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - चतुर्थी 23:30 उपरांत पंचमी
नक्षत्र - उत्तराषाढा 03:42 उपरांत श्रवण
योग - शुक्ल 09:03 उपरांत ब्रह्म
करण - बव
चन्द्रमा - धनु में है। 07:41 पर मकर में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 17 तारिख

**मेष-** धन प्राप्ति सुगम होगी। पराक्रम बढ़ेगा। जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं। कामकाज में आशानुरूप स्थिति बनेगी।

**वृषभ-** संतान के व्यवहार पर नजर रखें। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। थकान रहेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मिथुन-** धनलाभ होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। वाहन सुख मिलेगा। संपत्ति के लेन-देन में सावधानी बरतें।

**कर्क-** परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। मेहनत का फल मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यात्रा सफल रहेगी।

**सिंह-** व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। जल्दबाजी व भागदौड़ से कार्य करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएं।

**कन्या-** पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। रुका पैसा मिलेगा। शत्रु आपकी छवि को धूमिल करने का प्रयास करेंगे।

**तुला-** अतः सावधान रहें। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। कुसंगति से बचें। व्यापार में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक-** नए अनुबंध होंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। योजना फलीभूत होगी।

**धनु-** जल्दबाजी व भागदौड़ से काम करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएँ। अच्छे मित्र से भेंट होगी। पराक्रम की वृद्धि होगी।

**मकर-** संतान की ओर से अच्छे समाचार मिलेंगे। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करें। परिवार की चिंता रहेगी।

**कुंभ-** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यापार के विस्तार हेतु किए गए प्रयास सफल होंगे।

**मीन-** प्रसन्नता रहेगी। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। संतान के रोजगार की समस्या का समाधान संभव है।

लघुकथा

## दक्षिणा वापसी का उपयोग

पं . पुरषोत्तम तिवारी ने इन्दौर के एक यजमान के यहां कुछ दिन रहकर मांगलिक कार्य व कथा वाचन का कार्य किया । पंडित जी को विदा करते समय यजमान ने उन्हें दक्षिणा के रूप में तीन हजार रुपए व वस्त्रादि भेंट किए । पंडितजी ने उन्हें सिर से लगाकर उस राशि में से केवल पांच सौ रुपए आने - जाने के किराए के रख राशि वापस करते हुए कहा , ' राशि मुझे नहीं चाहिए, मेरे भोजन पानी से लेकर सारी व्यवस्थाएं तो आपने ही की अब राशि किस बात की , भगवान ने मेरी मदद कर रखी है । फिर भी यजमान नहीं माने सोचा शायद तीन हजार कम पड़ रहे हैं उन्होंने दो हजार और मिलाकर पांच हजार कर अनुनय-विनय कर उनकी जेब में सम्मान पूर्वक रख दिए। पंडित जी घर में स्थापित भगवान को प्रणाम कर यजमान को आशीर्वाद देकर अपने नगर की ओर लौट चले । वे रेल गाड़ी से आधे रास्ते रतलाम तक ही पहुंचे होंगे की उनके पास यजमान का फोन आया , ' पंडित जी प्रणाम, आपने तो भेंट राशि भगवान के आसन के नीचे ही वापस रख दी अभी भगवान के आसन पर दीपक को तेल दान किया तब पता चला ।' ' कोई बात नहीं आप रखिए उस राशि का आप गरीब व्यक्तिकी सहायता में या सरकारी स्कूल में जाकर गरीब बच्चों के सहयोग के लिए कुछ भेंट कर दीजिएगा। ' यजमान ने उस राशि की स्टेशनरी लाकर दूसरे दिन सरकारी स्कूल में जाकर गरीब बच्चों को वितरित कर साथ में एक एक मौसमी फल भी भेंट किया । बच्चों के चेहरे की मुस्कान देखने लायक थी ।



भगवती प्रसाद गेहलोत
(दैनिक अवन्तिका)

## दम तोड़ते जा रहे हैं अन्तजार्तीय विवाह

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जिस द्रुत गति से अन्तजार्तीय विवाह होते जा रहे हैं उसी गति से टूटते भी जा रहे हैं । ऐसे में सरकार की अन्तजार्तीय विवाह प्रोत्साहन योजना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना भी स्वाभाविक है । और टूटते जा रहे अन्तजार्तीय विवाहो का समाज में सही मैसेज भी नहीं जा रहा है । सरकार की अन्तजार्तीय विवाह प्रोत्साहन योजना पर भी सवालिया निशान खड़े होते जा रहे हैं । क्योंकि पद, प्रतिष्ठा, हैसियत, लालच, आकर्षण, मजबूरी, एक पक्षीय प्यार, लव रिलेशनशिप और जिद्द के कारण बड़ी तादाद में होते अन्तजार्तीय विवाह (लव मैरिज) समाज को सही मार्गदर्शन और उपदेश बिल्कुल भी नहीं दे पा रहे हैं । अधिकतर जल्दबाजी में बिना सोचे समझे बड़ी तादाद में होते अन्तजार्तीय विवाह ज्यादातर स्वार्थपरता, मजबूरी, जिद्द और लालच के कारण ही होते है । उच्च वर्ग के लड़के और उनका परिवार निम्न वर्ग की लड़कियों से अन्तजार्तीय विवाह तभी करते हैं जब निम्न वर्ग या निचले अनुसूचित जाति जनजाति समाज की लड़की किसी उच्चतम सरकारी नौकरी के किसी ऊंचे पद पर कार्यरत हो, उसे वेतन अधिक मिलता हो, लड़किया दिखने में बेहद खूबसूरत हो या निम्न वर्ग की लड़की का परिवार भी आर्थिक दृष्टि से हैसियत वाला हो । अगर लड़कियों बाहर घर से कोसों दूरी पर अकेली कैरियर बनाती हैं तो उन दबाव बनाकर, परेशान करके भी अन्तजार्तीय विवाह करने के लिए बाध्य किया जाता है । मजबूर किया जाता है । वर्तमान में ज्यादातर अन्तजार्तीय विवाह दबाव बनाकर ही किए जाते हैं । कतिपय लड़कियां बाहर केरियर बनाने के चक्कर में लीव रिलेशनशिप में भी रहकर अपने परिवार से कहकर अन्तजार्तीय विवाह की अनुमति लेकर ऑरेंज मैरिज कर लेती है । क्योंकि की परिवार के सदस्य पूरी तरह से लड़कियों के साथ रहने में असमर्थ होते है । परिणाम स्वरूप कुछ समय बाद आर्थिक कारणों एवं अन्य कारणों के परिणाम स्वरूप अन्तजार्तीय विवाह जीवन का ज्यादा सफर तय नहीं कर पाते हैं और अधिकतर अन्तजार्तीय विवाह रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं और खत्म भी हो जाते हैं । सरकार तो केवल अन्तजार्तीय विवाह की प्रोत्साहन राशि देकर कर्तव्य की इतिश्री कर लेती हैं क्योंकि अन्तजार्तीय विवाह करने वालों में बढ़ते वैचारिक मतभेद के कारण या तो बड़े बड़े कांड हो जाते हैं, या विवाह विच्छेद हो जाता है।

# पिंपल्स से नहीं छुट रहा है पीछा तो फोलों करें ये टिप्स



पिंपल्स होने की बड़ी वजहों में से एक है जंक फूड और तले-भुने भोजन का अधिक सेवन। कई बार पिंपल्स आने की वजह जेनेटिक भी हो सकती है। बदलते मौसम, हार्मोन्स में बदलाव और खराब खानपान के कारण लोगों को त्वचा संबंधी कई तरह की परेशानियां हो जाती हैं। वर्तमान समय में पिंपल्स और एक्ने बेहद ही आम स्किन प्रॉब्लम बन गई हैं। इनके कारण ना सिर्फ हमारी खूबसूरती प्रभावित होती है बल्कि कई बार तो लोगों के कॉन्फिडेंस लेवल में भी कमी आ जाती है।

चेहरे पर अचानक से आए हुए उस पिंपल को रात भर में ठीक किया जा सकता है। अचानक से निकले मुंहासे से छुटकारा पाने के लिए आप पिंपल पैच का इस्तेमाल कर सकते हैं। पिंपल्स और मुंहासे पूरी तरह खत्म होने में करीब 10 से 15 दिन ले लेते हैं। ऐसे में यदि आप जल्द से जल्द पिंपल्स से छुटकारा पाना चाहते हैं तो बेसन और हल्दी फेस पैक का इस्तेमाल जरूर करें। जानिये कैसे करें इस्तेमाल-

### पैच का इस्तेमाल

चेहरे पर अचानक निकले मुंहासे से छुटकारा पाने के लिए सोने से पहले चेहरे को अच्छी तरह से साफ कर लें और फिर उस पर मॉइश्चराइजर का प्रयोग करें। अब इस पैच को चेहरे के प्रभावित हिस्से पर लगाएं। फिर सुबह उठकर इसे अपने चेहरे से हटाएं।

### दही और बेसन फेस पैक

दही का इस्तेमाल पिंपल्स और मुंहासों की समस्या को दूर करता है। यह पैक हर तरह की स्किन के लिए अच्छा होता है। इस पैक को बनाने के लिए एक कटोरी में दही डालकर उसमें थोड़ी हल्दी मिक्स करें। फिर इसे चेहरे पर लगाकर करीबन 15 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर हल्के गुनगुने पानी से चेहरा वॉश कर लें।

### बेसन और हल्दी का पैक

एक कटोरी में कच्चा दूध लें और उसमें एक बड़ा चम्मच हल्दी और बेसन मिला लें। अब इस पेस्ट को अपनी आंखों को छोड़कर पूरे चेहरे पर अच्छी तरह लगा लें। जब यह सूख जाए तो गुनगुने पानी से धो लें। इस पैक का इस्तेमाल सप्ताह में एक बार जरूर करें।

### शहद और हल्दी

इस फेस पैक में आप हल्दी 1/4 चम्मच, शहद 1 चम्मच और नींबू का रस आधा चम्मच रखें। इसे 20 मिनट से अधिक इस फेस पैक को चेहरे पर नहीं लगाना। इस फेस पैक से आपकी त्वचा के पिंपल्स दूर हो जाएंगे और त्वचा के दाग-धब्बों भी नहीं रहेंगे।

धर्म-आस्था

# दशमहाविद्याएँ : शिव और शक्ति के अद्वैत का दिव्य रहस्य

सनातन धर्म की आध्यात्मिक परंपरा में यदि शक्ति उपासना के सर्वाधिक गूढ़, रहस्यमय और दार्शनिक स्वरूप की चर्चा की जाए तो दशमहाविद्याओं का स्थान सर्वोपरि माना जाता है। ₹दशमहाविद्याएँ₹ केवल दस देवियों का समूह नहीं हैं, बल्कि वे आदिशक्ति की दस दिव्य अभिव्यक्तियाँ हैं, जो सृष्टि, चेतना, ज्ञान, समय, मृत्यु, वैराग्य, समृद्धि और आत्मबोध के विभिन्न आयामों का प्रतिनिधित्व करती हैं। तंत्र शास्त्र में इन्हें शक्ति साधना का सर्वोच्च स्वरूप माना गया है।

भारतीय दर्शन में भगवान शिव और आदिशक्ति को कभी अलग-अलग नहीं माना गया। शिव चेतना हैं और शक्ति ऊर्जा। शिव आधार हैं और शक्ति अभिव्यक्ति। शिव बिना शक्ति के निष्क्रिय हैं और शक्ति बिना शिव के दिशाहीन। इसी अद्वैत सिद्धांत का सबसे सुंदर और विराट स्वरूप दशमहाविद्याओं में दिखाई देता है।

दशमहाविद्याओं की उत्पत्ति की कथा भगवान शिव और माता सती से जुड़ी हुई है। पुराणों के अनुसार जब राजा दक्ष ने विशाल यज्ञ का आयोजन किया तो उन्होंने अपनी पुत्री सती और भगवान शिव को आमंत्रित नहीं किया। सती अपने पिता के यज्ञ में जाना चाहती थीं, किंतु भगवान शिव ने उन्हें समझाया कि जहां सम्मान न हो, वहां जाना उचित नहीं। सती का मन नहीं माना। जब शिव ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तब सती ने अपनी दिव्य शक्ति का प्राकट्य किया।

कहा जाता है कि सती ने दस दिशाओं में अपने दस अद्भुत और विराट स्वरूप प्रकट कर दिए। इन दसों रूपों ने भगवान शिव को चारों ओर से घेर लिया। तब भगवान शिव ने आदिशक्ति के अनंत स्वरूपों को स्वीकार किया। यही दस स्वरूप आगे चलकर दशमहाविद्याएँ कहलाए।

दशमहाविद्याओं में प्रथम स्थान महाकाली का है। महाकाली समय, काल और मृत्यु की अधिष्ठात्री हैं। उनका स्वरूप यह बताता है कि समय से बड़ा कोई नहीं है। महाकाली के चरणों में भगवान शिव का लेटा हुआ स्वरूप दर्शाता है कि शक्ति के बिना चेतना भी निष्क्रिय हो जाती है। महाकाली हमें भय और मृत्यु के प्रति जागरूक करते हुए निर्भयता का मार्ग सिखाती हैं।

दूसरी महाविद्या तारा हैं। तारा को संकटमोचक और तारिणी कहा जाता है। वे अपने भक्तों को जीवन की कठिन परिस्थितियों से पार लगाती हैं। ज्ञान, करुणा और मुक्ति का मार्ग तारा की साधना से प्राप्त होता है। बौद्ध और हिंदू दोनों परंपराओं में तारा का विशेष महत्व है। तीसरी महाविद्या त्रिपुरसुंदरी हैं, जिन्हें षोडशी और राजराजेश्वरी भी कहा जाता है। वे सौंदर्य, आनंद और परम चेतना की देवी हैं। त्रिपुरसुंदरी का स्वरूप यह संदेश देता है कि वास्तविक सौंदर्य आत्मा की पवित्रता और चेतना की ऊंचाई में निहित है। दशमहाविद्याओं में उन्हें सबसे सौम्य और मंगलकारी माना गया है।

चौथी महाविद्या भुवनेश्वरी हैं। वे संपूर्ण ब्रह्मांड की अधिष्ठात्री शक्ति हैं। सम्पूर्ण सृष्टि उनके भीतर स्थित मानी जाती है। उनका स्वरूप हमें व्यापक दृष्टिकोण अपनाने और जीवन को सीमित दृष्टि से नहीं, बल्कि विराटता के साथ देखने की प्रेरणा देता है।

पांचवीं महाविद्या छिन्नमस्ता हैं। उनका स्वरूप अत्यंत रहस्यमय माना जाता है। वे अपने ही सिर को धारण किए हुए दिखाई देती हैं। यह प्रतीक है अहंकार त्याग, आत्मबलिदान और आत्मज्ञान का। छिन्नमस्ता सिखाती हैं कि आत्मिक विकास के लिए अहंकार का समर्पण आवश्यक है।

छठी महाविद्या भैरवी हैं। वे तप, शक्ति, अनुशासन और साधना की देवी हैं। उनका संबंध भगवान शिव के भैरव स्वरूप से माना जाता है। भैरवी का स्वरूप बताता है कि आध्यात्मिक उन्नति के लिए कठोर साधना और आत्मनियंत्रण आवश्यक है।

सातवीं महाविद्या धूमावती हैं। वे वैराग्य, शून्यता और जीवन की नश्वरता का प्रतीक हैं। धूमावती का स्वरूप हमें यह समझाता है कि संसार की हर वस्तु परिवर्तनशील है। मोह और आसक्ति से मुक्त होकर ही आत्मिक शांति प्राप्त की जा सकती है।

आठवीं महाविद्या बगलामुखी हैं। वे शत्रु-विजय और आत्मसंयम की देवी हैं। बगलामुखी की साधना व्यक्ति को वाणी, विचार और कर्म पर नियंत्रण करना सिखाती है। उनका स्वरूप केवल बाहरी शत्रुओं पर विजय नहीं, बल्कि भीतर के दोषों पर नियंत्रण का भी संदेश देता है।

नौवीं महाविद्या मातंगी हैं। वे ज्ञान, वाणी, संगीत, कला और विद्या की अधिष्ठात्री हैं। उन्हें तांत्रिक परंपरा की सरस्वती कहा जाता है। मातंगी का स्वरूप बताता है कि ज्ञान और अभिव्यक्ति दोनों का संतुलन जीवन को सार्थक बनाता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द-7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया-10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,50,400 रवा- 1,50,200 चांदी-टंच- 2,53,500 पाट- 2,53,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर गायत्री परिवार द्वारा निकाली व्यसन मुक्ति रैली

**ब्यावरा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में विश्व धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर नगर में भव्य व्यसन मुक्ति रैली का आयोजन किया गया। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गायत्री शक्तिपीठ पहुंची। रैली के माध्यम से गायत्री परिवार के परिजनों ने नगरवासियों को नशामुक्त एवं व्यसनमुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया। इस दौरान व्यसन मुक्ति संबंधी शपथ दिलाई गई तथा जनजागरण हेतु पत्रक वितरित किए गए। सभी भाई-बहन, बच्चे एवं नगर के नागरिक हाथों में व्यसन मुक्ति संबंधी तख्तियां लेकर रैली में शामिल हुए। गायत्री परिवार द्वारा देशभर में ह्लह्लव्यसन मुक्त भारत अभियानह्लह्ल अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत नगर में विभिन्न प्रमुख चौराहों पर रुककर लोगों को नशे के दुष्परिणामों एवं उससे मुक्ति के उपायों की जानकारी दी गई। सप्ताह भर चलेगा व्यसन मुक्ति अभियान कार्यक्रम। सभी ने नशामुक्त भारत के निर्माण हेतु जन-जागरण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी एड. आशीष उपाध्याय, हवलदार सिंह, किशोर जानोरिया, एड. चन्द्रहास शर्मा, हरीश सक्सेना, सत्यनारायण भट्ट, संतोष शाक्य, रमेश नामदेव, कैलाश गौड़, कुलदीप पंवार, पुरूषोत्तम गौड़, कानजी सौंधिया, जितेन्द्र गौड़, संदीप मेवाड़े, पीयूष विजयवर्गीय, सावित्री सिंह, सर्वेश शाक्य, पूजा जानोरिया सहित अनेक गायत्री परिजन उपस्थित रहे।

## समर कैंप में खिलाडी सीख रहे खेलों की बारीकियां, संभागीय अधिकारी डावर ने किया निरीक्षण



**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर के खेल मैदान पर ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में संभागीय अधिकारी शर्मिला डावर ने कैंप का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मैदान पर पहुंचकर खिलाड़ियों से मुलाकात की, कैंप की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और खिलाड़ियों को खेल सामग्री व हर संभव मदद का आश्वासन दिया। शर्मिला डावर ने बताया कि यह समर कैंप सारंगपुर में 1 से 31 मई तक आयोजित किया गया, जिसमें 150 से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला क्रीडा अधिकारी महेंद्र परमार ने बताया कि खिलाडियों में समर कैंप को लेकर खासा जोश देखा जा रहा है। पूरे राजगढ़ जिले में खिलाडी बढ-चढ़कर खेल गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं, जिससे आने वाले समय में जिले में खेलों का स्तर और ऊंचा होगा। सारंगपुर सह-संयोजक व सचिव खो-खो संघ भारत भेरवे ने बताया कि शिविर के दौरान खिलाडी मुख्य रूप से खो-खो और कबड्डी की बारीकियां सीख रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस मैदान पर बरसों से खेले जा रहे खो-खो खेल के दम पर यहां के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और यूनिवर्सिटी खेलो इंडिया जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। इस छोटे से शहर में खिलाडियों के लिए कोई सर्वसुविधायुक्त मैदान नहीं है। इसके बावजूद खिलाड़ियों ने अपनी कड़ी मेहनत के दम पर कई बडे मुकाम हासिल किए हैं। बिना किसी विशेष सुविधा के भी नगर के खिलाडी हर वर्ष खो-खो में अपना जज्बा कायम रखे हुए हैं।

## बदनावर नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रथम एग्रो ने खान इलेवन को हराया

**बदनावर।** बदनावर के शासकीय नंदराम चौपड़ा विद्यालय खेल मैदान पर आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट ₹दत्तीगांव ट्रॉफी 2026₹ में प्रथम एग्रो ने खान इलेवन को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। पूर्व विधायक स्वर्गीय प्रेमसिंह दत्तीगांव की स्मृति में यूथ स्पोर्ट्स क्लब और ओल्ड इलेवन के तत्वावधान में टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 4 जून को खेला जाएगा। टूर्नामेंट के आठवें दिन खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में खान इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 23 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रथम एग्रो ने 2 ओवर 2 गेंद में 1 विकेट खोकर 25 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली। दिन के पहले लीग मुकाबले में महाकाल इलेवन बालोदा का सामना पिंजराया से हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए बालोदा ने 8 ओवर में 8 विकेट खोकर 68 रन बनाए। जवाब में पिंजराया की टीम 8 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 48 रन ही बना सकी। महाकाल इलेवन ने यह मुकाबला जीत लिया। दूसरे लीग मैच में आराध्या इलेवन बदनावर और फ्रेंड्स क्लब बदनावर आमने-सामने रहे। पहले बल्लेबाजी करते हुए आराध्या इलेवन ने 8 ओवर में 3 विकेट पर 118 रन बनाए। जवाब में फ्रेंड्स क्लब की टीम 8 ओवर में 5 विकेट खोकर 113 रन तक ही पहुंच सकी। इस तरह आराध्या इलेवन ने पांच रन से जीत दर्ज की।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

सारंगपुर बस स्टैंड परं डामरीकरण कार्य निरीक्षण के बाद रूट में हुआ बड़ा बदलाव

# सारंगपुर में नए स्थान से मिलेंगी बसें-सीएमओ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर



**बोले जिम्मेदार**

सारंगपुर नवीन बस स्टैंड पर केला देवी कंस्ट्रक्शन कंपनी ब्यावरा के द्वारा 35 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ किया है। इसके लिए बस स्टैंड को अस्थाई रूप से स्थानांतरित किया गया है। अलग-अलग रूट की बसों को निर्धारित किए गए स्थानों से ही संचालित किया जाएगा, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की आसुविधा का सामना न करना पड़े।

**दीपक रानवे, सीएमओ, नगर परिषद, सारंगपुर।**

शहर के मुख्य बस स्टैंड की सूरत बदलने जा रही है। मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के चतुर्थ चरण के अंतर्गत बस स्टैंड पर डामरीकरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। निर्माण कार्य के चलते यात्रियों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों और जन-प्रतिनिधियों की टीम ने आज बस स्टैंड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल, एसडीएम रोहित बम्होरे, नगर पालिका सीएमओ दीपक रानवे, पार्षद और बस स्टैंड के व्यापारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। टीम ने प्रस्तावित डामरीकरण कार्य की खुदाई का जायजा लिया। साथ ही वर्तमान में जहां बसें खडी हो रही हैं, उस स्थान को तुरंत जेसीबी मशीन से समतल करवाकर यात्रियों के लिए सुगम व्यवस्था सुनिश्चित की। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि हमारा प्रयास जनता को बेहतर और सुगम सुविधाएं देना है। यात्रियों के लिए अस्थाई बस स्टॉप की व्यवस्था डामरीकरण कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने और यात्रियों की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा अस्थाई रूप से रूट और बस स्टॉप तय किए गए हैं। डामरीकरण कार्य पूर्ण होने तक बसें चिंहित स्थानों से संचालित होंगी। जिसमें नया अस्थाई बस स्टॉप स्थान इन्दौर मार्ग कल्पना रेस्टोरेंट के पास (चार्टर्ड ऑफिस के समीप), ब्यावरा मार्ग जैदी टिम्बर मर्चेंट कुटिया रेस्टोरेंट के समीप, आगर-शुजालपुर मार्ग पुलिस थाने के पास उपलब्ध रिक्त भूमि पर, संडावता मार्ग पाडल्या रोड शाजापुर लोकल छोटे वाहन राजीव गांधी पार्क पेट्रोल पंप के समीप से यात्रियों को यात्रा के लिए उपलब्ध रहेगी। इस मौके पर प्रशासन ने साफ किया है कि यह रूट डायवर्जन और अस्थाई बस स्टॉप की व्यवस्था केवल डामरीकरण का कार्य पूरा होने तक ही लागू रहेगी। नागरिकों और यात्रियों से अनुरोध किया गया कि वे विकास कार्य में सहयोग प्रदान करें ताकि जल्द से जल्द शानदार डामरीकृत बस स्टैंड जनता को समर्पित किया जा सके। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि द्वारा कहा गया कि मप्रसरकार क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं। निरीक्षण के समय पार्षद राकेश पुष्पद, पार्षद प्रतिनिधि बाबुलाल अहिरवार, कुलदीप राठौर एवं निकाय उपयंत्री विक्की ब्राहम्णे, कर्मचारी गौरव शर्मा, सतीश कंडारे व गोकुल पुष्पद उपस्थित थे।

## डिवाइडर की मिट्टी सड़क पर बहने से बढ़ी फिसलन

**अकोदिया।** नगर परिषद अकोदिया ने सारंगपुर रोड पेट्रोल पंप से शुजालपुर रोड पेट्रोल पंप तक करीब एक किमी के मार्ग के डिवाइडर में पौधरोपण और हरियाली के लिए मिट्टी डलवाई है। यह काम अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी बनता दिख रहा है। लोगों का कहना है कि मिट्टी डालने से पहले कई दिन तक मिट्टी सड़क किनारे पड़ी रही। वाहनों की आवाजाही से धूल उड़ती रही। राहगीरों को परेशानी हुई। गत दिनों हुई बारिश के बाद डिवाइडर की मिट्टी बहकर सड़क के दोनों ओर फैल गई। सड़क पर गीली मिट्टी फैलने से फिसलन हो गई। दोपहिया वाहन चालकों के लिए स्थिति ज्यादा जोखिम वाली बताई जा रही है। नागरिकों का कहना है कि समय रहते सड़क से मिट्टी नहीं हटाई गई तो कभी भी दुर्घटना हो सकती है। अचानक ब्रेक लगाने पर फिसलने का खतरा है। मोड़ लेते समय भी जोखिम बना हुआ है। लोगों ने नगर परिषद से मांग की है कि सड़क पर फैली मिट्टी तुरंत हटाई जाए। डिवाइडर में ऐसी व्यवस्था की जाए, जिससे बारिश में मिट्टी बहकर सड़क पर न आए। मुख्य नगर परिषद अधिकारी राजेश सेन ने कहा कि कल हुई बारिश से मिट्टी बह गई थी।

देवास जिला अस्पताल के वाटर कूलर में करंट

# एक सप्ताह से शिकायत के बावजूद ठीक नहीं हुआ, मरीजों की जान जोखिम में

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास



देवास के जिला अस्पताल में गंभीर लापरवाही सामने आई है। अस्पताल परिसर में लगे एक वाटर कूलर में पिछले लगभग एक सप्ताह से करंट आने की शिकायत मिल रही है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। इससे मरीजों और उनके परिजनों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों ने बताया कि पानी भरते समय वाटर कूलर के नल को छूने पर बिजली का झटका लगता है। इसी कारण लोग धातु के नल का उपयोग करने से बच रहे हैं और प्लास्टिक वाले नल से पानी भरने को मजबूरी में इस्तेमाल कर रहे हैं। परिजनों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**शिकायत के बाद भी नहीं सुधारा**

परिजनों के अनुसार, अस्पताल प्रबंधन को इस संबंध में जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसे में रोजाना सैकड़ों मरीजों और उनके साथ आने वाले लोगों की जान जोखिम में बनी हुई है।

जिला अस्पताल के प्रबंधक प्रमोद गुणवान ने शिकायत की पुष्टि करते हुए बताया कि वाटर कूलर में करंट आने की बात सही है। उन्होंने कहा कि समस्या के समाधान के लिए दो-तीन तकनीशियनों से संपर्क किया गया है, लेकिन अभी तक इसका निराकरण नहीं हो पाया है। एहतियात के तौर पर वाटर कूलर को बंद करवा दिया गया था, हालांकि कई बार लोग उसे फिर से चालू कर देते हैं। गुणवान ने यह भी बताया कि इस संबंध में सिविल सर्जन को लिखित रूप से अवगत करा दिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा, ताकि मरीजों और परिजनों को किसी प्रकार की परेशानी या दुर्घटना का सामना न करना पड़े।

# इंटेकवेल पंप की केबल में फॉल्ट, शहर भर के नल रहे सूखे, इंदौर से बुलाई गई टीम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर



शहर में अचानक आई एक तकनीकी खराबी ने नगर की पेयजल व्यवस्था को पूरी तरह से चरमरा दिया। बेरछा रोड स्थित सांपखेड़ा गांव के इंटेकवेल पंप की मुख्य विद्युत केबल में बड़ा फॉल्ट आ जाने से पूरे शहर की जलप्रदाय व्यवस्था ठप हो गई है। नगर में पहले से ही एक दिन छोड़कर जल वितरण किया जा रहा है, ऐसे में अचानक सप्लाई रुक जाने से शहरवासियों के सामने पीने के पानी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है और लोगों को पानी के लिए भारी जद्दोजहद करनी पड़ रही है।

**खराबी के दूसरे दिन नहीं मिला पानी**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इंटेकवेल की विद्युत केबल में यह फॉल्ट सोमवार रात को अचानक आया था। इसके परिणामस्वरूप मंगलवार को शहर की जलप्रदाय व्यवस्था पूरी तरह से बाधित रही। विद्युत आपूर्ति बंद हो जाने के कारण इंटेकवेल से पानी की पंपिंग नहीं हो सकी। चूंकि शहर में एक दिन छोड़कर पानी दिया जाता है, इसलिए निर्धारित दिन पर पानी की आपूर्ति न होने से कई मोहल्लों और कॉलोनियों के नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मजबूरन लोगों को पेयजल के लिए निजी टैंकरों व अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाओं का सहारा लेना पड़ा।

**नागरिकों में नाराजगी**

पहले से ही सीमित जलापूर्ति और अब सप्लाई बाधित होने से स्थिति और गंभीर हो गई है। स्थानीय नागरिक कमल ने अपनी परेशानी साझा करते हुए बताया कि नियमित जलापूर्ति न होने से आमजन को अपने रोजमर्रा के कामों में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस तकनीकी समस्या का युद्धस्तर पर समाधान कर पानी की सप्लाई जल्द से जल्द बहाल की जाए ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

भाजपा नेता राजेश अग्रवाल के घर चोरी


## लाखों रुपये के जेवर-नकदी चुराकर ले गए बदमाश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बदनावर

बदनावर नगर के जवाहर मार्ग स्थित कचहरी चौक के पास पूर्व राज्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश अग्रवाल के निवास पर बुधवार अल सुबह चोरी की वारदात हुई। अज्ञात बदमाश लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, बदमाश मकान के पिछले हिस्से के बड़े दरवाजे से घर में दाखिल हुए और सीधे दूसरी मंजिल पर स्थित एक कमरे तक पहुंच गए। वहां रखी गोदरेज अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे जेवरात और नकदी चोरी कर ली। जिस कमरे में चोरी हुई, वह उस समय खाली था, जबकि परिवार के सदस्य घर के अन्य कमरों में सो रहे थे। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने घर में घुसने के बाद परिवार के सदस्यों के कमरों के दरवाजे बाहर से बंद कर दिए, ताकि कोई बाहर न आ सके।

## पत्नी की साड़ी से लगाई फांसी, सुबह उठने पर देखा तो फंदे पर था

**देवास।** जवाहर नगर क्षेत्र में 26 वर्षीय युवक ने अपनी पत्नी की साड़ी से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।



बुधवार सुबह जब उसकी पत्नी की नींद खुली तो उसने पति को फांसी के फंदे पर लटका देखा। घटना के बाद परिजन युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अजय जाटव (26) के रूप में हुई है। वह जवाहर नगर क्षेत्र में रहता था और मूल रूप से उत्तर प्रदेश का निवासी था। परिजनों के अनुसार अजय पिछले तीन वर्षों से एक कंपनी में हेल्पर के तौर पर काम कर रहा था। उसका एक छोटा बेटा भी है। बुधवार सुबह पत्नी की नींद खुली तो अजय को फंदे पर लटका देख वह घबरा गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। अजय ने यह कदम क्यों उठाया, इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## खेत पर जाते समय ट्रैक्टर पलटने से घायल किसान की मौत



**देवास।** जिले के पुंजापुरा क्षेत्र में खेत पर जाते समय ट्रैक्टर पलटने से एक किसान की मौत हो गई। यह घटना मंगलवार को हुई जब भूरियापुरा निवासी 45 वर्षीय मिथुन पिता अमर सिंह अपने खेत बखरने के लिए जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, रास्ते में एक घाटी पर उनका ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया और खाई में जा गिरा। हादसे में मिथुन ट्रैक्टर की स्टीयरिंग के नीचे दब गए, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद किसान मिथुन को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला गया। उन्हें गंभीर हालत में तुरंत पुंजापुरा अस्पताल ले जाया गया। पुंजापुरा में प्राथमिक उपचार के बाद मिथुन को बागली रेफर किया गया। हालांकि, बागली अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## आंधी ने उजाड़ दिए दो परिवार मकानों के टीन शेड 500 मीटर दूर गिरे



**देवास।** देवास के रूपाखेड़ी क्षेत्र स्थित मरेठी गांव में सोमवार शाम आई तेज धूलभरी आंधी ने दो मेवाड़ा परिवारों को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। मंगलवार को भी गांव में हादसे के निशान और प्रभावित परिवारों का दर्द साफ दिखाई दिया। किसी का आशियाना उजड़ गया, तो किसी के घर की दीवार ढहने से पूरा परिवार घायल हो गया। मरेठी गांव निवासी अखिलेश मेवाड़ा के परिवार के लिए यह आंधी किसी आपदा से कम नहीं थी। संयोग से परिवार सगाई कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर से बाहर गया हुआ था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि, तेज हवाओं ने उनके मकान का टीन शेड उखाड़कर करीब 500 मीटर दूर फेंक दिया। घर में रखा सालभर का अनाज, घरेलू सामान और अन्य जरूरी वस्तुएं मलबे और मिट्टी में दबकर खराब हो गईं। अखिलेश मेवाड़ा ने बताया कि वर्षों की मेहनत से जुटाया गया सामान और अनाज कुछ ही मिनटों में बर्बाद हो गया। मकान की छत उड़ जाने के बाद परिवार के सामने रहने और भोजन की व्यवस्था का संकट खड़ा हो गया है। फिलहाल परिवार रिश्तेदारों के यहां शरण लेकर रात गुजार रहा है।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कृषि भूमि सर्वे नम्बर 275/1 रकबा 0.060 हेक्टर, सर्वे नम्बर 278/1 रकबा 0.440 हेक्टर, सर्वे नम्बर 275/2 रकबा 0.060 हेक्टर, सर्वे नम्बर 278/2 रकबा 0.450 हेक्टर कुल किता 4 कुल रकबा 1.010 हेक्टर स्थित ग्राम जैथल तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को सायर कुंवर पति श्री मांगु सिंह, जाति राजपूत, निवासी ग्राम जैथल तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) (म.प्र.) से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि मे उपरोक्त भूमि का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित मे रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है।

अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेंगी। इति दिनांक 03-06-2026 स्थान उज्जैन

**हुसैन मलोलावाला एडवोकेट**
**DF-11 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**फोन नम्बर : 9826534221, 8839920862**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार बंधन बैंक लिमिटेड शाखा द्वितीय मंजिल एल.एम. काम्पलेक्स बी-ब्लॉक 34 शंकु मार्ग टॉवर चैक फ्रींगज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि पुराना भवन म्यु. क्रमांक 226, नया भवन म्यु. क्रमांक 226/03 स्थित दमदमा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 55.12 वर्गमीटर है। तथा चतुर्सीमा इस प्रकार है- पूर्व मे - कॉमन पैसेज बाद रहनुमा खान एवं अन्य का भवन, पश्चिम मे -इकराम खान, कुर्बान खान का भवन, उत्तर मे- फुल बेगम एवं अन्य का भवन, दक्षिण मे - रोड़ स्थित है। उक्त सम्पत्ति रजिया खान पति अहमद खान, रेशमा खान पति इमरान खान, नेहा खान पति जावेद खान पुत्रीगण अहमद खान ने हकत्याग पत्र क्रमांक MP17IGR18842026A100194659 दिनांक 18/02/2026 को सलीम खान एवं सोहेल खान पिता अहमद खान के हित में किया। एवं सलीम खान एवं सोहेल खान के द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु बंधन बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति कहीं बंधक हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर बंधन बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार बंधन बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी। सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

**न्यायालय- बाईसवें सदस्य मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, जिला इंदौर**

### नोटिस प्रकाशन

(MACC/4464/2024)

**भागवंती मोदी**
**Vs**
**सदन शील व अन्य**

**पेशी दिनांकः 03/07/2026**

**प्रेषिती**

1. सर्वसाधारण पता - सर्वसाधारण

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के क्लेम प्रकरण क्रमांक M.A.C.C./4464/2024 भागवंती मोदी वि. सदनशील व अन्य में आवेदक क्रमांक 01 भागवंती मोदी पति स्व. सत्यनारायण के अंश की क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान करने हेतु उसका विधिक प्रतिनिधि ओमप्रकाश मोदी, निवासी- वार्ड नंबर 43, नागदा रोड, नई आबादी, बालगढ़ जिला देवास म.प्र. एकमात्र वारिसान ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः यह सूचित किया जाता है कि यदि मृतक भागवंती मोदी पति स्व. सत्यनारायण, निवासी- वार्ड नंबर 43, नागदा रोड, नई आबादी, बालगढ़ जिला देवास म.प्र. का ओमप्रकाश मोदी के अतिरिक्त अन्य उत्तराधिकारी या विधिक प्रतिनिधि हो या अन्य किसी को मृतक भागवंती मोदी पति स्व. सत्यनारायण के अंश की राशि का भुगतान ओमप्रकाश मोदी को करने में कोई आपत्ति हो तो इस संबंध में स्वयं या अपने किसी प्रतिनिधि या अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष आगामी पेशी दिनांक 03.07.2026 को उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अनुपस्थिति की स्थिति में आवेदन पत्र के संबंध में एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी, यदि नियत पेशी दिनांक को न्यायालय का किसी कारणवश अवकाश घोषित होता है तो ठीक आगामी कार्य दिवस में सुनवाई हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

**(विनोद कुमार शर्मा )**
**बाईसवें सदस्य मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, जिला इंदौर म.प्र.**

## फुटबॉल खिलाड़ियों को बताया सड़क सुरक्षा का महत्व

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में बुधवार को क्रीड़ा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में फु टबॉल ग्रुप के खिलाड़ियों के लिए परिवहन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना सहायता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में परिवहन विभाग के जितेंद्र सिंह राठौर एवं सुनील गुर्जर ने खिलाड़ियों को सड़क पर सुरक्षित आवागमन के लिए आवश्यक नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, मोबाइल फ ोन से दूरी तथा यातायात संकेतों का अनुसरण करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने खिलाड़ियों से स्वयं जागरूक बनने के साथ-साथ समाज में भी सड़क सुरक्षा का संदेश प्रसारित करने का आह्वान किया। इस दौरान मध्यप्रदेश शासन की राहवीर योजना की जानकारी भी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले मददगार को शासन की ओर से 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। योजना का उद्देश्य दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराना और लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम अधिकारी एवं क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र कुंभकार ने खिलाड़ियों को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी समाज के आदर्श होते हैं और उनके आचरण से अन्य लोग भी प्रेरणा लेते हैं। कार्यक्रम के संचालन एवं व्यवस्थाओं में फु टबॉल ग्रुप के लीडर नरेंद्र परमार, सौरभ कारपेंटर, चैतन्य पाटीदार तथा मनीष विश्वकर्मा का विशेष सहयोग रहा। अंत में सभी खिलाड़ियों ने यातायात नियमों का पालन करने, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने तथा दुर्घटना पीड़ितों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## कृषि वैज्ञानिक देंगे सोयाबीन सहित फसलों की उन्नत खेती की जानकारी

**शुजालपुर।** भारतीय किसान संघ तहसील शुजालपुर के तत्वावधान में गुरुवार 4 जून को ग्राम उगली में किसान संगोष्ठी एवं मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं खरीफ फसलों के वैज्ञानिक प्रबंधन की जानकारी उपलब्ध कराना है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि संगोष्ठी में कृषि विज्ञान केंद्र शाजापुर के कृषि वैज्ञानिक उपस्थित रहेंगे, जो सोयाबीन सहित विभिन्न फसलों की बुआई से लेकर कटाई तक की उन्नत तकनीकों, फ सल प्रबंधन, उर्वरक उपयोग, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर विस्तृत जानकारी देंगे। किसानों को कृषि से जुड़ी नवीनतम वैज्ञानिक सलाह भी प्रदान की जाएगी। संगोष्ठी के पश्चात भारतीय किसान संघ तहसील शुजालपुर की मासिक बैठक आयोजित होगी, जिसमें संगठनात्मक गतिविधियों एवं किसानों की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। भारतीय किसान संघ ने तहसील के समस्त कार्यकर्ताओं, जिला कार्यकारिणी सदस्यों, ग्राम इकाई अध्यक्षों, मंत्रियों एवं क्षेत्र के किसान भाइयों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कृषि संबंधी उपयोगी जानकारी का लाभ लेने की अपील की है। संघ के अनुसार कार्यक्रम 4 जून 2026 को प्रात: 11 बजे ग्राम पंचायत उगली में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्र के किसानों से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफ ल बनाने का आग्रह किया है।

## एसडीएम आरोन ने किया आंगनवाड़ी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण

**गुना।** एसडीएम आरोन सुश्री महिमा चौधरी द्वारा आरोन क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्र खामखेड़ा, बुड़ाखेड़ा, रूसल्ला एवं भौंरा का आकस्मिक निरीक्षण कर केंद्रों में संचालित गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान खामखेड़ा एवं बुड़ाखेड़ा आंगनवाड़ी केंद्रों पर उपस्थित कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं से बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार वितरण तथा उपलब्ध सुविधाओं एवं सामग्री की जानकारी प्राप्त की गई। सक्षम आंगनवाड़ी केंद्र खामखेड़ा में उपलब्ध आरओ वॉटर मशीन एवं टीवी को शीघ्र स्थापित कर उपयोग में लाने के निर्देश दिए गए। बुड़ाखेड़ा केंद्र में उपस्थिति पंजी एवं निरीक्षण पंजी का अवलोकन किया गया। अभिलेखों में पाई गई कमियों को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए गए। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र रूसल्ला में कार्यकर्ता अनुपस्थित तथा भौंरा आंगनवाड़ी केंद्र बंद पाया गया। इस पर संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसडीएम सुश्री चौधरी ने ग्राम भौंरा में ग्रामीणजनों से संवाद कर जैविक खेती को बढ़ावा देने के संबंध में किसानों से चर्चा की।

## पुरुषोत्तम मास में ठाकुरजी का नौका विहार

**शुजालपुर।** नेमा समाज शुजालपुर के तत्वावधान में श्रीराम जानकी धाम स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन धार्मिक उत्साह और भक्ति का विशेष वातावरण देखने को मिला। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर ठाकुरजी का आकर्षक नौका विहार कराया गया। अष्ट सखियों के साथ प्रिय लालजू के नौका विहार दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। मंदिर परिसर जयकारों और भजनों से गुंजायमान रहा। कथा के तृतीय दिवस पर कथावाचक मनोज व्यास ने सती चरित्र एवं ध्रुव चरित्र का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने कथा को अत्यंत सरल,श्रद्धालुओं को भक्ति, धैर्य, समर्पण और आत्मविश्वास का संदेश दिया।

# विश्व साइकिल दिवस पर युवाओं ने दिया हरित भविष्य का संदेश

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में इको क्लब के तत्वावधान में विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। इस वर्ष की थीम एक हरित और स्वस्थ भविष्य के लिए साइकिलिंग रही। कार्यक्रम का उद्देश्य साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देकर स्वास्थ्य संरक्षण, ऊर्जा बचत और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था।

इको क्लब प्रभारी डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा ने बताया कि साइकिल न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह ऊर्जा संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण का प्रभावी माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि बढ़ते ऊर्जा संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों के दौर में यदि अधिक से अधिक लोग साइकिल का उपयोग करें तो ऊर्जा की खपत और प्रदूषण दोनों में कमी लाई जा सकती है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ से दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि साइकिल एक सरल, सस्ती, भरोसेमंद और टिकाऊ परिवहन व्यवस्था है, जो स्वस्थ समाज और स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में एनसीसी राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस एवं खेल विभाग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर एनएसएस जिला संगठक देवेंद्र कुंभकार एवं प्रीतम परमार का विशेष सहयोग रहा। विद्यार्थियों ने विश्व साइकिल दिवस की थीम के अनुरूप साइकिल चलाएँ स्वास्थ्य बढ़ाएँ प्रदूषण घटाएँ पर्यावरण बचाएँ तथा साइकिलिंग के माध्यम से स्वास्थ्य, समानता और स्थिरता को बढ़ावा देना जैसे संदेशों के माध्यम से जनजागरूकता का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2018 से प्रतिवर्ष 3 जून को विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य साइकिल के बहुआयामी लाभों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। वर्ष 2026 की थीम साइकिल को वायु प्रदूषण, ट्रैफिक जाम और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों के समाधान के रूप में प्रस्तुत करती है। पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत एवं सतत विकास लक्ष्यों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## जाहिर सूचना

**महेश पिता राजाराम जाति लोहार निवासी ग्राम भटुनी तहसील तराना जिला उज्जैन**

**बनाम**

**आनंदीलाल मृत वारिसान सौरमबाई, रमेशचन्द्र, सजंय, नरेन्द्र, विष्णुकांता निर्वाीगण ग्राम भटुनी तहसील तराना जिला उज्जैन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि -

01. यह कि मेरे पक्षकार जाहिर सुचना प्रकाशनकर्ता महेश पिता राजाराम है। मेरे पक्षकार महेश के पिता राजाराम पिता लालजीराम थे व गजीबाई दादीजी है मेरे पक्षकार के पिता राजारामजी मृतक है जिनके वारिस मेरी बहन निर्मलाबाई, सुमित्राबाई व मायाबाई, मेरा भाई अशोक व मेरा भाई सुरेशचन्द्र व महेश उनके वारिसान है। 02. यह कि जाहिर सुचना प्रकाशनकर्ता के काका आनंदीलाल मृतक है उनकी पत्नि सौरमबाई जो मेरी काकी लगती है। रमेशचन्द्र, सजंय, नरेन्द्र, विष्णुकांता इनके वारिस है तथा लाडकुवंरबाई पति कमलसिंह तथा जमीन के क्रेता लालकुवंरबाई जुझारसिंह व कमलसिंह रहे है व मदनसिंह व मनोहरसिंह जो कि जुझारसिंह के भाई रहे है। 03. यह कि ग्राम भटुनी मे सर्वे क 75 रकबा 0.80, सर्वे क 79 रकबा 0.50, सर्वे क 89 रकबा 0.38, सर्वे क 156 रकबा 0.09, सर्वे क 815 रकबा 0.48 व सर्वे क 830 रकबा 0.53 व सर्वे क 903 रकबा 1.06, कुल भूमि 3.25 हे. भूमि है। 13 बीघा मेरे दादा लालजीराम पिता गनपतजी भटुनी के नाम रही है। उनके मरने के बाद उक्त भूमि पर मेरे काका आनंदीलाल व मेरे पिता राजाराम व दादी गजीबाई का नाम चढा जो तीनो का 1/3 हिस्सा था व सभी के साढे चार-चार बीघा जमीन आती थी मेरी दादी गजीबाई ने उक्त जमीन में उनके हिस्से की वसीयत दिनांक 10.01.2001 को मेरे पक्ष में लिखी थी जो नोटरी के समक्ष लिखी थी जिसपर गजीबाई का अंगुठा है व गवाहदारो का भी अंगुठा है व यह उल्लेखनिय है लालजीराम के मरने के बाद जब मेरी दादी गजीबाई आनंदीलाल व राजाराम का नामांत्रण हुआ उसके दो माह बाद आपसी बंटवारा हो गया जो कुल जमीन का हुआ था जिसमें सर्वे क 815 रकबा 0.48 सर्वे क 89 रकबा 0.38 सर्वे क 156 रकबा 0.09, कुल 0.95 आरा व शेष 0.13 आरे भूमि मुझे वसीयत में दी थी व मैने मेरी दादी के मरने के बाद उक्त वसीयत के आधार पर जमीन पर मेरे नाम की कार्यवाही हेतु पटवारी को वसीयत की कापी दी थी परंतु पटवारी की गलती से नाम नही हुआ था जबकि उक्त वसीयत की जानकारी शुरू से मेरे काका आनंदीलाल व राजाराम को रही है इसके बाद भी दोनो ने मिलकर 13 बीघा जमीन के संबंध में केस सिविल न्यायालय तराना में लगाया था जो प्रकरण क 62-ए/2009 रहा है जिसमें निर्णय दिनांक 01.03.2012 को हुआ था। 04. यह कि वसीयत वाली जमीन वसीयत दिनांक 10.01.2001 से मेरे पास रही है जो 3.25 कुल जमीन में 1/3 भाग मेरा 1.08 होता है तथा उक्त जमीन पर जब पटवारी कार्यवाही के लिये भटुनी आये व मुझे मालुम पडा तो मैने सिविल जज तराना में अपत्ति दिनांक 04.05.2018 को प्रस्तुत की व इसके पहले 16.04. 2018 को आपत्ति तहसील में दी व झगडे वाली वसीयत वाली जमीन सर्वे क 815 रकबा 0.48 सर्वे क 89 रकबा 0.38, सर्वे क 158 रकबा 0.09 व शेष बची भूमि में 0.13 आरे जमीन के संबंध में आपत्ति पेश की गई थी तथा जो आपत्ति वसीयत दिनांक 10.01.2001 के आधार पर दी थी उक्त प्रकरण में सिविल जज वर्ग 1 तराना द्वारा दिनांक 14.10.2025 को मेरी आपत्ति अमान्य की जिसकी अपील मैने जिला जज तराना में की है जो एम.सी.ए. प्रकरण 22/2025 हे जो अपील जिला न्यायालय तराना में चल रही है जिसमें पेशी दिनांक 22.06.2026 लगी है। 05. यह कि सिविल जज वर्ग 1 तराना के आदेश के संबंध में तहसीलदार तराना के आदेश ने गाम भटुनी ने मुझे व मेरे भाई बहनो को सूचना दिए बगैर झुठा कब्जा का पंचनाम 13.04.2026 को बनाया गया है जबकि हमें इसकी कोई मौके पर मैने व मेरे भाई बहनो ने सर्वे क 89/ रकबा 0.33 व सर्वे क 815 रकबा 0.48, व अन्य भूमि का कोई कब्जा आनंदीला के वारिस सौरमबाई व उनके पुत्र रमेश, संजीव, नरेन्द्र, विष्णुकांता को नहीं दिय है उक्त पंचनामा झुठा हमारी पीठ पीछे बनाया हैं तथा उक्त कार्यवाही फिर झुठे रूप से की गई है इसके संबंध में हमने कब्जा नहीं दिया है ऐसा आवेदन भी जिला न्यायालय तराना में अपील प्रकरण 339/2025 में दिया है जिसपर जवाब आकर उसका निराकरण होना है तथा कब्जा नही देने के संबंध में हमारे द्वारा माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में प्रकरण क एम.पी.03345/2026 भी प्रस्तुत कर दिया है जो माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में विचाराधीन है व माननीय उच्च न्यायालय में भी यह बताया है कि दिनांक 13.04.26 का कब्जे के पंचनामा झुठा बताया गया है जबकि उक्त जमीन पर मुझ महेश व मेरे भाई बहनो का अभी भी कब्जा है व हमारे कब्जे का बोर्ड भी लगा है किसी भी कोर्ट द्वारा ऐसा नही माना है कि मैने व मेरे भाई बहन ने कब्जा दिया है। अभी जमीन का केस जिला न्यायालय में चल रहा है व अभी कब्जा पंचनामा के संबंध में जिला कोर्ट व उच्च न्यायालय में फैसला होना है। 06, यह कि उक्त दिनांक 13.04.2026 की झुठी कार्यवाही का झुठा कब्जा पंचनामे के आधार पर आंनदीलाल के वारिस झुठे आधार बनाकर रमेशचंद्र, संदीप व नरेन्द्र आदि जबरन कब्जा करना चाहते है व बार बार थाने पर झूठी रिपोर्ट करते है जबकि मैने व मेरे भाई बहनो ने कभी भी कब्जा नही दिया है व 13.04. 2026 पंचनामे पर हमारे कब्जा देने के हस्ताक्षर भी नही है व हमे विधिवत पटवारी, गिरदावर व तहसील न्यायालय ने नही दिये है उक्त जमीन पर मुझ महेश व मेरे भाई बहनो का कब्जा होकर विधि अनुसार हमारे कब्जे का बोर्ड लगा है व कब्जा हमारा है परंतु आनंदीलाल के वारिस यह जानते हुऐ कि कब्जा पंचनामा दिनांक 13.04.26 का विवाद जिला कोर्ट तराना व उच्च न्यायालय इन्दौर में चल रहा है बावजुद इसके जबरजस्ती झगडा व विवाद करते है व भूमि पर कब्जा कर विक्रय करना चाहते है । अत: सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भुमि के संबंध में आनंदीलाल मृत वारिसान सौरमबाई, रमेशचन्द्र, सजंय, नरेन्द्र, विष्णुकांता निवासीगण ग्राम भटुनी तहसील तराना जिला उज्जैन से किसी भी प्रकार का संव्यवहार व अंतरण आदि नहीं करे अन्यथा वाद के निर्णय के प्रभाव ऐसे क्रेता पर लागू होकर समस्त परिणामों हेतु क्रेता स्वयं जिम्मेदार होगें। सूचित हो । दिनांक 04/06/2026

**गजेन्द्रसिंह कुशवाह एडव्होकेट**

### कार्यालय नगर पालिका परिषद खाचरौद जिला उज्जैन (म.प्र.)

क्रमांक/ई–टेण्डरिंग/2026/1057 खचारोद दिनांक 22/05/2

**निविदा सूचना**

एतद् द्वारा समस्त अधिकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता हैं कि नगर पालिका परिषद खाचरौद द्वारा विभिन्न कार्यों हेतु निविदा ऑनलाईन पद्धति से www.mptender.gov.in पोर्टल पर निविदा आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक अधिकृत ठेकेदार ऑनलाईन दर प्रस्तुत कर सकते हैं :-

| क्र.सं. | टेंडर नं. | कार्य का नाम | अनुबंध की संभावित राशि (लाख रूपये में) | बयाना राशि जमा (ईएमडी) (रुपये में) | बोली दस्तावेज की लागत (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_यूएडी_495085 2 | वार्ड 13 में यू-आकार की नाली का निर्माण | 04.79 लाख | 9580/- | 2295/- |
| 2 | 2026_यूएडी_496190_2 | जवाहर मार्ग स्थित नगर पालिका की पहली मंजिल पर दुकानों का निर्माण कार्य। | 21.60 लाख | 43200/- | 10295/- |
| 3 | 2026 यूएडी 495081 2 | नगर पालिका फूड जोन की पहली मंजिल पर दुकानों का निर्माण कार्य चल रहा है। | 21.34 लाख | 42680/- | 10295/- |

नोट :– निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संषोधन ऑनलाईन की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद खाचरौद

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद खाचरौद

पृ. क्रमांक/ई–टेण्डरिंग/2026/1057 खचारोद दिनांक 22/05/2

### कार्यालय तहसीलदार तहसील शुजालपुर जिला–शाजापुर

क्रमांक/लोकसेवा/2026/क्यू.
शुजालपुर दिनांक: 03.06.2026

**::विज्ञप्ति::**

एतद् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मांगीलाल भील पिता स्व. घासीराम भील जाति भील निवासी ग्राम उगली तहसील शुजालपुर द्वारा मृतक भाई रमेशचन्द्र भिलाला की मृत्यु दिनांक 22.03.2008 को होना बताया गया जिसके मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु तहसील कार्यालय शुजालपुर में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। इसमें किसी भी हितग्राही को कोई आपत्ति हो तो वह न्यायालय तहसीलदार शुजालपुर में उपस्थित होकर प्रकाशन दिनांक से सात दिन के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद गुजरने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। यह विज्ञप्ति पत्र आज दिनांक 03.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर पदमुद्रा से जारी किया गया है।

### कार्यालय तहसीलदार तहसील शुजालपुर जिला–शाजापुर

क्रमांक/लोकसेवा/2026/क्यू.
शुजालपुर दिनांक: 03.06.2026

**::विज्ञप्ति::**

एतद् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मांगीलाल भील पिता स्व. घासीराम भील जाति भील निवासी ग्राम उगली तहसील शुजालपुर द्वारा मृतक भाई विक्रमसिंह भिलाला की मृत्यु दिनांक 10.12.2011 को होना बताया गया जिसके मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु तहसील कार्यालय शुजालपुर में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। इसमें किसी भी हितग्राही को कोई आपत्ति हो तो वह न्यायालय तहसीलदार शुजालपुर में उपस्थित होकर प्रकाशन दिनांक से सात दिन के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद गुजरने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। यह विज्ञप्ति पत्र आज दिनांक 03.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर पदमुद्रा से जारी किया गया है।

## जाहिर सूचना

हर आम व खास जाता को सूचित किया है कि मेरे पक्षकार के द्वारा गुलाम रब्बानी नागौरी वल्द मोहम्मद हाशम नागौरी निवासी - गृह क्रमांक 9, नागौरी मोहल्ला, उज्जैन से भूखण्ड क्रमांक 284, सेक्टर बी-3, आदर्श नगर, देवासरोड़, नागझिरी, उज्जैन को क्रय किये जाने का लिखित अनुबंध कर मेरे पक्षकार से चैक्स व नगद प्रतिफल की आंशिक राशी प्राप्त कर ली है तथा दिनांक 10-06-2026 को उक्त भूखण्ड के पंजीकृत विक्रय विलेखा का निष्पादन किया जावेगा। उक्त विक्रय-पत्र के संदर्भ में जिस व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, आदि को कोई वैधानिक आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन से 3 दिवस के भीतर मय मूल दस्तावेज के मेरे कायलिय में सांय 8:30 से रात्री 10:00 बजे के बीच लिखित आपत्ति ले कर उपस्थित हो । दस्तावेज की वैधानिकता जाने के उपरांत अथवा का आंकलन किये कोई आपत्ति आने की दशा में मेरे पक्षकार अथवा पक्षकार द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य न होवेगी। सूचित हो। 03.06.2020

**मनीष मनाना हाईकोर्ट एडव्होकेट**
**74 के एल मानना मार्ग सराफा उज्जैन**
**मो. 9826045759**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने गोपाल सिंह पिता चंदरसिंह, निवासी- ग्राम मनियावदा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन के क्रय अनुबंधित की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 55 रकबा 1.86 हैक्टर भूमि व सर्वे नंबर 56 रकबा 0.14 हैक्टर भूमि कुल किता 2 कुल रकबा 2.00 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम सूराखेड़ी तहसील बड़नगर व जिला उज्जैन में मुख्य मार्ग से अदंर की ओर स्थित है जिसको मेरे पक्षकार ने से क्रय करने का सौदा तय कर अनुबंधपत्र का संपादन कर बयाना राशि अदा कर दी है। अब सिर्फ विक्रय पत्र का संपादन कराना शेष है। उक्त भुमि के मुलस्वामी वर्तमान में 1. सोभाबाई पति स्व. विक्रमसिह 2. कैलाश बाई पति विक्रमसिह है। इनसे गोपाल सिंह पिता चंदरसिंह, ने बतोर अनुबंध के माध्यम से कय की गई है। अत: उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूमि में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विकय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा म्याद के गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूमि की विधिवत् विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे फिर किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 03-06-2026 स्थान उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडव्होकेट**
**दुकान नंबर- सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन मो. 99264-66157**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार शान्तुगिरी पिता प्रेमगिरी निवासी गोवर्धन गली बडनगर जिला उज्जैन के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं 90 रकबा 0.47 हेक्टर, सर्वे नं 98 रकबा 0.34 हेक्टर सर्वे नं 118/1 रकबा 2.00 हेक्टर सर्वे नं 119/1 रकबा 0.62 हेक्टर सर्वे नं 12/3 रकबा 0.05 हेक्टर कुल किता 05 कुल रकबा 3.70 हेक्टर ग्राम पडुनियालोधा तहसील बडनगर जिला उज्जैन में स्थित है तथा उक्त भूमि के प्रत्येक भाग पर सभी का समान अधिकार है परंतु राजेन्द्र पिता स्व. प्रेम गिरी ने बेशकिमती भूमि जो बड़नगर-जांदला के मुख्य मार्ग से लगी हुई है का अवैधानिक रूप से दिनांक 07/03/2010 को फर्जी बटवारा बिना मेरे पक्षकार शान्तुगिरी पिता प्रेमगिरी निवासी गोवर्धन गली बडनगर के सहमती के करवा लिया और मेरे पक्षकार को उक्त उपर वर्णित मुल्यवान भूमि में से पिछे की ओर की भूमि प्रदान कर दी थी जिसकी जानकारी होने पर मेरे पक्षकार ने बटवारा पंजी क्रमांक 03 आदेश दिनांक 07/03/2010 को निरस्त कराने के लिये अनुविभागीय अधिकारी बडनगर के समक्ष एक अपील प्रस्तुत की थी जिसका प्रकरण क्रमांक 220/अपील/2025-26 पर दर्ज हुई थी जिसमे अधिनस्थ न्यायालय ने अपील स्वीकार करते हुए बटवारा आदेश दिनांक 07/03/2010 को निरस्त कर दिया है तथा पूर्व स्थिती कायम कर दी है जिस पर मृतक राजेन्द्र गिरी के वारसान प्रेमलता, चंचल एवं नितेश का नाम नही रहा है परंतु प्रेमलता, चंचल, नितेश अवैध लाभ अर्जित करने के लिये उक्त भूमि सर्वे नं 118/1/2 रकबा 1.04 हेक्टर, सर्वे नं 119/1/1/2 रकबा 0.06 हेक्टर स्थित ग्राम पडुनियालोधा को बिक्री करने पर आमादा है तथा उक्त भूमि को प्रत्येक सभी सहखातेदारो को समान अधिकार व स्वामित्व की है इस कारण यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, या निजी वित्तदायी संस्था द्वारा उक्त भूमि के संबंध में प्रेमलता पति राजेन्द्र गिरी, चंचल एवं नितेश पिता राजेन्द्र गिरी आदि से किसी भी प्रकार का व्यवहार क्रय विक्रय संबंधी कार्य नही करे तथा पूर्व कोई व्यवहार किया गया हो तथा किसी की कोई बकाया उधारी हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस मे उक्त भूमि से संबंधीत दस्तावेज लेकर मुझ अभिभाषक से न्यायालयीन समय 11 से 06 के मध्य कोर्ट परिसर बडनगर मे अपनी आपत्ति दर्ज करावे तथा कार्यालयीन समय रात्री 7 से 9 के मध्य अपनी आपत्ति दर्ज करावे बाद मियाद जाहीर सूचना किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी तथा मेरी सहमती के बिना करवाया गया कोई भी हस्तान्तरण पत्र इस जाहिर सूचना के ताबे शून्य व अमान्य होगा जो सभी पर बंधनकारी होगा सूचित हो पाबंदी करे। दिनांक 03/06/2026

**पियूष श्रीवास्तव एडवोकेट**
**कोर्ट परिसर बड़नगर जिला उज्जैन**
**मो. 9926399055**

## जाहिर सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मालवी प्रजापति समाज श्री राधाकृष्ण मंदिर एवं धर्मशाला ट्रस्ट का अध्यक्ष होकर सूचित करता हूं कि मेरे द्वारा संचालित ट्रस्ट के मिलते-जुलते नाम से कुछ असंतुष्ट लोगों द्वारा धर्मशाला निर्माण श्री मालवी प्रजापति जिला उज्जैन के नाम से समाजजनों को गुमराह कर चंदा इकट्ठा करने के लिये भक्त गोरा कुमार मालवी प्रजापति समाज समिति, उज्जैन के नाम से कमेटी का गठन, बैठक का आयोजन किया जा रहा है और मुझे आशंका है कि उनके द्वारा संचालित ट्रस्ट को बदनाम करने के लिये ऐसा कतिपय लोगों द्वारा किया जा रहा है, क्योंकि श्री मालवी प्रजापति समाज धर्मशाला एवं राधाकृष्ण मंदिर दानीगेट, उज्जैन पर स्थित है और वर्तमान में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में होने के कारण जीर्णोद्वार हेतु ट्रस्ट द्वारा कार्य समिति का गठन कर समाज के लोगों से सहयोग प्राप्त कर धर्मशाला एवं मंदिर का जीर्णोद्वार का कार्य किया जायेगा। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ऐसे कतिपय लोगों के बहकावे में नहीं आये और मालवी प्रजापति समाज श्री राधाकृष्ण मंदिर एवं धर्मशाला ट्रस्ट दानीगेट उज्जैन के जीर्णोद्वार के पुनित कार्य में सहयोग प्रदान करें। सो सूचित हो।

इति दिनांक-03.06.2026

**घनश्याम सिसौदिया**
**अध्यक्ष - श्री राधाकृष्ण मंदिर मालवी प्रजापति समाज धर्मशाला ट्रस्ट दानीगेट**

## जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार से प्राप्त जानकारी अनुसार मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण 1-शादाब हुसैन वल्द सरफराज हुसैन 2-श्रीमती जैनब बी देहलवी पति शादाब हुसैन निवासीगण-15 मिल्कीपुरा नजरअली मार्ग उज्जैन म.प्र. से उनके स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक जी+1 दो मंजिल पक्का पुराना आर.बी.सी. छत का निर्मित मकान जो मोके पर दो भाग में होकर सदर मकान के फ्रंट (कर्मशियल) का मौजूदा म्यु. गृह क्रमांक-40 एवं पीछे साईड सदर मकान (आवासीय) का मौजूदा म्यु.गृह क्रमांक-40/1 है एवं सदर मकान वार्ड क्रमांक-27 श्रीपाल मार्ग (लोहे का पुल) उज्जैन में स्थित है। सदर मकान म्यु. गृह क्रमांक 40 का कुल क्षेत्रफल 36-03 वर्गमीटर या 387-82 वर्गफीट एवं सदर मकान म्यु. गृह क्रमांक-40/1 का कुल क्षेत्रफल 83-31 वर्गमीटर या 896-74 वर्गफीट है, इस प्रकार दोनो मकानो को मिलाकर उनका कुल क्षेत्रफल 119-33 वर्गमीटर या 1284.56 वर्गफीट है उपरोक्त वर्णीत सदर मकान का सोदा विक्रेतागण द्वारा मेरे पक्षकार / क्रेता के हित में मय तला एवं उस पर निर्माण एवं हवाई हक सहित कर दिया गया है तथा विक्रेतागण ने सदर मकान के पेटे अग्रीम राशि प्राप्त कर मेरे पक्षकार के हित मे सदर मकान के विक्रय अनुबंध-पत्र को भी संपादित कर दिया है (उक्त अनुबंध-पत्र में सदर मकानो की पैमाईश एव चर्तुसीमा को स्पष्ट रूप से वर्णित किया गया है) एवं अनुबंधित समयावधि मे शेष विक्रय मुल्य राशि का भुगतान कर सदर मकान की रजिस्ट्री विक्रय-पत्र को कराना शेष है। उपरोक्त सदर वर्णित मकान के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी बैंक या सहकारी संस्था आदि का ऋण भार हो या उपरोक्त मकान के संबध में किसी का स्वत्व हित एवं अधिकार हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 10 दिवस में लिखित रूप से आपत्ति मेरे कार्यलय मे कार्यलयीन समय में आकर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रस्तुत करे बाद अवधि गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार पर उक्त आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरा पक्षकार सदर मकान के विक्रय मुल्य की शेष राशि विक्रेता को भुगतान करके अपने या अपने निर्देशित व्यक्ति के हक मे विक्रय पत्र का निष्पादन व पंजीयन करा लेगा। इति दिनांक 03/06/2026 स्थान उज्जैन

**शेख गुलाम रसूल ( शहजादा ) एडव्होकेट**
**आफीस-न्यु हरिफाटक महाकाल मार्ग**
**बेगमबाग चौराहा उज्जैन मो. 92295-65313**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी मयाराम पिता राजाराम जीनिवासी-ग्राम झोंकरा तहसील घटिया जिला उज्जैन के एकांकी स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 53/3 रकबा 1.00 हैक्टर में से रकबा 0.80 हैक्टर भूमि ग्राम सेमलिया बीबी तहसील घटिया जिला उज्जैन में स्थित है, को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर विक्रय अनुबंध का संपादन कर लिया है। अत: उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूमि में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विकय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूमि का अनुबंध या विधिवत विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 04-06-2026 स्थान उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडव्होकेट**
**दुकान नंबर- सीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन मो. 99264 66157**

## जाहिर-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी 01) श्रीमती हेमलता पति श्री चन्द्रशेखर आसवानी. 02) श्री योगेश पिता श्री चन्द्रशेखर आसवानी, 03) दामिनी आसवानी पिता श्री चन्द्रशेखर, 04) हिना पिता श्री चन्द्रशेखर, निवासीगण 28, पटेल नगर, उज्जैन के मालिकी, स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन नगर पालिका निगम कमांक 15 का पश्चिम दिशा वाला भाग, नया क्रमांक 15/1, पटेल नगर कॉलोनी उज्जैन स्थित है। जिसकी लम्बाई-उत्तर दक्षिण 15.24 मीटर, चौडाई-पूर्व पश्चिम 3.05 मीटर होकर भवन का कुल क्षेत्रफल 46.48 वर्गमीटर है। भवन की चर्तु:सीमा में पूर्व में शेष भाग, पश्चिम में-मकान जैसाराम जी का, उत्तर में-रोड कॉलोनी, दक्षिण में-गली है को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दी है, शेष राशि भुगतान कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी रहा है। उक्त भवन पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन मे अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो। इति दिनांक-04.06.2026

**दीपक बोरीवाल**
**ए-12, भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मो 9425168084**

# पी एन एम बैठक में वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ ने १७ सूत्रीय सूत्रीय मुद्दों पर की अधिकारियों से चर्चा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



आज दिनांक 3 जून को वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ की 2026 की द्वितीय पीएनएम मंडल मंत्री अभिलाष नागर एवं मंडल अध्यक्ष प्रताप गिरी के नेतृत्व में संपन्न हुई जिसमें कर्मचारी हितों पर मंडल रेल प्रबंधक अश्विनी कुमार एवं सभी ब्रांच अधिकारियों से सकारात्मक चर्चा की गई। सहायक मंडल मंत्री गौरव दुबे ने बताया कि निम्न मुद्दों पर डीआरएम अश्विनी कुमार से सहमति बनी -:

1 सभी विभागों के लंबित पदोन्नति आदेश 30 जून तक जारी करने पर सहमति

2) रेलवे अस्पताल एवं मंडल कार्यालय रतलाम में केंद्रीकृत आरओ लगाया जायेगा एवं अस्पताल के केजुअल्टी वार्ड में जल्द एसी लगाया जायेगा।

3) दुर्घटना रहित अवार्ड सेवानिवृति समारोह में प्रदान करना

4) पालनपुर लॉबी से रनिंग स्टाफ को जुलाई- अगस्त में रतलाम के लिए रिलीव कर दिया जायेगा।

5) एलडीसीई परीक्षा का मुद्दा मुखरता से उठाया गया जल्द ही सभी विभागों की लंबित परीक्षा शीघ्र आयोजित की जायेगी।

6) एचआरएमएस संबंधी समस्याओं के लिये हेल्प डेस्क लगाई जायेगी।

7) डाट की पुल का चौड़ीकरण एवं बकरा पुलिया का नवीनीकरण किया जायेगा।

8) चित्तौड़गढ़ में लॉबी के लिये नई बिल्डिंग का निर्माण किया जायेगा।

9) ट्रैकमेनो सहित सभी पात्र कर्मचारियों को 15 जून तक रेनकोट प्रदान किये जायेंगे ।

10) सेवानिवृत्ति के उपरांत कर्मचारियों को सेवा पुस्तिका की प्रतिलिपि प्रदान की जायेगी।

11) मंडल के अजनोद में 12 एवं पालिया में 8 नये रेलवे आवासों का निर्माण कार्य मानसून के बाद प्रारंभ होगा ।

12) फार्मासिस्ट केटेगरी को ड्रेस अलाउंस के एरियर का भुगतान किया जायेगा।

13) रतलाम मंडल के समस्त स्टेशन अधीक्षको को रेलवे कॉलोनी की नालियों की मानसून पूर्व सफाई के लिए इंप्रेस्ट स्वीकृत किया गया ।

13) मंदसौर में श्रीराम मोहन एवं चित्तौड़गढ़ में निजी अस्पताल से अनुबंध किया गया।

14) रेलवे अस्पताल में लिफ्ट लगाने पर सहमति बनी।

15) एमएसीपी प्रकरणों को बिना विलम्ब के समयनुसार किया जायेगा।

16 ) इंजिनियरिंग विभाग के गेटमैन के लंबित वाटर इंप्रेस्ट के भुगतान की सहमति

17) रोड साइड स्टेशन के लिए 50 आरओ एवं 55 पॉइंट्समन गुमटी की स्वीकृति।

इस अवसर पर संयुक्त मंडल मंत्री बलराम बढ़गोत्या,सहायक मंडल मंत्री नरेन्द्र सिंह सोलंकी, सीडब्लूसी गौरव संत व लक्ष्मीचंद जाखड़, शाखा सचिव संजय कुमार,दीपक गुप्ता,योगेश यादव, रविराज परिहार, गौरव ठाकुर, अमित चौहान,कमलेश चौधरी, सुशांत कुमार,अमित चौहान,बापी चौधरी,विजय पाटीदार,शाखा अध्यक्ष नरेंद्र सहगल,इमरान खान,अशोक टंडन,रणजीत सिंह एवं ऊषा खिंची उपस्थित रहीं।

## आज से तीन दिवसीय भव्य गीता ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**मन्दसौर।** विश्व गीता प्रतिष्ठानम मन्दसौर के तत्वावधान में स्थानीय गांधी नगर स्थित दास बालाजी मन्दिर परिसर में तीन दिवसीय भव्य गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन आज 4 जून से प्रारंभ होकर 6 जून को संपन्न होगा। इस त्रि-दिवसीय ज्ञान यज्ञ के मुख्य कथा व्यास ग्वालियर के सुप्रसिद्ध गीता मनीषी एवं विश्व गीता प्रतिष्ठानम के केन्द्रीय महामन्त्री डॉ. विष्णु नारायण तिवारी प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक अपने मुखारविंद से गीता स्वाध्याय और गहन अध्यात्म से ओतप्रोत प्रेरणादायी प्रवचन देंगे। अनुष्ठान के अंतिम दिन, 6 जून को विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित होगी, जिसके तहत दास बालाजी मन्दिर परिसर में अखण्ड गीता पाठ और विश्व कल्याण की कामना के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भव्य हवन संपन्न कराया जाएगा। जिला संयोजक सुरेश कुमार शर्मा और जिला सप्तोत्सव प्रमुख कविता चौहान सहित पूरी समिति तैयारियों में सक्रिय है।

## सेवानिवृत्त पर यशवंत सिंह बोराना का गृह ग्राम में किया सम्मान

**पिपलीया मंडी।** भारतीय सेना में 18 वर्षों तक देश सेवा के बाद यशवंत सिंह बोराना के अपने गृह गांव तुरकिया पहुचते समय मंगलवार को पिपलीया रेलवे स्टेशन पर रमेश तेलकार,मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने साथियो सहित बोराना का पुष्पमाला व तिरंगा गमछा डालकर सम्मान किया।ज्ञात हो बोराना मथुरा से सेवानिवृत्त हुवे है इन्होंने अपने सेवाकाल में जम्मू कश्मीर, कारगिल सेक्टर, अंबाला, हरियाणा,एलओसी बार्डर,पूंछ झांसी, असम, मथुरा उत्तरप्रदेश में अपनी सेवाएं दी।

## कनघट्टी के युवा नेता अजय नागरिया की जागरूकता रंग लाई

**पिपलिया मंडी।** विगत दिनों से ग्राम पंचायत कनघट्टी में 2 महीने से पंचायत द्वारा नलों में नदी का गंदा एवं मैला पानी सप्लाई में दिया जा रहा था जिससे ग्रामवासियों को पेयजल हेतु काफी परेशानियां आ रही है इस जलसंकट को देखते हुए ग्राम के युवा अजय नागरिया ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए सभी बड़े अखबारों में इस समस्या को लेकर आवाज उठाई उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए क्क।।श्व विभाग द्वारा ग्रामपंचायत कनघट्टी पहुंचकर सभी तरफ से आ रही जल की सप्लाई के सैंपल लिए गए एवं कुओं में लिक्विड डाला गया जिससे जल को साफ किया जाता है। बिना फिल्टर प्लाट के इस समस्या का हल तो नहीं है लेकिन इस कार्य से ग्रामवासियों को कुछ राहत मिलेगी।

## बुलेट की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

**नीमच।** शहर के सिटी थानान्तर्गत इंदिरा नगर के भगवानपुरा चौराहा समीप सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर ट्राली बनाने वाले मिस्त्री 56 वर्षीय अतीक कुरैशी की तेज रफ्तार बुलेट की टक्कर से मौत हो गई। जानकारी अनुसार माधवगंज नीमच सिटी निवासी अतीक मोहम्मद पिता शफी मोहम्मद कुरैशी उम्र 56 वर्ष मंगलवार शाम भगवानपुरा चौराहे के यहां अपनी ट्राली वर्क्स की दुकान बंद कर घर जाने के लिये खाना हो रवाना हो रहा था द्य तभी तेज रफ्तार बुलेट ने उसे टक्कर मार कर गंभीर घायल कर दिया। दुर्घटना के बाद बुलेट चालक बगैर रूके बुलेट सहित फरार हो गया। आस पास वालों ने गंभीर रूप से घायल को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। सिर में गंभीर चोट होने के कारण उसे बचाया नहीं जा सका उसकी दुखद मौत हो गई ।

## बावड़ी में मिला लापता बुजुर्ग का शव

**मन्दसौर।** शहर के चंद्रपुरा क्षेत्र में ओखाबावजी मंदिर के पास स्थित एक बावड़ी में मंगलवार रात को 55 वर्षीय गोपाल सोलंकी का शव तैरता हुआ मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर नई आबादी थाना पुलिस और नगर पालिका की टीम ने शव को कुएं से बाहर निकाला। बताया गया है कि मृतक पिछले दो दिनों से घर से लापता थे। पारिवारिक सदस्यों के अनुसार मृतक मानसिक रूप से कमजोर थे और अक्सर बिना बताए घर से निकल जाते थे। घटना स्थल पर पहुंचे परिजनों ने उनकी पहचान की। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया।

# कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को दिया एकजुटता और अनुशासन का मंत्र

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मंदसौर आयोजित मंडलम अध्यक्षों के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। इस शिविर में पहली बार बड़े राष्ट्रीय और प्रादेशिक नेताओं ने छोटे कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद किया।

समापन अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरते हुए कहा कि राहुल गांधी एक व्यक्तित्व नहीं बल्कि एक विचारधारा हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को नसीहत दी कि वे नेताओं की व्यक्तिगत जय-जयकार करने के बजाय किसान, मजदूर और कांग्रेस जिंदाबाद के नारे लगाएं। चौधरी ने इस बात पर जोर दिया कि अब कांग्रेस का संगठन दिल्ली या भोपाल से नहीं बल्कि जिलों और मंडलम से चलेगा और चुनाव व्यक्ति विशेष के बजाय संगठन के दम पर लड़ा जाएगा। उन्होंने भाजपा और आरएसएस से लड़ने से पहले कार्यकताओं को अपने अहंकार को छोड़ने की सलाह दी और पिछले १२ वर्षों में देश के हालातों, बढ़ती महंगाई व परीक्षा प्रणाली में गड़बड़ियों पर चिंता व्यक्त की।

विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह ने भारत निर्माण में कांग्रेस के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने संविधान सभा में देश के प्रत्येक वर्ग, धर्म और क्षेत्र के लोगों को स्थान देकर संविधान का निर्माण करवाया था ताकि सत्ता का उपयोग जनता के कल्याण के लिए किया जा सके। प्रशिक्षण विभाग के प्रभारी डॉ. महेंद्र जोशी ने कहा कि कार्यकर्ताओं के व्यवहार में परिवर्तन की आवश्यकता है क्योंकि अनुशासन के बिना दुनिया की कोई भी लड़ाई नहीं जीती जा सकती।

राष्ट्रीय प्रशिक्षक रजनीकांत ने कार्यकताओं को कांग्रेस के महान इतिहास और सिद्धांतों के अध्ययन की आवश्यकता पर जोर दिया, तो प्रशिक्षक के. इनायत अली ने संविधान को बचाने की जिम्मेदारी के विषय पर प्रकाश डाला। सोशल मीडिया अध्यक्ष चंचलेश व्यास द्वारा तकनीकी जानकारी देने के बाद, जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने सभी अतिथियों का सम्मान किया और प्रशिक्षण में भाग लेने वाले ब्लॉक, नगर व मंडलम अध्यक्षों को प्रमाण पत्र वितरित किए।



## ग्राम बालागुड़ा में रात्रि चौपाल में कलेक्टर अदिती गर्ग ने सुनीं समस्याएं

**मंदसौर।** मल्हारगढ़ विकासखंड के आदर्श ग्राम बालागुड़ा स्थित नक्षत्र गार्डन परिसर में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें कलेक्टर अदिती गर्ग ने ग्रामीणों के बीच बिछात पर बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद रहे।चौपाल के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीण जनों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनवाड़ी कार्यकताओं से विस्तृत चर्चा कर टेक होम राशन का नियमित वितरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें एनआरसी में भर्ती कराने और उचित उपचार दिलाने के निर्देश दिए, साथ ही ग्रामीणों से बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने व आंगनबाड़ियों में अधिक से अधिक पंजीयन कराने का आह्वान किया। ग्राम में दूध उत्पादन और पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर ने पशुपालन विभाग एवं सहकारिता बैंक को संयुक्त रूप से विशेष शिविर आयोजित करने तथा विशेष ग्राम सभा बुलाने के निर्देश दिए। चौपाल में ग्रामीणों ने दूध का उचित मूल्य दिलाने, बैंक ऋण, विद्युत केबल बदलने, नाली निर्माण, अतिक्रमण हटाने, किसान सम्मान निधि और फार्मर आईडी में नाम जोड़ने तथा आवारा पशुओं व जंगली सूअरों की समस्या जैसी मांगें रखीं, जिन पर कलेक्टर ने शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिया।

# संत बिना किसी चार्ज के आपको रिचार्ज कर देते है - पूज्य स्वामीजी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

जीवन में जब भी कोई ऐसा संकट आ जाए की कोई मार्ग दिखाई नहीं देवे । आप स्वयं को दुविधाओं के चक्रव्यूह में घिरे महसूस करें तब तुरंत किसी भी संत की शरण स्वीकर कीजिये । इससे आपके जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल जायेंगे । सच्चे संत बिना किसी चार्ज के आपको रिचार्ज कर देते है ।यह हमेशा याद रखिये कि बिना हरि की कृपा के संत नहीं मिलते है । परमात्मा के दूत के रूप में संत आपके जीवन से संकटों का समाधान करते हुए जीवन में ज्ञान और वैराग्य का जागरण करते है

यह प्रेरक दिग्दर्शन महामण्डलेश्वर स्वामी चिदम्बरानन्द सरस्वतीजी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के दुसरे सत्र में किया । वे श्री हरिहर सेवा समिति मोहनलाल भट्ट परिवार एवं श्री कालिका माता सेवा मंडल ट्रर्स्ट द्वारा पुरुषोत्तम मास के अवसर पर दयाल वाटिका सैलाना रोड पर मोक्षदायिनी कथा का श्रवण करवा रहे है । आरम्भ में आयोजक परिवार के मोहनलाल भट्ट, महेंद्र भट्ट, सुनील भट्ट आदि ने पोथी पूजन किया । कथा प्रसंग में बुधवार को परीक्षित आगमन एवं सुखदेव जी आगमन का मार्मिक चित्रण किया गया । गुरुवार को ध्रुव चरित्र का का प्रसंग रहेगा ।पूज्य स्वामीजी ने बताया कि श्रीमद भागवत में प्रसंग आता है कि भक्ति दैवी अपने पुत्र ज्ञान और वैराग्य की मूर्छा से दुखी है तभी देवर्षि नारदजी का आगमन आता होता है ।

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल
**ई-निविदा सूचना**
**ई-निविदा सूचना संख्या- GEM/2026 /B/7607041 दिनांक 02.06.2026; (1) कार्य का नाम एवं स्थान:** कार्य का नाम - कोचिंग डिपो इंदौर, रतलाम डिवीजन (पश्चिम रेलवे) की ट्रेनों में 2 वर्ष की अवधि के लिए ऑन-बोर्ड हाउसकीपिंग सेवाओं (ओबीएचएस) का प्रावधान। **स्थान-** कोचिंग डिपो इंदौर। **(2) कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 26,28,48,162.65/- (सभी कर ड्यूटीज एवं जी. एस. टी. सहित); **(3) बयान राशि:** ₹14,64,240/-; **(4) समापन अवधि:** एल. ओ. ए जारी होने की तारीख से 24 माह; **(5) निविदा फार्म जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय:** 12:00:00 बजे दिनांक 25-06-2026 तक जमा करने का समय। **(6) वेबसाईट व नोटिस बोर्ड जहां निविदा संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** निविदायें GeM वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
V/83
हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly • हमें फोलो करें : x.com/WesternRly

# 127वें दिन शिवना के घाटों की सफाई के साथ ही दीवारों का किया रंगरोगन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



शिवना शुद्धिकरण जनअभियान अपने 127वें दिन बुधवार को जिलेभर से आए कांग्रेस नेता, समाजसेवी, महिलाएं, युवा और ग्रामीणजन ने मिलकर नदी और घाटों की साफ-सफाई की, साथ ही दीवारों का रंग-रोगन भी किया। इस दौरान नदी के भीतर से दो ट्रॉली गंदगी और कचरा बाहर निकाला गया। इस अवसर पर अभिव्यक्ति ओपन माइक टीम मंदसौर द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। अभियान में हिस्सा लेते हुए कांग्रेस वर्किंग कमेटी की सदस्य एवं पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन ने कहा कि किसी भी बड़े सामाजिक बदलाव के लिए दृढ़ संकल्प और जनसहयोग सबसे अनिवार्य तत्व हैं। उन्होंने कहा कि विधायक विपिन जैन के आह्वान पर शुरू हुआ यह अभियान आज एक बड़े जनआंदोलन का रूप ले चुका है, जिसका नतीजा है कि शिवना नदी अब पहले से कहीं अधिक स्वच्छ और निर्मल दिखाई दे रही है। वहीं विधायक विपिन जैन ने इस सफलता को जनशक्ति की मिसाल बताते हुए शहरवासियों से अपील की कि वे हर रविवार सुबह 7 से 9 बजे तक आयोजित होने वाले इस नियमित श्रमदान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस पुनीत कार्य को और अधिक मजबूती प्रदान करें।

# 'नपा अध्यक्ष ने गौरव दिवस पर शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित किये

## शहीद पार्क में झाड़ू लगाकर एवं पौधारोपण कर स्वच्छता एवं पर्यावरण का संदेश दिया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी ३ जून को वीर शहीदों को समर्पित नीमच गौरव दिवस का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का आगाज नपा अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिंह चौहान द्वारा बुधवार 3 जून को प्रातः 8 बजे शहीद पार्क नीमच सिटी स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पीत कर किया गया। इसके पश्चात अतिथिगणो व उपस्थित जनों ने शहीद पार्क में झाडू लगाकर एवं पौधारोपण कर स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर एवं एसडीम श्री पराग जैन, श्री चंद्र सिंह धारवे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया, अ. भा.भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्य, नपा पार्षद, एल्डरमैन एवं नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित थे।

विदित हो कि 1857 की स्वतंत्रता संग्राम क्रांति के दौरान मध्य प्रदेश में पहली गोली ३ जून को नीमच से चली थी। इसी कारण ३ जून को नीमच गौरव दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इस अवसर पर शहर के शहीद स्मारकों, महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं सर्किल पर आकर्षक सजावट करने के साथ ही ३ जून को प्रातः 8 बजे शहीद पार्क नीमच सिटी पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिंह चौहान एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा ने उपस्थित जनों के साथ शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र एवं शहीदों को जिस बरगद के पेड़ पर फांसी दी गई थी उस पेड़ पर पुष्पांजलि अर्पित कर की। इसके पश्चात अतिथिगणों ने उपस्थित जनों के साथ शहीद पार्क परिसर में पौधारोपण किया तथा हाथ में झाडू थाम शहीद पार्क परिसर की सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया ।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता श्री संतोष चोपड़ा, समाजसेवी श्री वासुदेव गर्ग,विधायक प्रतिनिधि श्री निलेश पाटीदार, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री नारायण खंडेलवाल, पार्षद श्री राकेश किलोरिया, श्री रामचंद्र धनगर, श्री मुकेश पोरवाल,श्री दुर्गा शंकर भील, श्री हरगोविंद दीवान, श्री रामलाल ग्वाला, एल्डरमैन श्री शंकर बंसल, चंदू तलरेजा, नपा कार्यालय अधीक्षक श्री कन्हैया लाल शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश टांक, एनयुएलएम प्रभारी श्री प्रवीण आर्य, बगीचा शाखा प्रभारी श्री महावीर जैन, इतिहासकार श्री सुरेंद्र सिंह शक्तावत, अ. भा.भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष श्री देवेंद्र सिंह परिहार, प्रदेश मंत्री श्री चतर सिंह गहलोत, सदस्य श्री कमलेश नलवाया,श्री अमोद कुमार त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

## न्यूज कालम



## आंधी तुफान में गिरी दीवार,उड़े चद्दर 50 हजार का हुवा नुकसान

**पिपलीया मड़ी।** सोमवार को आये आंधी तूफान व तेजबारिश बवंडर में वार्ड 9 झुग्गी झोपड़ी में निवासरत रमेशचंद्र पिता भगवान जी के मकान की लगभग 200 फिट दीवार धराशायी होगई एवं10 चद्दर तेज आंधी में उड़ कर दूर तलैया में गिरे जो पूरी तरह क्षति ग्रस्त होगये,गनीमत यह रही कि कोई जनहानि नही हुई।पीड़ित परिवार की सूचना पर बुधवार को मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा पीड़ित के घर पहुंचे व तहसीलदार ब्रजेश जी मालवीय से चर्चा कर नुकासानी का मुआवजा दिए जाने की मांग की।दीवाल गिरने की सूचना पर कस्बा पटवारी विकेश पाटीदार भी मौके पर पहुंचे व मौका पंचनामा बनाया।इस मौके पर दिनेश गुप्ता काचरिया,अनिल मुलासिया,भेरूपप्पू गुर्जर आदि भी मौजूद थे।

## प्रदेश अध्यक्ष कुंवर शक्तावत ने मुख्यमंत्री के ओछे बयानों की की निंदा



**पिपलिया मंडी।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष, ग्राम पंचायत मुंदेड़ी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने विगत दिनों मध्य प्रदेश कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जो कि प्रदेश के जुझारू नेता है, के खिलाफ एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मंच से जिस अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और प्रदेश अध्यक्ष को दो कौड़ी का नेता कहा इससे यह प्रमाणित होता है की जो लोग सरकार में नहीं है और मेरे असंगठित कामगार हैं मजदूर हैं वे सभी लोग दो कौड़ी के हैं ऐसी मर्यादित टिप्पणी और इस प्रकार के ओछे शब्दों का एक मुख्यमंत्री के द्वारा इस्तेमाल किया जाना अत्यधिक निंदनीय है। हमारे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी हमारा स्वाभिमान है,जिस ओछी,अमर्यादित एवं स्तरहीन भाषा का उपयोग मोहन यादव ने किया वो बेहद ही शर्मनाक है,जनता सब देख रही है और समय आने पर अहंकार का उत्तर भी देगी,एक मुख्यमंत्री द्वारा इस तरह के शब्दों का उपयोग शोभा नहीं देता हैं,यह पहली बार नहीं हुआ पूर्व में भी विधानसभा के अंदर हमारे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के लिए भी मुख्यमंत्री द्वारा "निपट लेंगे" जैसे अशोभनीय शब्दों का उपयोग किया गया है। जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता! कुंवर शक्तावत ने इस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल नहीं करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री से अपील की है।

## कृति संस्था का नि :शुल्क चित्रकला प्रशिक्षण शिविर मे बच्चों का उत्साह




**नीमच।** शहर की कृति संस्था के चित्रकला प्रशिक्षण शिविर में तीसरे दिन 49 बच्चों ने कैनवास पर अपनी कूची चलाई द्य रात 8 बजे प्रारंभ हुए शिविर में अब और अधिक शिक्षा से बच्चे अपनी कल्पना चिंता से चित्र उपकार कर प्रशिक्षकों के सामने रख रहे हैं। बुधवार को कार्यक्रम में अतिथि के रूप में 65 बार रक्तदान कर चुके श्री दीपेश शर्मा और कृति की चित्रकला प्रतियोगिता में कई बार पुरस्कार प्राप्त कर चुकी मीनाक्षी यादव बच्चों का उत्साहवर्धन करने पहुचे द्य अतिथियों का स्वागत का शिविर संयोजक सत्येंद्र सक्सेना ने किया द्य प्रशिक्षको श्री दीपक भट्ट , सुश्री ज्योतिका अग्रवाल, श्रीमती रचना ओझा, व अश्मिका नए चित्रकला की बारीकीया बच्चों को समझाइश प्रशिक्षकों व बच्चों की रुचि से साफ शिविर की सफलता झलक रही थी। संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी, कमलेश जायसवाल,राजेश जायसवाल कोषाध्यक्ष , मुकेश कासलीवाल,रघुनंदन पाराशर सचिव ,श्याम टांकवाल सहसचिव, किशोर जेवरिया, भरत जाजू , गणेश खंडेलवाल, बाबूलाल गौड़, डॉ ,जीवन कौशिक, योगेश पाटीदार,,प्रकाश भट्ट, सत्येंद्र सक्सेना ,महेंद्र त्रिवेदी, मुकेश कासलीवाल, नरेंद्र पोरवाल आदि उपस्थित रहे। अभी सिविल 4 दिन और जारी रहेगा अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में बच्चों को प्रशिक्षण के लिए भेजने का आग्रह किया गया है।

## प्रशासन ने मंदसौर में जर्जर व खतरनाक भवन किए गए डिस्मेंटल



**मन्दसौर।** जिले में आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा जर्जर एवं खतरनाक भवनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। इसी सिलसिले में नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जनकूपुरा के बड़ा चौक सहित अन्य स्थानों के चिन्हित जर्जर भवनों को जमींदोज (डिस्मेंटल) करने का अभियान चलाया गया। इस संयुक्त कार्रवाई के दौरान एसडीएम शुभम पाटीदार, तहसीलदार नीलेश पटेल, नायब तहसीलदार अभिषेक चौरसिया एवं नगर पालिका के ईई श्री धारवे की मौजूदगी में राजस्व, पुलिस और नगर पालिका की टीम ने काम किया।नगर पालिका मंदसौर द्वारा इस कार्रवाई से पूर्व संबंधित भवन स्वामियों को जर्जर ढांचों को लेकर कानूनी नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद मकान मालिकों द्वारा कोई आवश्यक कदम नहीं उठाए जाने पर प्रशासन ने जनहित में इन खतरनाक भवनों को हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया। जिला प्रशासन ने साफ तौर पर कहा है कि भविष्य में भी आमजन की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और ऐसे जोखिमभरे निमार्णों के खिलाफ कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।



## 17 साल बाद घर लौटे सैनिक का ऐतिहासिक देशभक्ति गीतों के साथ स्वागत

**मक्सी।** भारतीय सेना में 17 वर्ष की गौरवपूर्ण सेवा देकर सेवानिवृत्त हुए जितेंद्र कुमार सुनानिया का मंगलवार को मक्सी में ऐतिहासिक स्वागत हुआ। लगभग 1000 से ज्यादा लोगों की मौजूदगी में पूरा मक्सी व कनासिया नगर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। सुबह 8 बजे रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरते ही हजारों नागरिकों ने ढोल-नगाड़ों से उनका स्वागत किया। इसके बाद 25-30 ट्रैक्टर, सैकड़ों मोटरसाइकिलों और डीजे के साथ भव्य स्वागत रैली निकाली गई। डीजे पर देशभक्ति के गाने बजते रहे और भारत माता की जय के नारों से माहौल गूंजता रहा। रैली झौकर रोड, ए.बी. रोड, नई आबादी, पुलिस थाना व कनासिया नाका होते हुए गृह ग्राम कनासिया पहुंची। कनासिया पहुंचने पर परिजनों ने आरती उतारकर सैनिक का स्वागत किया। इसके पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। जितेंद्र कुमार, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र डॉन के भाई हैं।

## वार्ड क्र. 5 में 5 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक शौचालय का भूमिपूजन



**सुसनेर।** वार्ड क्रमांक 5 स्थित ओंकारेश्वर मंदिर परिसर में लगभग 5 लाख रुपये की लागत से बनाए जाने वाले सामुदायिक शौचालय का भूमिपूजन विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर वार्ड के पार्षद स्नेह युगल किशोर परमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप सोनी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि युगल किशोर परमार, पार्षद प्रतिनिधि पवन शर्मा ,भाजपा मंडल अध्यक्ष डा. सौरभ जैन एवं कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की भी सहभागिता रही। इस अवसर पर वार्ड पार्षद स्नेह युगल किशोर परमार ने कहा कि वार्ड के नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है। ओंकारेश्वर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय लोग आते हैं, जिससे लंबे समय से सामुदायिक शौचालय की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब इस निर्माण कार्य से लोगों को स्वच्छ एवं बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। पार्षद ने आगे कहा कि वार्ड क्रमांक 5 के विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं और भविष्य में भी सड़क, स्वच्छता, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्य जारी रहेंगे। उन्होंने नागरिकों से भी निर्माण कार्य में सहयोग एवं परिसर की स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। भूमिपूजन कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

## 28 वर्ष 8 माह की सेवाओं के बाद नरेश कुमार जैन सेवानिवृत्त



**सुसनेर।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सुसनेर में पदस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नरेश कुमार जैन के अर्धवार्षिक आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त होने के अवसर पर कार्यालय में सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। नरेश कुमार जैन ने एक ही कार्यालय में लगातार 28 वर्ष 8 माह तक सेवाएं देकर अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया। विदाई समारोह में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी सहित कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नरेश कुमार जैन का पुष्पमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके सेवाकाल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने सदैव ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य किया तथा कार्यालय की कार्यप्रणाली में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों ने उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीघायु जीवन की कामना करते हुए समाज सेवा और राष्ट्र सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहने की शुभकामनाएं दीं। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन



**ब्यावरा।** स्थानीय क्लब ग्राउंड ब्यावरा में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ ब्यावरा के क्लब ग्राउंड मैदान पर जूडो, फुटबाल, वालीबाल, क्रिकेट आदि खेलों का प्रशिक्षण 1 मई से प्रारंभ हुआ था जिसमें खिलाड़ियों को खेल की तकनीकी जानकारियां दी गई एवं उत्साह पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। खेल एवं युवक कल्याण विभाग की संभागीय अधिकारी शर्मिला डाबर के द्वारा खिलाड़ियों एवं ऑफिशल्स को किट प्रदान की गई साथ ही प्रमाण पत्र वितरण किए गए। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यावरा द्वारा स्वल्पाहार कराया गयाा प्रशिक्षण को ट्रैक सूट प्रदान किए गए। इस अवसर पर व्यायाम शिक्षक देवेंद्र सक्सेना, मुकेश शर्मा, चंदा खान आदि उपस्थित रहे।

विश्व ब्राह्मण दिवस पर वैदिक परंपरा का गौरवगान

# ब्राह्मण समाज युवा संस्कार परिवार ने किया ब्रह्म बटुकों एवं वेदाचार्यों का सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नागदा



विश्व ब्राह्मण दिवस 1 जून, के अवसर पर नगर की सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना का प्रेरणादायी स्वरूप देखने को मिला। ब्राह्मण समाज युवा संस्कार परिवार के तत्वावधान में पालिया रोड स्थित गोपाल गौशाला में गौसेवा के साथ वैदिक संस्कृति संवर्धन एवं सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वैदिक शिक्षा पूर्ण कर कर्मकांड क्षेत्र में प्रवेश करने वाले ब्रह्म बटुकों एवं विद्वान आचार्यों का सम्मान कर भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण का संदेश दिया गया।

ब्राह्मण समाज के निलेश मेहता ने बताया कि विश्व ब्राह्मण दिवस प्रतिवर्ष 1 जून को आचार्य चाणक्य की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह दिवस ज्ञान, संस्कार, धर्म, राष्ट्रचिंतन एवं वैदिक परंपराओं के संवाहकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर है। आचार्य चाणक्य ने अपने ज्ञान, नीति और दूरदर्शिता से भारतीय इतिहास को नई दिशा प्रदान की थी, इसलिए यह दिवस ब्राह्मण समाज सहित संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत माना जाता है।

इस अवसर पर उज्जैन स्थित ज्ञान गंगा वेद विद्यापीठ से वैदिक शिक्षा एवं शास्त्रीय अध्ययन पूर्ण कर वैदिक कर्मकांड को अपनी आजीविका एवं सेवा का माध्यम बनाने वाले युवा ब्रह्म बटुक चिरंजीवी रवि गोस्वामी एवं संदीप गोस्वामी के नागदा आगमन पर उनका विशेष स्वागत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आज के आधुनिक युग में युवा पीढ़ी का गुरुकुल परंपरा से जुड़कर वेद, शास्त्र एवं सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार का संकल्प लेना समाज के लिए गौरव एवं प्रेरणा का विषय है।

कार्यक्रम में भागवताचार्य पंडित कमलेश शर्मा, पंडित सुंदरलाल उपाध्याय एवं पंडित गोस्वामी जी विद्वान आचार्यों का दुपट्टा भेंट कर अभिनंदन किया गया। उपस्थित जनों ने वैदिक परंपरा के संरक्षण और युवा पीढ़ी को संस्कारित बनाने में आचार्यों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

गौसेवा एवं सामाजिक कार्यों में विशेष योगदान के लिए गोपाल गौशाला समिति ट्रस्ट के सदस्य चेन सिंह रघुवंशी, वरिष्ठ पत्रकार कैलाश राठौर तथा समाजसेवी प्रकाश मालपानी का भी ब्राह्मण समाज युवा संस्कार परिवार द्वारा स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में गौसेवा के साथ वैदिक मंत्रोच्चार एवं सांस्कृतिक संवाद का वातावरण बना रहा। उपस्थित जनों ने सनातन संस्कृति, वेद ज्ञान एवं भारतीय संस्कारों के संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर संजय राठी, लोकुमल खत्री, महेंद्र अवस्थी, निलेश मेहता, रमेश पांचाल, मांगीलाल पांचाल, बादाम सिंह परिहार, विजय गुजराती, कालू सिंह गुर्जर सहित बड़ी संख्या में गौभक्त एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

महाविद्यालय में हर्ष का माहौल

# एनएसएस के देवेंद्र कुम्भकार बने शाजापुर जिला संगठक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के माध्यम से युवाओं में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने वाले कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र कुम्भकार को राष्ट्रीय सेवा योजना शाजापुर का जिला संगठक नियुक्त किया गया है। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से शिक्षा जगत, स्वयंसेवकों और सामाजिक संगठनों में खुशी का माहौल है। देवेंद्र कुम्भकार वर्तमान में जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, नशामुक्ति जागरूकता, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण, फिट इंडिया अभियान तथा युवा नेतृत्व विकास जैसे अनेक जनहितकारी कार्यक्रमों का सफ ल संचालन किया है।

राष्ट्रीय सेवा योजना में उनके उत्कृष्ट कार्य, संगठन क्षमता और नेतृत्व कौशल को देखते हुए उन्हें जिले की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति की जानकारी मिलते ही महाविद्यालय परिवार, वर्तमान एवं पूर्व स्वयंसेवकों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। शुभचिंतकों ने कहा कि यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, समर्पण और कुशल नेतृत्व का परिणाम है। उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना जिले में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी तथा युवाओं को समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन की नई प्रेरणा मिलेगी। नवनियुक्त जिला संगठक देवेंद्र कुम्भकार ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों, सहयोगियों और स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं के व्यक्तित्व विकास और समाज सेवा का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि जिला संगठक के रूप में उनका प्रयास रहेगा कि जिले की सभी एनएसएस इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर अधिक प्रभावी और परिणामोन्मुख गतिविधियों का संचालन किया जाए। उन्होंने बताया कि युवाओं की ऊर्जा को समाजहित के कार्यों से जोड़ते हुए स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति, स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास जैसे विषयों पर विशेष अभियान संचालित किए जाएंगे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर के शर्मा ने देवेंद्र कुम्भकार को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है।

नशे के विरुद्ध राजगढ़ पुलिस का अभियान जारी

## 450 लीटर अवैध शराब जप्त कर 2 हजार लीटर लहान नष्ट

■ 5 आरोपियों पर किया प्रकरण दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा।

राजगढ़ जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष अभियान संचालित किए जा रहा हैं। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला के नेतृत्व में थाना नरसिंहगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नई दिल्ली कंजर डेरा में व्यापक दबिश एवं सर्चिंग अभियान चलाया गया।

उक्त अभियान के दौरान पुलिस की अलग-अलग टीमों ने ग्राम नई दिल्ली कंजर डेरा में सघन सर्चिंग की। कार्रवाई के दौरान कुल 450 लीटर अवैध शराब जप्त की, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 61 हजार रु है। साथ ही अवैध कच्ची शराब निर्माण में प्रयुक्त लगभग 2 हजार लीटर महुए का लहान मौके पर नष्ट किया। जप्त शराब में लगभग 250 लीटर देशी एवं अंग्रेजी शराब तथा 200 लीटर कच्ची शराब शामिल है।

इस संबंध में थाना नरसिंहगढ़ में विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी महेश पिता गोरेलाल कंजर 50 वर्ष, निवासी नई दिल्ली कंजर डेरा, गोकुल पिता सीताराम कंजर निवासी नई दिल्ली कंजर डेरा, कपिल पिता बब्लू कंजर, निवासी नई दिल्ली कंजर डेरा, बब्लू पिता जगदीश कंजर, निवासी नई दिल्ली कंजर डेरा, अरुण पिता भारतसिंह कंजर निवासी नई दिल्ली कंजर डेरा छोटा बैरसिया नरसिंहगढ़ सभी आरोपी वर्तमान में फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।

## मोटर खराबी से प्रभावित नगर में जल आपूर्ति, बहाली का इंतजार

**सुसनेर।** किटखेड़ी बांध पर लगी मोटर जल जाने से नगरीय क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था प्रभावित हो गई है। मोटर खराब होने के कारण मंगलवार को भी नगर में जल प्रदाय नहीं हो सका, जिससे लोगों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा। लगातार दूसरे दिन नल नहीं आने से कई क्षेत्रों में पानी की समस्या गहराने लगी है। जानकारी के अनुसार मोटर में आई तकनीकी खराबी को दूर करने के लिए मरम्मत कार्य जारी है। विशेषज्ञ टीम को झांसी से बुलाया गया है, जिसके द्वारा मोटर को सुधारने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि मोटर की मरम्मत पूरी होने के बाद ही जल आपूर्ति पुनः शुरू हो सकेगी। नगर परिषद ने नागरिकों से पानी का उपयोग आवश्यकतानुसार करने और उपलब्ध जल का संरक्षण करने की अपील की है।

बीएसएनएल नेटवर्क ठप्प:

# डिजिटल युग में ब्लैकआउट से सारंगपुर के उपभोक्ता बेहाल, दफ्तरों से लेकर बाजारों तक काम ठप

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

डिजिटल इंडिया और 5जी के इस दौर में भी सारंगपुर और इसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भारत संचार निगम लिमिटेड की सेवाएं पूरी तरह दम तोड चुकी हैं। पिछले कई दिनों से क्षेत्र में बीएसएनएल का नेटवर्क और ब्रॉडबैंड सेवा पूरी तरह ठप्प रहती है। उपभोक्ता फोन लगाने से लेकर इंटरनेट चलाने तक के लिए तरस रहे हैं। सरकारी कंपनी की इस लचर व्यवस्था के कारण उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश है और वे खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

बीएसएनएल की सेवाएं बंद होने का सबसे सीधा और बडा असर स्थानीय सरकारी विभागों, बैंकों और डाकघरों पर पडा है। अधिकांश सरकारी कार्यालयों और बैंकों में बीएसएनएल के ब्रॉडबैंड कनेक्शन हैं। नेटवर्क गायब होने से लिंक फेल की स्थिति बनी हुई है। दूर-दराज के गांवों से जरूरी काम लेकर आने वाले ग्रामीणों को दिनभर इंतजार करने के बाद बिना काम कराए ही खाली हाथ लौटना पड रहा है।

### डिजिटल पेमेंट फेल

बाजारों में व्यापारियों और आम जनता को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड रहा है। ऑनलाइन लेन-देन पूरी तरह ठप्प होने से दुकानों पर ग्राहकों और दुकानदारों के बीच विवाद की स्थिति बन रही है। वरिष्ठ व्यापारी कन्हैयालाल दंडवानी ने कहा कि नेटवर्क न होने से न तो क्यूआर कोड स्कैन हो पा रहे हैं और न ही स्वाइप मशीनें काम कर रही हैं, जिससे स्थानीय व्यापार मंदा पड गया है।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय स्तर से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों तक कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन हर बार तकनीकी खराबी का बहाना बनाकर पल्ला झाड लिया जाता है। बीएसएनएल प्रबंधन की इस लापरवाही और कछुआ गति से नाराज होकर अब क्षेत्र के उपभोक्ता तेजी से निजी दूरसंचार कंपनियों की ओर रुख कर रहे हैं।

# पुरुषोत्तम मास में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

■ फाग उत्सव में झूमे श्रद्धालु

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



नेमा समाज शुजालपुर के तत्वावधान में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्रीराम जानकी धाम में सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन प्रारंभ हो गया है। कथा का आयोजन 1 जून से 7 जून तक किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। कथा का वाचन आचार्य श्रीराम मंदिर एवं नेमा समाज के विद्वान कथावाचक पंडित मनोज व्यास के मुखारविंद से किया जा रहा है।

आयोजन के प्रथम दिवस भक्तों ने भव्य कलश यात्रा निकालकर धार्मिक वातावरण का निर्माण किया। इसके पश्चात व्यासपीठ एवं गुरुदेव का पूजन-अर्चन कर कथा का शुभारंभ किया गया। कथा के दौरान आचार्य ने श्रीमद् भागवत महापुराण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके श्रवण से मिलने वाले आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी।

द्वितीय दिवस मंगलवार को शुकदेव चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया गया। वहीं अधिक मास के इस पावन अवसर पर ठाकुरजी के सान्निध्य में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक फाग उत्सव मनाया। भजन, कीर्तन और पुष्पवर्षा के बीच श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। कथा आयोजन में समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु नियमित रूप से उपस्थित होकर कथा श्रवण कर रहे हैं। प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक कथा का आयोजन किया जा रहा है। समाज अध्यक्ष अंशुल नेमा ने नगरवासियों एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने और धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।



## सात दिवसीय भगवान देवनारायण की कथा का समापन

**सारंगपुर।** भगवान के अवतार देव नारायण की सात दिवसीय कथा के अंतिम दिवस ग्राम दिग्वाड में कथा वाचक सूरज सिंह बन्नाा ने लोक गीत भजन के माध्यम से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस दौरान ढोलक प्लेयर पर पंकज नागर, पैड प्लेयर पर भगवान सिंह, आर्गन प्लेयर पर अनिल राव, तबला प्लेयर पर कान्हा भैया, दुर्गेश भैया सहित मटकी वादक धनसिंह ने संगत कर समा बांध दिया। कथा के अंतिम दिन देव नारायण भगवान के वैकुंठ गमन और सांसारिक लीलाओं का वर्णन किया धर्म की स्थापना करने के बाद, भगवान ने अपना देवलोक लौटने का निर्णय लिया। देवलोक जाने से पूर्व भगवान देवनारायण ने अपनी माता (साडू माता) के पास आकर उन्हें अपनी लीला पूर्ण होने की जानकारी दी। माता साडू भावुक हो गईं, तब भगवान ने उन्हें ढांढस बंधाया। विलक्षण प्रसंग सुनते हुए कहा कि देवनारायणजी की पत्नी पीपलदे ने एक कमरे में बीला (एक रहस्यमयी पात्र या गर्भ) को सहेज कर रखा था, जो धीरे-धीरे बड़ा हो रहा था। भगवान देवनारायण ने भैरुजी और जोगणियों को उस स्थान पर बुलाया। इसके बाद भगवान अपने नीले घोडे पर सवार होकर और अपने भक्तों को आशीर्वाद देकर अपने दिव्य धाम के लिए प्रस्थान हुआ। देवनारायण की फड में आज भी भक्त उनका स्मरण भगवान विष्णु का ही रूप मानकर पूजते हैं। समापन के अवसर महा प्रसादी का वितरण किया। इस दौरान बडी संख्या में ग्रामीण भक्त मात्र शक्ति उपस्थित थे।

## मन की बात के 134वें संस्करण पर कार्यक्रम नगर में सम्पन्न



**तनोडिया।** मंडल के सभी बूथों पर और नगर के बूथ क्रमांक 247 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134वें संस्करण पर श्रवण किया। इस अवसर पर पुर्व विधायक लालजीराम मालवीय, वरिष्ठ नेता बहादुरसिंह राठौर, छतरसिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष डॉ राहुल जैन, महेश कुमार मित्तल, दिनेश पाटीदार, महेश शर्मा, पंकज मित्तल, बलराम सिंह टुगंनी, अर्जुन पाटीदार, कालुसिंह राठौर, चंद्रशेखर खमोरा, किसान मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी गिरीश परमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में राष्ट्र निर्माण, किसान कल्याण, जनभागीदारी, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेरणादायी विचार साझा किए। उनके संदेश विकसित भारत के निर्माण हेतु प्रत्येक नागरिक को सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री के विचारों को आत्मसात करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## शिक्षिका राय को विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर दी बिदाई



**महिदपुर रोड।** नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ अंग्रेजी विषय की उच्च माध्यमिक शिक्षक शिक्षिका सुजाता राय का स्थानांतरण उनके गृह नगर इंदौर के सांदीपनि विद्यालय में होने से पर विद्यालय के प्राचार्य शिवनारायण बामनिया के नेतृत्व में आयो जित द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर उनका स्वागत कर उन्हें भाव भीनी बिदाई दी गई। इस दौरान प्राचार्य बामनिया वरिष्ठ शिक्षक अशोक पोरवाल कन्या हाई स्कूल के प्राचार्य अरविंद अनिल सेठिया सूरज पोरवाल तथा विद्यालय की शिक्षिकाओं ने सुजाता के कार्य व्यवहार की प्रशंसा की इस अवसर पर शिक्षिका राय को सहयोगियों की ओर से की स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया गया शिक्षिका राय का कक्षा दसवीं तथा 12वीं की बोर्ड स्तरीय परीक्षा में अंग्रेजी विषय का परफॉर्मेंस शानदार रहा।

## महिदपुर में पौन इंच बारिश, नगरवासियों को मिली गर्मी से राहत

**महिदपुर।** भीषण गर्मी और उमस से परेशान महिदपुर शहरवासियों को गत शाम हुई पौन इंच जोरदार बारिश ने बड़ी राहत दी। दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से पूरे शहर का मौसम सुहावना हो गया। बारिश के चलते सड़कों पर पानी बहता नजर आया, वहीं बच्चों और युवाओं ने भी बारिश का आनंद लिया। लंबे समय से पड़ रही गर्मी के कारण लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा था, लेकिन इस बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों ने राहत की सांस ली। किसानों के लिए भी यह बारिश फायदेमंद मानी जा रही है, जिससे खेतों में नमी बढ़ेगी और आगामी फसलों को लाभ मिलने की उम्मीद है। नगरवासियों का कहना है कि यह बारिश गर्मी से राहत लेकर आई है और मौसम को खुशनुमा बना दिया है। नगर के कई क्षेत्रों के अंदर नाली से निकले कचरे ने कई सड़कों को जाम कर दिया।

# यूपी का अनोखा 'मेंढ़क मंदिर'

# यहां नंदी नहीं मेंढक हैं भोलेनाथ की सवारी




सावन और महाशिवरात्रि के पावन मौके पर भगवान शिव के इस अनोखे मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिलती है। इसलिए आज हम आपको 'मेंढक मंदिर' के नाम से जाने वाले इस अद्भुत मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं।

वैसे तो दुनियाभर में भगवान शिव के कई प्राचीन, अद्भुत और विशाल मंदिर स्थापित हैं। इस शिव मंदिरों को लेकर अपनी-अपनी मान्यताएं प्रचलित हैं। ऐसे में आज हम आपको उत्तर प्रदेश के एक अनोखे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं, जोकि वास्तुकला की दृष्टि से बहुत अनोखा है। यह अपनी तरह का एक मात्र मंदिर है। वहीं सावन और महाशिवरात्रि के पावन मौके पर इस मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिलती है। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 'मेंढक मंदिर' के नाम से जाने वाले इस अद्भुत मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं।

## जानिए कहां है मंदिर

उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के ओयल कस्बे में नर्मदेश्वर महादेव मंदिर स्थित है। यह मंदिर लखीमपुर-सीतापुर मार्ग पर लखीमपुर से करीब 12 की दूरी पर स्थित है। एक विशाल मेंढक की आकृति वाले चबूतरने पर मंदिर विराजमान है। जिस वजह से इसको 'मेंढक मंदिर' कहा जाता है।



## मंदिर का निर्माण

साल 1860-1870 के बीच ओयल रियासत के राजा बख्श सिंह ने इस मंदिर का निर्माण करवाया था। इसके पीछे एक कथा प्रचलित है, जिसके मुताबिक चाहमाना वंश के राजा बख्श सिंह के राज में भयंकर सूखा अकाल पड़ गया था। राजा भोलेनाथ के भक्त थे और राजा ने एक तांत्रिक की सलाह पर 'मंडूक तंत्र' के आधार पर इस मंदिर का निर्माण मेंढक के आकार में कराया था। इस मंदिर के निर्माण का उद्देश्य बाढ़-सूखे से क्षेत्र की रक्षा करना था। ऐसे में ओयल कस्बे में स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर को सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है।

**मुख्य विशेषताएं-** नर्मदेश्वर महादेव मंदिर अपनी अनूठी वास्तुकला के लिए जाना जाता है, जोकि राजस्थानी वास्तुकला पर आधारित है। मंदिर एक विशाल मेंढक की आकृति के ऊपर बना है। जिसके ऊपर भोलेनाथ का मंदिर है।



# ऊखीमठ

# भगवान केदार का शीतकालीन घर...

**केदारनाथ मंदिर 12 ज्योतिर्लिंग और उत्तराखंड के चार धामों में से एक है। शीलकाल में बाबा भक्तों को दर्शन नहीं देते हैं। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि इन 6 महीनों में बाबा केदार की पूजा कहां होती है और उनका दूसरा निवास कहां है।**

केदारनाथ मंदिर 12 ज्योतिर्लिंग और उत्तराखंड के चार धामों में से एक है। सर्दियों में बाबा 6 महीनों तक भक्तों को दर्शन नहीं देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन 6 महीनों में बाबा केदार की पूजा कहां होती है और उनका दूसरा घर कहां है। केदारनाथ मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों में से हैं और उत्तराखंड के चार धामों में से एक है। शीलकाल में बाबा भक्तों को दर्शन नहीं देते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इन 6 महीनों में बाबा केदार की पूजा कहां होती है और उनका दूसरा निवास कहां है।

शीतकाल में बर्फबारी की वजह से बाबा केदार के द्वार बंद कर दिए जाते हैं। क्योंकि यहां पर इतनी ज्यादा बर्फ पड़ती है कि मंदिर तक पहुंच पाना और आध्यात्मिक गतिविधियों को कर पाना मुश्किल होता है। पहाड़ पर बसे होने की वजह से सर्दियों में ऑक्सीजन की भी कमी हो जाती है। इसलिए बाबा केदार को दूसरा स्थान दिया जाता है, जिसका नाम ऊखीमठ है। ऊखीमठ को भगवान केदार का शीतकालीन घर कहा जाता है।

## बाबा केदार का शीतकालीन मंदिर

ऊखीमठ में मौजूद ओंकारेश्वर मंदिर को दूसरा केदारनाथ कहा जाता है। सर्दियों में भी दूर-दूर से भक्त बाबा के दर्शन के लिए आते हैं। आने वाले समय में बाबा ऊखीमठ से ही श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। इस मंदिर की बनावट भी केदारनाथ मंदिर से काफी मिलता है। प्रमुख मंदिर की बनावट केदारनाथ मंदिर जैसी है। लेकिन मंदिर का प्रांगण बड़ा है, मंदिर प्रांगण में सुंदर नक्काशी मंदिर की दीवारें सजी हैं। वहीं 6 महीने के बाद शुभ मुहूर्त में फिर से बाबा को केदारनाथ के लिए रवाना कर दिया जाता है।

## देवताओं के बदलते हैं स्थान

सर्दी के मौसम में सिर्फ बाबा केदार ही नहीं बल्कि गंगोत्री, यमुनोत्री और बद्रीनाथ भगवान भी अपना स्थान बदलते हैं। गंगोत्री धाम को मुखवा, यमुनोत्री को खरसाली और बाबा ब्रदीनाथ को पांडुकेश्वर और ज्योर्तिमठ में स्थापित किया जाता है। बर्फबारी के दौरान चारों धाम को उनके दूसरे घर पर विराजमान किया जाता है।

**चमत्कारी दीया-** बता दें कि केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद होने के बाद मंदिर में 6 महीने तक पूजा-पाठ नहीं होती है। लेकिन फिर भी इस मंदिर के अंदर लगातार 6 महीने तक एक चमत्कारी दीपक जलता रहता है। मंदिर में उस दीपक के लिए कोई व्यवस्था नहीं होती है, लेकिन इसके बाद भी वह दीपक लगातार जलता रहता है। अपने आप दीपक जलने के पीछे का रहस्य आज तक बना हुआ है।




**सूर्यवंशी इफेक्ट- इंडिया-ए की ट्राई सीरीज लाइव टेलीकास्ट होगी**

# फाइनल समेत 7 वनडे मैच खेले जाएंगे, मेजबान श्रीलंका और अफगानिस्तान सीरीज का हिस्सा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत-ए, श्रीलंका-ए और अफगानिस्तान-ए के बीच होने वाली त्रिकोणीय वनडे सीरीज के मैच लाइव देखे जा सकेंगे। यह सीरीज श्रीलंका में खेली जाएगी। भारत-ए की टीम में वैभव सूर्यवंशी भी शामिल हैं। पिछले अंडर-19 वर्ल्ड कप और कद्धछ के दौरान वैभव की फैन फॉलोइंग काफी बढ़ी है। इसी को भुनाने के लिए इस ट्राई सीरीज को छक्ष्ए टेलिकास्ट किया जाएगा। टूनार्मेंट में फाइनल सहित 7 मैच खेले जाएंगे। सोनी स्पोर्ट्स टीवी चैनल और सोनी लिव ऐप पर इसे लाइव दिखाया जाएगा।

सोनी नेटवर्क हाल ही में क्रिकेट एक्शन से दूर रहा था, क्योंकि वर्ल्ड कप और आईपीएल जियो हॉटस्टार पर थे। सोनी ने



सोशल मीडिया पर पोस्ट डालते हुए कहा, सूर्यवंशी एक्सप्रेस हाई-ऑक्टेन ट्राई-सीरीज में मंच रोशन करने आ रही है। सोनी के पास अगस्त के दूसरे हफ्ते में भारत-श्रीलंका बाइलेटरल सीरीज के अधिकार भी हैं। वहीं लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) जियो हॉटस्टार पर होगी।

## सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाए

इस सीजन आईपीएल में वैभव सूर्यवंशी ने सबसे ज्यादा 776 रन बनाए। इसके लिए उन्हें ऑरेंज कैप दिया गया। इसके अलावा उन्होंने मॉस्ट वैल्यूएबल प्लेयर, इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर, सुपर स्ट्राइकर, सिक्सर का खिताब भी जीता।भारतीय टीम दौरे पर दो टेस्ट मैच भी खेलेगी 25 जून से भारत ए की टीम श्रीलंका से 2 टेस्ट मैच की सीरीज भी खेलेगी। इसके साथ ही 3 टी20 इंटरनेशनल मैच भी जोड़ने पर बात चल रही है। सूत्रों के मुताबिक टी20 सीरीज को मंजूरी मिलने की अच्छी संभावना है। टेस्ट सीरीज के लिए भारत-ए की टीम घोषित नहीं हुई है।

# टीम इंडिया न्यूजीलैंड का सबसे बड़ा घरेलू दौरा करेगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम इस साल अक्टूबर से दिसंबर के बीच न्यूजीलैंड का दौरा करेगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (ठेउ) ने होम समर सीजन 2026/27 के तहत इस मल्टी-फॉर्मेट सीरीज का शेड्यूल जारी कर दिया है। दौरे पर भारत और न्यूजीलैंड के बीच 5 टी-20, 5 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेले जाएंगे।

न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुताबिक, मैचों की संख्या के लिहाज से यह न्यूजीलैंड के इतिहास का सबसे बड़ा घरेलू दौरा होगा। दौरे की शुरूआत 22 अक्टूबर से व्हाइट-बॉल सीरीज के साथ होगी। इसके बाद वेलिंगटन और क्राइस्टचर्च में दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे।

इस दौरे की 5 मैचों की वनडे सीरीज न्यूजीलैंड के फैंस के लिए खास रहेगी। फैंस को रोहित शर्मा और विराट कोहली को वनडे में लाइव खेलते देखने का मौका मिल सकता है। दोनों खिलाड़ी टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन वनडे फॉर्मेट में खेल रहे हैं। अगले साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप को देखते हुए यह सीरीज दोनों टीमों के लिए तैयारियां पुख्ता करने का अहम मौका होगी।

भारतीय टीम 2019/20 के बाद पहली बार टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगी। इस बीच न्यूजीलैंड की टीम दो बार भारत आ चुकी है। इसमें 2024/25 का दौरा भी शामिल है, जहां न्यूजीलैंड ने भारत को उसकी सरजमीं पर टेस्ट सीरीज में 3-0 से हराकर क्लीन स्वीप किया था।

भारतीय टीम के पास न्यूजीलैंड को उसके घर में हराकर उस हार का बदला लेने का मौका होगा। दोनों टेस्ट मैच वेलिंगटन के सेलो बेसिन रिजर्व और क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में खेले जाएंगे।

### नॉर्वे चेस में प्रज्ञानानंदा ने वर्ल्ड नं-1 कार्लसन को हराया

**नई दिल्ली।** भारत के 20 साल के ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा रमेशबाबू ने नॉर्वे चेस के आठवें राउंड में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया। प्रज्ञानानंदा की यह टूनार्मेंट में 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन कार्लसन के खिलाफ दूसरी जीत है। इससे पहले 28 मई को प्रज्ञानानंदा ने कार्लसन को सफेद मोहरों से मात दी थी।

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें। पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की। कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है। प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाँय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### बुजुर्ग की मदद करने आए युवक ने डेबिट कार्ड बदलकर नकली थमा दिया

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। बदमाशों ने एक बुजुर्ग को पैसे निकालने में मदद करने का झांसा देकर उनका एटीएम कार्ड बदल लिया और बाद में खाते से 20 हजार से अधिक रुपए निकाल लिए। पुलिस ने जांच कर मंगलवार को एफआईआर की है। पुलिस के अनुसार 74 साल के महेश वर्मा निवासी परदेशीपुरा 17 मई की शाम परदेशीपुरा चौराहे पर राखोड़ी धर्मशाला के नीचे एसबीआई एटीएम पर पैसे निकालने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि मशीन में कार्ड फंस रहा था जिससे उन्हें दिक्कत आ रही थी। बाहर की तरफ दो अज्ञात युवक खड़े थे, जो कुछ देर बाद उनके पास आए और मदद करने की बात कही। उन्होंने एटीएम लगाने का तरीका बताया, इसी दौरान कार्ड बदल लिया। बातचीत के दौरान उन्होंने पिन नंबर भी देख लिया। कुछ देर बाद उन्होंने रुपए नहीं निकलने की बात कही और दोनों युवक वहां से चले गए तो महेश वर्मा ने कार्ड देखा और उन्हें संदेह हुआ कि यह उनका एटीएम कार्ड नहीं है। इसके बाद वे घर पहुंचे और अपने बेटे अभिदित्य वर्मा को पूरी घटना की जानकारी दी। इसी बीच शाम करीब 6:30 बजे से 7 बजे के बीच उनके मोबाइल पर खाते से रकम निकाले जाने के एसएमएस आने लगे। जानकारी के अनुसार बदमाशों ने आईटीआई कनकेश्वरी क्षेत्र से 10-10 हजार रुपए के दो ट्रांजेक्शन किए, जबकि एक अन्य 100 रुपए का ट्रांजेक्शन बापट चौराहा क्षेत्र में किया गया। बेटे ने तत्काल बैंक से संपर्क कर एटीएम कार्ड ब्लॉक करवाया, लेकिन तब तक आरोपी खाते से कुल 20,100 रुपए निकाल चुके थे। इस मामले मे पीड़ित बुजुर्ग ने लिखित शिकायत की थी।

### निवेश के नाम पर 21 लाख रुपये की ठगी करने वाले दो आरोपियों पर केस दर्ज

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र में अधिक मुनाफा दिलाने का झांसा देकर निवेश के नाम पर लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। युवती की सहेली के परिचित दो लोगों ने शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा फायदा दिलाने का लालच दिया और अलग-अलग बैंक खातों में रकम जमा करवा ली। आरोप है कि बाद में न तो मूल राशि लौटाई गई और न ही किसी प्रकार का मुनाफा दिया गया। पैसे मांगने पर आरोपियों ने झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खजराना पुलिस के मुताबिक भोपाल के अशोका गार्डन निवासी हेमा शर्मा की शिकायत पर सत्येंद्र द्विवेदी और संजय जायसवाल के खिलाफ गबन और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। हेमा ने बताया कि उसकी सहेली शिवानी इंदौर में रहती है। शिवानी ने ही दोनों आरोपियों से उसकी मुलाकात कराई थी। उसने बताया था कि सत्येंद्र और संजय शेयर मार्केट का कारोबार करते हैं और लोगों को अच्छा मुनाफा दिलाते हैं। इसके बाद अगस्त 2023 में खजराना स्थित टास्कस बिजनेस पार्क, रेडिसन चौराहे के पास हेमा की दोनों आरोपियों से मुलाकात हुई। शुरूआत में उसने 60 हजार रुपए निवेश किए। कुछ महीनों तक आरोपियों ने उसे कमीशन भी दिया, जिससे उसका भरोसा बढ़ गया। पीड़िता के मुताबिक शिवानी ने बताया कि उसने भी लोन लेकर अधिक पैसा निवेश किया है और उसे अच्छा फायदा मिल रहा है। इसके बाद हेमा ने बैंक से लोन लेकर रकम निवेश करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं, उसने अपनी बहन की सैलरी से भी हर महीने पैसे आरोपियों को देना शुरू कर दिए। साल 2024 में आरोपियों ने किसी तरह का मुनाफा देना बंद कर दिया। जब हेमा ने हिसाब लगाया तो पता चला कि वह करीब 21 लाख 30 हजार रुपए निवेश कर चुकी है।

### होटल में काम करने वाली महिला कर्मचारी से दुष्कर्म और धमकाने का आरोप

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में होटल में काम करने वाली एक महिला कर्मचारी ने सहकर्मी पर दुष्कर्म और धमकाने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 28 वर्षीय पीड़िता निपानिया स्थित एक होटल में काम करती थी। उसी होटल में रविंद्र उर्फ रवि पुत्र छोटेलाल जाटव भी कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि आरोपी अक्सर उससे कहता था कि वह किचन के काम में उसकी मदद कर देगा और बदले में उसे होटल के कमरों की सफाई में सहयोग करना होगा। आरोप है कि 8 अप्रैल 2026 को पीड़िता होटल की दूसरी मंजिल पर एक कमरा साफ करने गई थी। इसी दौरान रविंद्र वहां पहुंचा और कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। पीड़िता ने बाहर जाने देने की बात कही, लेकिन आरोपी ने उसकी बात नहीं मानी और जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता का आरोप है कि घटना के दौरान आरोपी ने उसके फोटो भी ले लिए। बाद में वह उन तस्वीरों को उसके पति को भेजने की धमकी देने लगा। आरोपी ने यह भी कहा कि अगर उसने किसी को घटना के बारे में बताया या विरोध किया तो वह उसके पति को जान से मार देगा। ब्लैकमेलिंग और धमकियों से परेशान होकर पीड़िता ने पूरी घटना अपने पति को बताई। इसके बाद मंगलवार रात वह थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महापौर ने एमआर-4 और एमआर-12 रोड निर्माण काम की जमीनी स्थिति देखी

**इंदौर।** सिंहस्थ 2028 को देखते हुए इंदौर शहर की ट्रैफिक और आधारभूत अधोसंरचना को मजबूती दी जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव और जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर ने निर्माणाधीन एमआर-4 और एमआर-12 रोड के विभिन्न कामों की जमीनी स्थिति देखी। महापौर ने अहिल्या आश्रम स्कूल से भागीरथपुरा होते हुए आईएसबीटी एमआर-10 तक निर्माणाधीन संपूर्ण एमआर-4 रोड परियोजना का जायजा लिया। इस रोड के बनने से शहर के विभिन्न इलाकों के बीच आवागमन और ज्यादा सुगम व व्यवस्थित होगा, साथ ही आगामी सिंहस्थ के दौरान बढ़ने वाले ट्रैफिक दबाव को नियंत्रित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। महापौर ने निर्माण कामों की अभी की स्थिति, क्वालिटी और समय-सीमा के संबंध में अधिकारियों से जरूरी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि रोड निर्माण कामों को उच्च क्वालिटी के साथ तय समय में पूरा किया जाए, ताकि लोगों को बेहतर ट्रैफिक सुविधाएं मिल सकें। इसके बाद उन्होंने एमआर-10 से एमआर-12 तक निर्माणाधीन रोड को देखा। रोड बनाने की टेक्निकल प्रोग्रेस, आवश्यक अधोसंरचनात्मक कामों और ट्रैफिक मैनेजमेंट संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्माण कामों में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए और सभी काम निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं।

---

इंदौर नगर निगम के चर्चित फर्जी बिल घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने की बड़ी कार्रवाई

# 92 करोड़ के फर्जी बिल घोटाले में पूर्व इंजीनियर समेत 3 आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर नगर निगम के चर्चित फर्जी बिल घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मास्टरमाइंड और निगम के पूर्व सहायक यंत्री अभय सिंह राठौर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अन्य आरोपियों में मोहम्मद जाकिर और राहुल वडेरा शामिल हैं। तीनों को मंगलवार को स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन की ईडी रिमांड पर सौंप दिया गया।

ईडी की जांच में अब तक करीब 92 करोड़ रुपए की वित्तीय अनियमितताओं के दस्तावेजी प्रमाण सामने आए हैं। जांच एजेंसी का दावा है कि सरकारी धन की हेराफेरी कर अर्जित राशि से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में संपत्तियां खरीदी गईं। इसी के तहत 43 संपत्तियों को अटैच किया गया है।

### फर्जी बिलों के जरिए निकाली गई करोड़ों की राशि

- जांच में सामने आया है कि ड्रेनेज, सीवरेज और अन्य निर्माण कार्यों के नाम पर बड़े पैमाने पर फर्जी बिल तैयार किए गए। आरोप है कि नगर निगम के कुछ अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेकेदारों ने मिलीभगत कर ऐसे कामों के भुगतान मंजूर कराए, जो या तो धरातल पर अस्तित्व में ही नहीं थे या फिर वास्तविक कार्य की तुलना में कई गुना अधिक दर्शाए गए।
- ईडी के अनुसार कई प्रोजेक्ट में करोड़ों रुपए का भुगतान किया गया, लेकिन मौके पर जांच के दौरान संबंधित कार्यों का कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं मिला। एजेंसी अब इस पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

### जांच के प्रमुख बिंदु

- करीब 92 करोड़ रुपए के कथित घोटाले के साक्ष्य मिले।
- पूर्व सहायक यंत्री अभय सिंह राठौर समेत तीन आरोपी गिरफ्तार।
- स्पेशल कोर्ट ने तीन दिन की ईडी रिमांड मंजूर की।
- मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की 43 संपत्तियां अटैच।
- फर्जी निर्माण कार्यों और जाली बिलों के माध्यम से राशि निकाले जाने का आरोप।
- अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेकेदारों की भूमिका जांच के दायरे में।

### घोटाले की परतें खुलने की उम्मीद

- ईडी की कार्रवाई के बाद नगर निगम का यह चर्चित घोटाला फिर चर्चाओं में है। जांच एजेंसी को उम्मीद है कि रिमांड के दौरान पूछताछ से रुपयों के लेन-देन, संपत्तियों की खरीद और नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ सकती है।

---

इंदौर में प्राइवेट क्लिनिक में 5 ड्रिप के बाद हुई मौत

# 4 दिन बाद बच्ची का शव कब्र से निकाला

### परिजन बोले- ड्रिप लगाई फिर हालत बिगड़ने लगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



जिस घर में कुछ दिन पहले तक दो साल की काशवी की किलकारियां गूंजती थीं, वहां अब सन्नाटा है। बच्ची की संदिग्ध हालात में हुई मौत ने पूरे परिवार को झकझोर दिया है।

परिजन का आरोप है कि निजी क्लिनिक में गलत इलाज के कारण उनकी बेटी की जान गई। मामले की सच्चाई जानने के लिए मौत के 4 दिन बाद प्रशासन की अनुमति से मंगलवार को बच्ची का शव श्मशान घाट से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया था।

बालदा कॉलोनी निवासी नितिन यादव की बेटी काशवी को 27 मई को मामूली उल्टी-दस्त की शिकायत हुई थी। परिजन उसे भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित द हेल्थ केयर क्लिनिक ले गए। 28 मई को काशवी की मौत हो गई थी।

आरोप है कि क्लिनिक पर डॉ. अनिल घई ने बच्ची को देखा और ड्रिप लगवाई थी। पहले चार ड्रिप लगाई गई। इसके बाद उसे एक उल्टी हुई। परिजन के अनुसार डॉ. घई ने कहा कि अभी एक डोज और दिया जाना है। इसके बाद फिर ड्रिप लगाई गई। कुछ समय बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी और हार्ट बीट तेज हो गई।

परिजन ने बात की तो डॉक्टर ने भरोसा दिलाया कि वह ठीक हो जाएगी। हालत बिगड़ने पर डॉक्टर ने कहा कि ड्रिप पूरी हो चुकी है, उसे घर ले जाओ, ठीक हो जाएगी। इसके बाद परिजन उसे रात में घर ले आए।

रात में उसके हाथ-पैर और होंठ नीले पड़ गए। सुबह परिजन उसे एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए। वहां से डॉक्टरों ने उसकी हालत देखकर चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय भेज दिया। वहां उसकी गंभीर हालत देखकर उसे वेंटिलेटर पर रखा गया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। घटना के बाद मां निशा बदहवास हो गई। बच्ची को दफनाने के दौरान पिता नितिन यादव ने कहा, मेरी बेटी अब वापस नहीं आ सकती, लेकिन मैं चाहता हूं कि किसी और परिवार को यह दर्द न झेलना पड़े। यदि किसी की लापरवाही से मेरी बच्ची की जान गई है, तो सच सामने आना चाहिए। दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। इलाज से जुड़े दस्तावेज, सीसीटीवी फुटेज और दूसरे सबूतों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, ताकि पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने आ सके। मामले में परिजन को शुरू से ही डॉ. घई के इलाज पर शक है। उन्होंने भंवरकुआं पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने कहा कि पोस्टमॉर्टम के बिना मौत का कारण स्पष्ट नहीं होगा।

### बेटी को खोने का दर्द परिवार को भीतर तक तोड़ गया

मासूम की मौत के बाद मां निशा की हालत बेहद खराब है। परिवार के सदस्य बताते हैं कि बेटी को खोने का दर्द पूरे परिवार को भीतर तक तोड़ गया है। एक माह पहले ही परिवार ने उसका जन्मदिन मनाया था। काशवी की तस्वीरें और उसकी छोटी-छोटी यादें अब घरवालों की आंखें नम कर देती हैं।

---

दिनेश मकवाना आत्महत्या केस

# हाईकोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई एफआईआर

### सीबीआई ने परिवार से पूछताछ की, दस्तावेज खंगाले

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर के कनाड़िया क्षेत्र के शराब ठेकेदार दिनेश मकवाना आत्महत्या मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने जांच शुरू कर दी है। मंगलवार को भोपाल से पहुंची सीबीआई की टीम ने दिनेश मकवाना के घर पहुंचकर परिवार के सदस्यों से पूछताछ की और मामले से जुड़े दस्तावेजों का निरीक्षण किया।

दिनेश मकवाना ने नवंबर 2025 में जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से पहले उन्होंने आबकारी विभाग की तत्कालीन उपायुक्त मंदाकिनी दीक्षित पर 22 लाख रुपये रिश्वत लेने और हर महीने 3 लाख रुपये की मांग करने के आरोप लगाए थे। दिनेश के पास पांच शराब दुकानें संचालित थीं।

परिजनों के अनुसार, सीबीआई के करीब 6 अधिकारी मंगलवार को मकवाना के घर पहुंचे। टीम ने लगभग तीन घंटे तक परिवार के अलग-अलग सदस्यों से पूछताछ की। अधिकारियों ने दिनेश के कमरे का निरीक्षण किया और उनके जीजा से भी जानकारी ली।

**मां की तबीयत खराब, नहीं हो सके बयान-** सीबीआई अधिकारियों ने दिनेश की मां संतोष बाई मकवाना के बयान दर्ज करने की तैयारी की थी, लेकिन तबीयत खराब होने के कारण उनके बयान नहीं लिए जा सके। अधिकारियों ने बाद में फिर आने की बात कही।

---

### युवक ने घर पर पत्थर फेंके, दो बाइक में की तोड़फोड़

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक युवक ने जमकर हंगामा कर दिया। युवक ने पड़ोस में रहने वाली महिला के घर पर पत्थर फेंके और बाहर खड़ी बाइकों में भी तोड़फोड़ कर डाली। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। डर के चलते महिलाएं घर से बाहर नहीं निकलीं और डायल-112 पर पुलिस से मदद मांगी। पुलिस के पहुंचने के बाद पीड़ित महिलाओं ने थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सामान्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### संभाग का 40 प्रतिशत गेहूं इंदौर के किसानों ने बेचा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

रबी विपणन वर्ष 2026 में इंदौर संभाग में बंपर गेहूं का उत्पादन हुआ और इसका सीधी असर समर्थन मूल्य खरीदी पर दिखाई दिया। बीते वर्ष की तुलना में इस बार संभाग में 44 प्रतिशत अधिक गेहूं खरीदा गया। वर्ष 2025 में संभाग के आठ जिलों में 4.73 लाख टन गेहूं खरीदा गया था, जो इस वर्ष बढ़कर 8.65 लाख टन से अधिक हो गया। यानी एक साल में 3.92 लाख टन अधिक गेहूं केंद्रों तक पहुंचा। पूरे संभाग का 40 प्रतिशत गेंहू अकेले इंदौर के किसानों ने बेचा है। 3.49 लाख टन गेहूं के साथ इंदौर पूरे संभाग में अव्वल रहा।

**Name Change Notice**

It is Hereby informed to the general public that my former Name was **Mantsha**
I have change my Name from **Mantsha** to **Mantasha**
I shall be known and Addressed by the Name **Mantasha Mantasha**
173, Panchkunwa Shankarpur, Ujjain

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्नें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

श्री मद भागवत महापुराण पितृकथा
पितृ शांति एवं पुण्य लाभ का अवसर
अधिक मास के पावन अवसर पर, अपने पितरों की आत्मिक शांति और मोक्ष की कामना हेतु हम श्री मद भागवत महापुराण पितृ कथा का आयोजन करने जा रहे हैं।
पतित पावनी नगरी उज्जैन की पवित्र धरा पर, भागवत आचार्य डॉ. पं. नलिन शर्मा जी के मुखारविंद से अमृतमयी कथा का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त करें।
तिथि: 1 जून से 7 जून 2026
अपने पितरों की मोक्ष प्राप्ति हेतु इस पितृ भागवत में यजमान बनने का सौभाग्य प्राप्त करें।
कथा स्थल : श्री राम मंदिर गढ़कालिका चौराहा उज्जैन
भगवताचार्य डॉ. पं. नलिन शर्मा (मोबा.9179271166)

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com